जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 16 जुलाई, 2023

# अब भी नहीं, तो कभी नहीं

## 5 महीने में 25 लाख और पजेशन तक 50 लाख तक का रिटर्न

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA
## सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL



1.5 गुना रिटर्न

POSSESSION DEC. 2025

| यूनिट टाइप कीमत (लाख में) | आज की रेट | अगस्त की रेट +5% | सितम्बर की रेट +10% | अक्टूबर की रेट +15% | नवम्बर की रेट +20% | दिसम्बर की रेट +25% | पजेशन की रेट +50% | पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800 120 2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

विचार बिन्दु

जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद

# व्याधिक्षमत्व बढ़ाने के लिये वनानुभव

प्राचीन भारत के महर्षि-वैज्ञानिक पुनर्वसु आत्रेय को चिकित्सा व स्वास्थ्य-रक्षण के एक ऐसे सिद्धांत का जनक माना जाता है जिसे आज वनानुभव और प्रकृति-अनुभव (फ़ॉरेस्ट - एक्सपीरियंस, नेचर-एक्सपीरियंस) आदि नामों से जाना जाता है। स्वास्थ्य-रक्षण और रोगोपचार में प्राकृतिक स्थलों की भूमिका का आयुर्वेद में कम से कम 1000 साल ईसा पूर्व से वर्णन प्राप्त होता है। हाल ही में हुई शोध अब यह निर्विवाद सिद्ध करती है कि प्रकृति का सानिध्य हमारे संज्ञानात्मक, भावनात्मक, सामाजिक, शारीरिक, मानसिक और बायो फिज़ियोलॉजिकल स्वास्थ्य में सुधार करता है। परन्तु सबसे बड़ी बात यह है कि वर्ष 2022 तक की शोध अब यह निर्विवाद सिद्ध कर चुकी है कि वनानुभव से ह्यूमन नेचुरल किलर सेल्स की क्रियात्मकता बढ़ने और इन्फ्लेमेशन कम होने सहित अनेक रास्तों के माध्यम से इम्म्यूनिटी बढ़ती है।

लगभग 5000 वर्ष पूर्व की बात है। आत्रेय के शिष्य अग्निवेश ने अपने गुरु से एक प्रश्न किया: भगवन! देखने में आता है कि हितकारी आहार का उपयोग करते हुये भी कुछ लोग रोगी हो जाते हैं, जबकि अहितकारी आहार लेते हुये भी कुछ लोग निरोगी देखे जाते हैं। ऐसी स्थिति में क्या अच्छा है और क्या बुरा इसकी पहचान कैसे की जाये? इस प्रश्न का जो उत्तर आत्रेय ने दिया, वह आज भी यथावत विज्ञान-संगत है।

आत्रेय का उत्तर था: अग्निवेश! हितकारी आहार करने वाले लोगों में आहार के कारण होने वाले रोग उत्पन्न नहीं होते और हितकारी आहार लेने मात्र से समस्त रोगों का भय दूर नहीं हो जाता। हानिकारक भोजन के अलावा भी रोगों के तमाम कारण, जैसे ऋतुओं का विपरीत होना, प्रज्ञापराध या जानबूझकर गलती करना, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध का अतियोग, मिथ्या योग एवं विषम योग आदि ऐसे कारण हैं जो उचित भोजन लेने के बावजूद भी मनुष्य को बीमार कर देते हैं। इसीलिये हितकारी आहार लेने वाले रोगी हो जाते देखे जाते हैं। हानिकारक आहार का उपयोग करने वालों में पथ्य, आहार, व शरीर की स्थिति में भिन्नता होने से हानिकारक आहार तुरन्त हानि नहीं पहुंचा पाते। सभी अपथ्य बराबर दोष वाले नहीं होते, न ही सभी दोष बराबर बलवान होते, और न सभी शरीर व्याधिक्षमत्व या रोग प्रतिरोधक क्षमता से संपन्न होते (न च सर्वाणि शरीराणि व्याधिक्षमत्वे समर्थानि भवन्ति। च.सू.28.7)। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि एक ही अपथ्य आहार जगह, समय, संयोग, वीर्य, व मात्रा की भिन्नता के कारण या ज्यादा खा लेने से और अधिक अपथ्य हो जाता है। वही दोष विविध कारणों से, विरुद्ध चिकित्सा वाला, धातुओं में पहुंचा हुआ, शरीर के प्राणायतनों में उत्पन्न, मर्म पर चोट करने वाला, अत्यंत कष्टदायी अतिशय जल्दी रोगों को उत्पन्न करने वाला होता है। अंत में आत्रेय यह भी बताते हैं कि मूल रूप से शरीर की बनावट भी नैसर्गिक व्याधिक्षमत्व पर प्रभाव डालती है। बहुत मोटे या बहुत दुबले लोग, रक्त, मांस, व अस्थियों के सुसंगठित न होने के कारण बेडौल शरीर वाले लोग, दुर्बल, अल्पसत्त्व या कमजोर मनोबल वाले लोगों में रोगों को सहने की क्षमता नहीं होती। जबकि इनके उलट लक्षणों वाले लोगों में रोगों को सहने की क्षमता होती है। इन अपथ्य आहारों, दोषों व शरीर की भिन्नता के कारण बीमारियाँ भी कम या ज्यादा, जल्दी या देर से उत्पन्न होती हैं।

जिस व्यक्ति का सहज (इनेट) या युक्तिकृत (डेराइव्ड) व्याधिक्षमत्व मज़बूत है वह मुश्किल से ही बीमार पड़ता है। यदि बीमार पड़ भी जाये तो बीमारी अपना बल मुश्किल से ही दिखा पाती है। व्याधिक्षमत्व में दो शब्द निहित हैं, व्याधि एवं क्षमत्व।व्याधि का तात्पर्य शरीर की धातुओं (रस, रक्त, मांस, मेदा, अस्थि, मज्जा, शुक्र) में विषमता उत्पन्न होना है। क्षमत्व से तात्पर्य इस विषमता को न होने देने की क्षमता है। मानसिक बीमारियों के सन्दर्भ में सत्त्व गुण जितना अधिक होगा, व्याधिक्षमत्व उतना ही बेहतर होगा। शरीर में सहज व्याधिक्षमत्व के सन्दर्भ में यह बात महत्वपूर्ण है कि शरीर में दुरुस्त मांसपेशियों, संरचना, स्वरुप व मज़बूत इन्द्रियों वाला व्यक्ति रोगों के बल से कभी प्रभावित नहीं होता। भूख, प्यास, ठंडी, गर्मी, व्यायाम को ठीक से सहन करने वाला, सम अग्नि वाला, बुढ़ापे की उम्र में ही बूढ़ा होने वाला, मांसपेशियों के सही चय वाला व्यक्ति ही स्वस्थ है (च.सू.21.18): सममांसप्रमाणस्तु समसंहननो नरः। दृढेन्द्रियो विकाराणां न बलेनाभिभूयते।। क्षुत्पिपासातपसहः शीतव्यायामसंसहः। समपक्ता समजरः सममांसचयो मतः।।

आधुनिक वैज्ञानिक संदर्भ में व्याधिक्षमत्व को इम्यूनिटी कहा जाता है। यह प्रतिरक्षा तंत्र संक्रमण, बीमारी या अन्य अवांछित तत्वों के आक्रमण से बचने के लिये शरीर को सुरक्षा प्रदान करता है। व्याधिक्षमत्व में कमी होने से शरीर इम्यूनो-कॉम्प्रोमाइज्ड स्थिति में आ जाता है। ऐसी स्थिति में शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कम होने से रोगजनन आसानी से होता है। इम्यूनिटी किसी व्यक्ति के शरीर में विशिष्ट एन्टीबॉडी या श्वेतरक्त कोशिकाओं की क्रिया से किसी विशेष संक्रमण, विषाक्त पदार्थ या हानिकारी जीवन-शैली से होने वाले रोगों का प्रतिरोध करने की क्षमता के रूप में समझा जाता है।

**एक साथ वनवास काटने की बात नहीं है बल्कि प्रतिदिन थोड़ा वनानुभव अवश्य लीजिये। प्रति सप्ताह कम से कम 168 मिनट वनों, उपवनों और हरियाली में बिताइये। इससे इम्म्यूनिटी बढ़ने के साथ प्रसन्नता, आत्म-सम्मान, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में धनात्मक सुधार होगा। यहशास्त्र-सिद्ध, शोध-सिद्ध और स्वानुभूत है।**

आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार इम्यूनिटी मूलतः दो प्रकार से समझी जा सकती है: इनेट (जन्मजात) और एडाप्टिव (अनुकूलनीय)। इनेट-इम्यूनिटी प्रतिरक्षा की पहली पंक्ति है जो पैथोजेन को मारने वाली कोशिकाओं जैसे न्यूट्रोफिल और मैक्रोफेज द्वारा संपादित की जाती है। किसी विषाणु का संक्रमण होने पर ये किलर-सेल्स तेज गति से सबसे पहले अपना काम करती हैं। एडाप्टिव-इम्यूनिटी की क्रियात्मकता तुलनात्मक रूप से धीमी होती है। इस तंत्र में टी-कोशिकाओं, बी-कोशिकाओं और एंटीबॉडी जैसी व्यवस्था है जो विशिष्ट रोगजनकों पर प्रतिक्रिया देता है। यह तंत्र इम्यून-मेमोरी के लिये भी उत्तरदायी है जो मानव में पहले हुई कुछ बीमारियों को पहचानता है और दुबारा नहीं होने देता। मेमोरी बी-सेल नामक कोशिकायें पैथोजेन को पहचानती हैं, और दुबारा संक्रमण होने पर त्वरित-प्रतिक्रिया करते हुये संक्रमण को निष्फल करने का काम करती हैं। हालाँकि नवीन शोध यह बताती है नेचुरल-किलर कोशिकायें भी एडाप्टिव-इम्यूनिटी प्रतिक्रिया का प्रदर्शन कर सकती हैं। जो भी हो, गड़बड़ तब होती है जब कुछ वायरस या माइक्रोब्स अपने पूर्व रूप से म्यूटेट या उत्परिवर्तित होकर इम्यून-मेमोरी (प्रतिरक्षा स्मृति) को गच्चा दे देते हैं।

व्याधिक्षमत्व को परिभाषित करते हुये चरकसंहिता के दिग्गज टीकाकार आचार्य चक्रपाणि ने लगभग 900 साल पहले लिखा (च.सू. 28.7 पर चक्रपाणि): व्याधिक्षमत्वं व्याधिबलविरोधित्वं व्याध्युत्पादप्रतिबन्धकत्वमिति यावत्। तात्पर्य यह है कि व्याधिबल की विरोधिता व व्याधि की उत्पत्ति में प्रतिबंधक होना व्याधिक्षमत्व है। अभिप्राय यह है कि शरीर में उत्पन्न बीमारी के बल या तीक्ष्णता को रोकने और बीमारी की उत्पत्ति को रोकने वाली क्षमता को व्याधिक्षमत्व कहा जाता है।

व्याधिक्षमत्व को बल, ओज और प्राकृत श्लेष्मा के रूप में भी जाना जाता है। बल वह शक्ति है जिसके द्वारा शरीर विभिन्न चेष्टाओं से कार्य संपन्न करता है। इस कार्योत्पादक शक्ति को व्यायाम-शक्ति से जाना देखा जाता है। बल के तीन प्रकार हैं (च.सू.11.36):त्रिविधं बलमिति- सहजं, कालजं, युक्तिकृतं च। सहजं यच्छरीरसत्त्वयोः प्राकृतं, कालकृतमृतुविभागजं वयःकृतं च, युक्तिकृतं पुनस्तद्यदाहारचेष्टायोगजम्। बल तीन प्रकार के होते हैं। सहज बल शरीर और मन पर आधारित होता है। उम्र के साथ शरीर की वृद्धि से प्राप्त बल को कालज बल कहा जाता है। खान-पान, जीवन-शैली और व्यायाम आदि की युक्ति से प्राप्त बल को युक्तिकृत बल कहा जाता है। रोग से रक्षा करने वाले को बल कहा जाता है। व्याधिक्षमत्व को ओज और ओज को बल के रूप में भी समझा जाता है (सु.सू.15.19)रसादीनां शुक्रान्तानां धातूनां यत् परं तेजस्तत् खल्वोजस्तदेव बलमित्युच्यते स्वशास्त्रसिद्धान्तात्। रसादिक तथा शुक्रान्त धातुओं के उत्कृष्ट सार भाग को ओज कहते हैं तथा आयुर्वेद के अनुसार उसी का दूसरा नाम बल है। यही बल व्याधियों से शरीर की रक्षा करता है। यहाँ एक बात समझना आवश्यक है ओज और बल हालाँकि एक कहे गये हैं किन्तु ओज को कारण और बल को कार्य माना जाता है। ओज का रूप, रस और वर्ण होने से द्रव्य है जबकि बल इसका कार्य है। यहाँ व्याधिक्षमत्व के सन्दर्भ में बल (कार्य) और कारण (ओज) को एक मान लिया जाता है। इसी सन्दर्भ में प्राकृत कफ को बल या व्याधिक्षमत्व का कारण माना जाता है (च.सू.17.117): प्राकृतस्तु बलं श्लेष्मा विकृतो मल उच्यते। स चैवौजः स्मृतः काये स च पाप्मोपदिश्यते।। यही कारण है कि कफज प्रकृति में उत्तम बल, पित्तज प्रकृति के व्यक्तियों में मध्यम बल तथा वातज प्रकृति के व्यक्तियों में अवर बल होता है।

इस प्रकार व्याधिक्षमत्व का तात्पर्य व्याधि-बल का विरोध शरीरगत बल द्वारा किया जाता है। व्याधिक्षमत्व को प्रभावित करने वाले विभिन्न भावों को दशविधि रोगी परीक्षा के भावों में भी देखा जाता है। उदाहरण के लिये व्यक्ति की मूल प्रकृति का बल से सीधा सम्बन्ध होता है। सबसे उत्तम सम प्रकृति (वात-पित्त-कफज) है, परन्तु किसी जनसंख्या में समप्रकृति वाले बहुत कम होते हैं। अतः व्यवहार में कफ प्रकृति वालों को बेहतर बल वाला माना जाता है। इसके साथ ही सार भी बल को प्रभावित करता है। सारयुक्त से तात्पर्य यह है कि व्यक्ति में साररूप धातुओं का नियमित निर्माण होता है। सार धातुओं के सम्यक प्रकार से उत्पन्न होते रहने पर शरीर में व्याधिक्षमत्व बढ़िया बना रहता है। जैसा कि पूर्व में चर्चा की गयी है, बल का मुख्य कारक ओज है जो सभी धातुओं का सार है। साररूप में यह सभी धातुओं में व्याप्त होकर धातुओं की रक्षा करता है। व्याधिक्षमत्व को प्रभावित करने वाले अन्य भावों में सात्म्य, सत्त्व, अग्नि, शारीरिक-शक्ति व वय हैं। अग्निबल को आहार करने की क्षमता से परखा जा सकता है। आहार-शक्ति (आहार की मात्रा) अग्निबल पर आश्रित है। यदि व्यक्ति की आहार शक्ति मज़बूत है तो भोजन का पाचन और धातुओं की पुष्टि यथोचित होने से शरीर मज़बूत रहता है। व्यायाम-शक्ति या शारीरिक रूप से श्रम करने की शक्ति भी बल का संकेतक है। व्यक्ति की वय या उम्र का भी बल से संबंध होता है। युवावस्था में उत्तम बल और जरा या बुढ़ापा आने पर बल कम रहता है।

व्याधिक्षमत्व बढ़ाने के लिये बल व ओज की वृद्धि में सहायक द्रव्यों और क्रियाओं का इस प्रकार युक्तिपूर्वक नियमित सेवन करना चाहिये, जिससे व्याधिक्षमत्व का संरक्षण व वृद्धि हो किन्तु प्रकृति, अग्नि, धातुओं व मलक्रिया का समत्व तथा आत्मा, इन्द्रियों व मन की प्रसन्नता यथावत बनी रहे। संक्षेप में व्याधिक्षमत्व बढ़ाने के लियेसात रक्षा-दीवारों की निरंतर और सम्यक सार-सम्हाल करना आवश्यक है। इनमें आहार या खानपान, विहार या जीवनशैली, स्वस्थवृत्त या व्यक्तिगत स्वास्थ्य विषयक क्रियायें, सद्वृत्त या व्यक्तिगत सदाचरण, पंचकर्म या शारीरिक विषाक्तता को बाहर करने के लिये आयुर्वेद की पांच प्रक्रियायें, रसायन या उम्र-आधारित रोगजनन को रोकने हेतु कायाकल्प उपाय, और अंततः औषधि या चिकित्सा शामिल हैं। परन्तु वनानुभव इन सबसे ऊपर है। एक साथ वनवास काटने की बात नहीं है बल्कि प्रतिदिन थोड़ा वनानुभव अवश्य लीजिये। प्रति सप्ताह कम से कम 168 मिनट वनों, उपवनों और हरियाली में बिताइये। इससे इम्म्यूनिटी बढ़ने के साथ प्रसन्नता, आत्म-सम्मान, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में धनात्मक सुधार होगा। यहशास्त्र-सिद्ध, शोध-सिद्ध और स्वानुभूत है।

**–अतिथि सम्पादक,**

**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**

**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंगप्रोफेसर )**

**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# आठ करोड़ रुपए की लागत से बनी सड़क पर गहरे गद्डे होने लगे

## विधायक द्वारा एक माह पहले ही विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया था

**देवली,** (निसं)। लोकार्पण को एक महीना भी हुआ नहीं कि आठ करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए रोड पर अभी से ही गहरे गड्ढे होना शुरू हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि एक माह पहले क्षेत्रीय विधायक हरीश चंद्र मीणा के द्वारा नगर पालिका की ओर से बनाए गए विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया था। विधायक द्वारा एक माह पहले लोकार्पण किए गए करोड़ों की

**'पांच साल की गारंटी की योजना पर रोड का निर्माण कराया गया है। रोड पर कहां गहरे गड्ढे हुए इसकी जांच करवा लेते हैं'**

लागत से बनाए गए डामरीकरण और सीसी रोड की मामूली सी बारिश में ही दुर्दशा होना शुरू हो गई है।

गौरतलब है कि नगर पालिका ने लगभग साढ़े 16 करोड़ रुपए की लागत से ढाई-ढाई किलोमीटर के दो रोड का पूर्ण निर्माण करवाया और करवाया जा रहा है। इसमें से देवली से जयपुर की ओर जाने वाले रोड का निर्माण कार्य पूरा हो गया जिसे नगर पालिका द्वारा लोकार्पण करवा दिया गया है। उक्त रोड निर्माण में शुरू से ही भ्रष्टाचार की परत दर परत चढ़ती जा रही थी जिसे पालिका देख कर भी नजर अंदाज करती रही। रोड निर्माण में भ्रष्टाचार होने के चलते जयपुर टोंक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के आला अधिकारियों ने यहां उक्त रोड निर्माण की जांच की और तो पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता के सहयोग से रोड निर्माण कार्य में इस्तेमाल किए गए मैटेरियल के सैंपल भी जांच किए जाने के लिए रोड से एकत्रित किए और पीडब्ल्यूडी टोंक के माध्यम से जांच हेतु क्वालिटी कंट्रोल विभाग को भेज दिए गए थे।

दो माह पहले उक्त रोड निर्माण कार्य में हो चुके भ्रष्टाचार की रिपोर्ट में मामला क्या रहा, जांच एजेंसी ने अब तक उक्त मामले की पारदर्शिता नहीं दिखाई है। यहां देखने वाली बात तो यह है कि उक्त रोड निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए ठेकेदार द्वारा सीसी रोड पर उखड़ चुकी गिट्टीओं पर केमिकल डाला जा रहा है। परंतु भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े रोड निर्माण कार्य ने ठेकेदार और अधिकारियों के बीच



**देवली से जयपुर की ओर जाने वाली सड़क कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है।**

हुई सांठगांठ की पोल खोल कर रख दी है। जिसकी जानकारी भ्रष्टाचार ब्यूरो निरोधक विभाग को बखूबी प्राप्त है इसलिए कि दो माह पहले भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के आला अधिकारी उक्त रोड निर्माण में हुई धांधली जांच करने पहुंचे थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 8 करोड रुपए की लागत से बनाए गए उक्त रोड निर्माण पर पालिका प्रशासन ने ठेकेदार को अब तक सात से साढ़े सात करोड रुपए तक का भुगतान कर दिया है।

सुरेश कुमार मीणा, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका देवली का कहना है कि पांच साल की गारंटी की योजना पर रोड का निर्माण कराया गया है। रोड पर कहां गहरे गड्ढे हुए इसकी जांच करवा लेते हैं। अगर ऐसा मामला है तो ठेकेदार का 5000000 रुपए का भुगतान अभी बाकी है। जिसे रोक दिया जाएगा।

# पौधारोपण से भी जरूरी पौधों की सुरक्षा है : नगर परिषद आयुक्त

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से संगम उद्योग समूह द्वारा सोनी हॉस्पीटल में चलाये जा रहे एक लाख पौधे व पांच हजार ट्री गार्ड वितरण अभियान के तीसरे दिन

**पौधा वितरण अभियान में उमड़ी लोगों की भीड़**

अतिथि के रूप में नगर परिषद आयुक्त हेमाराम चौधरी ने अभियान की सराहना करते हुए उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि संगम समूह से निशुल्क पौधे प्राप्त कर पौधारोपण के पश्चात उनकी नियमित रूप से देखभाल करें, क्योंकि पौधारोपण से भी जरूरी पौधों की सुरक्षा है।

पौधा वितरण प्रभारी बाबूलाल जाजू ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण का समापन 21 जुलाई को होगा। उन्होंने आमजन से प्रतिदिन प्रातः आठ से 10 तक अशोक, चंपा, मोगरा, तुलसी, मीठा नीम, अमरूद, अनार,



**भीलवाड़ा शहर को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से पौधों का वितरण किया गया।**

करंज, नीम, कनेर, गुड़हल, चांदनी, बिल्वपत्र, गुलमोहर, बरगद सहित 35 प्रजातियों के पौधे निशुल्क प्राप्त करने की अपील की।

समूह के चेयरमैन रामपाल सोनी ने बताया कि आज 7250 पौधों का वितरण प्रभात जैन, महेश मोदानी, सत्यनारायण बिरला, भैरूसिंह, नंदू, राधा कुम्हार, बबली, रेखा कुम्हार सहित सैकड़ों लोगों को किया गया। समूह के प्रबंध निदेशक अनुराग सोनी ने बताया कि ट्री गार्ड हेतु रतनलाल सामरिया एवं हिम्मत पारीक से आवेदन पत्र प्राप्त कर ट्री गार्ड ले सकते हैं।

## जोधपुर में सेना दो लाख वृक्ष लगाएगी

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में दो लाख से अधिक पेड़ लगाने के लक्ष्य के साथ वृक्षारोपण अभियान का उद्घाटन जीओसी कोणार्क कोर द्वारा किया गया। इस प्रयास में, भारतीय सेना ने स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक और भूमि एनजीओ के साथ मिलकर पूरे जोधपुर में जल वाटिका, शेखोजी तालाब, शिकारगढ़ और बनाड में पौधे लगाए।

जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाने और फलों के जंगल लगाने के लिए जापानी मियावाकी तकनीक का उपयोग शामिल है। सेना ने अतिरिक्त जल आपूर्ति बिंदुओं के निर्माण के साथ जल निकायों की बहाली की भी योजना बनाई है।

यह उद्यम भारत सरकार के "अमृत सरोवर" के दृष्टिकोण से जुड़ा है जो प्रत्येक जिले में 75 जल निकायों के कायाकल्प और विकास की योजना बना रहा है। जल निकायों के कायाकल्प की दिशा में, तालाबों को गहरा करने की योजना बनाई गई है, जिससे क्षमता बढ़ेगी और पानी की कमी से बचा जा सकेगा।

# गंगोत्री से 750 किमी पैदल सफर तय कर किशनगढ़ बास पहुंचे कावड़ियों का सम्मान

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। गंगोत्री से जल भरकर 20 दिन में 750 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर किशनगढ़ बास के प्राचीन पुराना बाजार स्थित मोटेश्वर महादेव पर जल चढ़ाने पहुंचे शिवभक्त कांवाडियों हरिओम गुप्ता, पीयूष शर्मा व पवन उर्फ विक्की सोनी का पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित शहर के गणमान्य लोगों की ओर से दुपट्टा व माला पहनाकर सम्मान किया गया। वहीं पंडित नरेश शर्मा ने विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराकर जल अभिषेक कराया एवं श्रद्धालुओं में खीर का प्रसाद वितरण किया गया।

1998 से निरंतर गंगोत्री गोमुख हरिद्वार से सावन मास के माह में कावड़ लेकर आ रहे हरिओम गुप्ता हरिद्वार 7 गोमुख से 4 और गंगोत्री से 13 बार जल लाकर शहर के विभिन्न मंदिरों में जल अभिषेक कर चुके हैं। गुप्ता ने बताया 750 किलोमीटर की 20 दिन में पैदल यात्रा कर गंगोत्री से जल लेकर पहुंचे हरिओम गुप्ता ने बताया कि 17 जून को पीयूष पुत्र अशोक शर्मा, पवन उर्फ विक्की पुत्र स्व. सुभाष सोनी, रवि शर्मा, ललित राणा 5 सदस्यों का जत्था गंगोत्री के लिए रवाना हुआ। 24 जून को गंगोत्री से जल लेकर जत्था गंगोत्री से अरावली पर्वतमाला की चढ़ाई चढ़ते हुए हरिद्वार दिल्ली होते हुए 14 जुलाई को



**किशनगढ़ बास में गंगोत्री से पैदल जल लेकर आए कावड़ियों का पूर्व विधायक रामहेत यादव ने सम्मान किया।**

किशनगढ़ बास शिव कावड़ संघ के कैंप पहुंचने पर शिव कावड़ संघ समिति की ओर से स्वागत किया गया। इस मौके पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी भाजपा युवा नेता विश्वास यादव पार्षद मनोज मित्तल शिव हरि गुर्जर किराना अध्यक्ष मदन अग्रवाल पत्रकार मुकेश सोनी लघु उद्योग संघ अध्यक्ष हरमेश खुराना विनय गोयल मनीष पंजाबी जनेश भूटानी सतीश शर्मा हीरु हरवानी अशोक शर्मा राधा रानी मंदिर पुजारी यादराम शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा किला ऊपर रेणी मोहल्ला,जोहड़ समीप सहित अनेक मंदिरों के शिवालयों पर कावड़ियों ने पहुंचकर जल चढ़ाया।

## राशिफल रविवार 16 जुलाई, 2023



पंडित अनिल शर्मा

प्रथम सावन मास (शुद्ध), कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2080, आर्द्रा नक्षत्र रात्रि 2:34 तक, ध्रुव योग प्रातः 8:32 तक, विष्टि करण प्रातः 9:21 तक, चन्द्रमा मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-सिंह, बुध-कर्क, गुरू-मेष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज भद्रा प्रातः 9:21 तक रहेगी। आज सावन संक्रांति है। सूर्य कर्क राशि में सोमवार प्रातः 5:07 पर प्रवेश करेगा। पुण्य काल रविवार को रहेगा।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:23 से 9:10 तक, लाभ-अमृत 9:10 से 12:33 तक, शुभ 2:14 से 3:56 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:47, सूर्यास्त 7:19

**मेष**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**वृष**

मित्रों/रिश्तेदारों से संबंध खराब हो सकते हैं और समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

**मिथुन**

आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**कर्क**

अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**सिंह**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आवश्यक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**कन्या**

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**तुला**

परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**वृश्चिक**

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**धनु**

घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**मकर**

परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ**

नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। परिजनों के सहयोग से महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**

अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 344 प्रभात जयपुर, रविवार 16 जुलाई , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT




Not giving an inch

Irony died a thousand deaths when Sagat was probably the only General in 71' operations who didn't get a gallantry award.

Kids' Room Wall Decor Ideas

Bofors in the Siachen

Inaugural operational firing of Bofors not only in India, but anywhere in the world



*दुर्लभ झक सफेद एल्बीनो पाण्डा एक बार फिर चीन में दिखा है। यह अपनी तरह का एक मात्र पांडा है। वर्ष 2019 में यह शिन्चुआन प्रांत के नेचर रिज़र्व में देखा गया था और विश्व में अपनी तरह का एकमात्र पाण्डा होने की वजह से जल्दी ही इसकी लोकप्रियता विश्वभर में फैल गई थी। हाल ही में यह पुनः दिखा है। माना जाता है कि, इसकी उम्र 5-6 साल है। देखने में स्वस्थ लग रहे इस पाण्डा का फर अब हल्का सा भूरा होने लगा है और कार्टून किरदार ''विनी द पूह'' की याद दिलाता है। शुरु में आशंका थी कि, इस प्रजाति के अन्य सदस्य इसको बहिष्कृत कर सकते हैं, पर, वोलाँग नेचर रिज़र्व से प्राप्त तस्वीरों और वीडियो में यह अन्य सामान्य पाण्डा के साथ सहजता से घुलता-मिलता नज़र आ रहा है। जानवरों में एल्बीनिज़्म पाया जाता है, पर बहुत कम। यह एक जैनेटिक म्यूटेशन की वजह से होता है, इसमें त्वचा में मैलनिन नहीं बनता। ऐसे जीव प्रकाश के प्रति बेहद संवेदनशील होते हैं, लेकिन अन्य शारीरिक क्षमताओं पर इस स्थिति का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। वर्ष 2019 में जब यह पाण्डा पहली बार दिखा था, तब नेचर रिज़र्व ने कहा था कि, तस्वीरों में इसके रोएं, पंजे एकदम सफेद दिख रहे हैं और आँखें लाल हैं।*

# विपक्ष की बैंगलोर बैठक में क्षेत्रीय संयोजक नियुक्त होंगे

## नीतीश कुमार को हिन्दी भाषी यू.पी. व बिहार का संयोजक बनाया जायेगा

- ममता बनर्जी को पूर्वी राज्यों का संयोजक, तथा दिल्ली के मु.मंत्री को दिल्ली, पंजाब व हरियाणा का संयोजक नियुक्त किया जा सकता है।
- यह संयोजकों की नियुक्ति की यह प्रक्रिया बिना बहस व मतभेदों के पूरी होने की संभावना है, क्योंकि सभी दलों को इन नियुक्तियों में अपना भला दिख रहा है।
- कांग्रेस को इस प्रक्रिया में यह लाभ नज़र आ रहा है कि, 188 संसदीय सीटों पर, उसका सीधा मुकाबला भाजपा से होगा। गत चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को इन सीटों पर भारी शिकस्त दी थी, क्योंकि भाजपा विरोधी वोट, विपक्ष के वोट का भारी विभाजन हुआ था, विपक्ष की पार्टियों में।
- कांग्रेस इस बात पर भी दबाव बना रही थी कि, इस स्कीम की शुरुआत आगामी विधानसभा चुनावों से लागू कर देनी चाहिए। क्योंकि, मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंदी कांग्रेस पार्टी ही है।

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जुलाई। 2024 के चुनावों के लिये प्रचार के मुद्दे चिन्हित करना तथा विभिन्न क्षेत्रों के लिये क्षेत्रीय समन्वयकों के नाम तय करना 17-18 जुलाई को बैंगलुरू में होने वाली विपक्षी नेताओं की निर्धारित मीटिंग के एजेंडा का हिस्सा होंगे।

जहाँ हर बार के लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी नेताओं की मीटिंगें होना एक आम बात रही है, वहीं विपक्षी खेमा इस बार इस विचार के इर्द-गिर्द घूमता प्रतीत हो रहा है कि इस प्रकार के प्रयासों की तरफ लोगों का ध्यान तब तक नहीं जायेगा, जब तक इसके बाद एक कॉमन मिनिमम प्रोग्राम (सी.एम.पी.) विधिवत रूप से तैयार न हो तथा सरकार के वैकल्पिक स्वरूप पर कोई संयुक्त नीतिगत वक्तव्य जारी नहीं किया जाये।

जहाँ इस मीटिंग में विपक्षी खेमे के प्रधान मंत्री पद के उम्मीदवार पर चर्चा होने की कोई सम्भावना नहीं है वहीं ऐसी सम्भावना है कि बिहार के मुख्यमंत्री, जिन्होंने पटना में विपक्षी दलों की पहली मीटिंग आयोजित की थी, को बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे हिन्दी भाषी राज्यों के क्षेत्रीय समन्वयक की महत्वपूर्ण भूमिका दी जावें। जहाँ कुर्मी समुदाय, जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भी जाति है, करीब 12 राज्यों में फैला हुआ है, वहीं विपक्षी खेमा ऐसी उम्मीद सँजोये हुये है कि एक एक्स्ट्रीमली बैकवर्ड कास्ट ( ई बी सी) के प्रमुख नेता तथा एक दक्ष प्रशासक के रूप बडी सावधानी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज़म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

## दुष्कर्म व हत्या के आरोपी किशोर को आजीवन कारावास

- यह संभवतया पहला ऐसा केस है जिसमें किसी किशोर को आजीवन कारावास की सजा मिली है। किशोर पर 9 साल की बालिका से दुष्कर्म और अप्राकृतिक कृत्य करने के बाद उसकी हत्या करने का आरोप है।

जयपुर, 15 जुलाई (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नौ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म और अप्राकृतिक कृत्य करने के बाद उसकी हत्या करने के मामले में 17 साल 7 माह और 25 दिन के किशोर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने किशोर पर 63 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि, किशोर को 21 साल की उम्र तक सुरक्षित गृह में रखा जाए और फिर शेष सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया जाए। बताया जा रहा है कि, यह प्रदेश का संभवतः पहला ऐसा मामला है, जहां 18 साल से कम के किशोर को आजीवन कारावास की सजा दी गई है।

अदालत ने कहा कि, किशोर न्याय अधिनियम में प्रावधान है कि, किसी बालक को मृत्युदंड या छोड़े जाने की संभावना के बगैर आजीवन कारावास से दंडित नहीं किया जा सकता। इस अधिनियम में हर आजीवन कारावास को प्रतिबंधित नहीं किया गया है। पॉक्सो एक्ट में दुष्कर्म के कुछ अपराधों के लिए आजीवन कारावास की प्रावधान किया गया है। बशर्ते कि उसमें सी.आर.पी.सी. की धारा 432 व धारा 433 के तहत रैमिशन या सजा लघुकरण करने की शक्ति राज्य सरकार के पास हो।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक महावीर किशनावत ने अदालत को बताया कि, नौ साल की पीड़िता अपने परिवार के साथ किशोर के मकान में किराए पर रहती थी। घटना के दिन, 4 जून, 2022 की सुबह 11 बजे बच्ची अपने पिता के पास बैठी थी। इतने में किशोर भी वहां आ गया और आधे घंटे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गांधी ने एक बार फिर प्र.मंत्री मोदी की चुप्पी पर कटाक्ष किया

## 'मणिपुर जल रहा है, तथा यूरोपीय संसद आतंरिक मामले पर प्रस्ताव पारित करती है, पर, दोनों मुद्दों पर प्र.मंत्री की रहस्यमय चुप्पी क्यों?

- तिलमिलाकर, भाजपा ने स्मृति ईरानी और प्रवक्ता गौरव भाटिया को उतारा राहुल गांधी को घेरने के लिये।
- कांग्रेस भी चुप नहीं रही, जयराम रमेश व वेणुगोपाल को झोंका, स्मृति ईरानी व गौरव भाटिया की टिप्पणियों को खारिज करने के लिए।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जुलाई। यूरोपीय संसद में मणिपुर हिंसा पर चर्चा और मोदी सरकार की आलोचना किए जाने के मामले में राहुल गांधी के ट्वीट से बौखलाई भारतीय जनता पार्टी ने आज केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को उनके सामने उतारा, जिन्होंने उन्हें ''कुंठित राजवंशज'' कहा।

राहुल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाया कि राफेल सौदे ने उन्हें बैस्टिल डे परेड का टिकट दिलवा दिया, जबकि यूरोपीय संसद में चर्चा होने के बावजूद वे मणिपुर पर चुप रहे। राहुल ने ट्वीट कर कहा, ''मणिपुर जल रहा है। यूरोपीय संसद भारत के आंतरिक मुद्दों पर चर्चा कर रही है। प्रधानमंत्री ने किसी पर एक शब्द भी नहीं कहा। इस बीच राफेल सौदे ने उन्हें बैस्टिल डे परेड का टिकट दिलवा दिया।''

इससे पहले यूरोपीय संसद ने बुधवार को मणिपुर हिंसा पर एक प्रस्ताव पारित किया और कहा कि हम कड़े शब्दों में भाजपा सदस्यों द्वारा फैलाई गई राष्ट्रवाद की नारेबाजी का विरोध करते हैं। इस पर भारत सरकार ने प्रतिक्रिया दी कि यह पूरी तरह से आंतरिक मामला हैं।

काफी विचार-विमर्श के बाद सरकार के जन संपर्क एवं मीडिया रणनीतिकारों ने स्मृति ईरानी को आगे किया, जिन्होंने कहा, ''वे भारत के अंदरूनी मामलों में विदेशी दखल की मांग करते हैं, वे एक कुंठित राजवंशज हैं जो हमारे प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर ''मेक इन इंडिया'' का मजाक उड़ाते हैं। उन्हें जनता ने नकार दिया है और वे इसलिए खीजे है क्योंकि अब रक्षा सौदे खानदान के दरवाजे पर नहीं आते।

भाजपा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी घरेलू राजनैतिक हिसाब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राहुल ने मानहानि केस में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जुलाई। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज सर्वोच्च न्यायालय में आज एक याचिका दायर कर, गुजरात उच्च न्यायालय के उस निर्णय को चुनौती दी है, जिसमें ''मोदी सरनेम'' वाली उनकी टिप्पणी के जुड़े क्रिमिनल मानहानि केस में, उनकी सजा पर ''स्टे'' देने से इन्कार कर दिया गया था। ज्ञातव्य है कि इस केस में राहुल को दी गई सजा के फलस्वरूप, उन्हें इस

- मोदी सरनेम पर की गई टिप्पणी के मामले में गुजरात हाई कोर्ट से राहत नहीं मिलने पर राहुल ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया है।

साल के शुरू में डिस्क्वालिफाई कर दिया गया था।

आपको याद दिला दें कि 13 अप्रैल 2019 को राहुल गांधी कर्नाटक के कोलार नगर में आयोजित एक चुनावी रैली में ''सभी चोरों के सरनेम मोदी ही क्यों होते है? टिप्पणी कर दी थी। इस टिप्पणी को लेकर दायर किये गये क्रिमिनल मानहानि केस में, गुजरात की एक अदालत ने उन्हें दो वर्ष की जेल की सजा दी थी। इस अदालत के फैसले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'चुनाव पंचायत का था, पर, लक्ष्य नैशनल पॉलिटिक्स ही थी?'

## बंगाल की 42 संसदीय सीटों में से तृणमूल के पास 35 हैं, पर, ममता इस आंकड़े से संतुष्ट नहीं, और किसी भी कीमत पर बढ़ोतरी चाहती हैं

- वे मानती हैं कि, यह बढ़ोतरी होने पर ही नैशनल पॉलिटिक्स में उन्हें सम्मानजनक स्थान मिल सकता है।
- अतः, पंचायत के चुनाव में पचास हत्याएं व हिंसा एक जायज़ कीमत है, जो, बंगाल दे सकता है, उनकी महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए।
- यह ही नहीं, चुनाव परिणाम घोषित हो जाने के बाद भी, कांग्रेस व विपक्ष के अन्य विजयी उम्मीदवारों पर, धन व बल से दबाव पूरा बनाया जा रहा है, तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के लिये।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जुलाई। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सत्ता तथा राष्ट्रीय राजनीति में अपनी आगामी भूमिका पर अपनी पकड़ बनाये रखने के लिये बहुत ही दुष्टतापूर्ण खेल खेला है।

पंचायत तथा ग्रामीण चुनाव को छोटे स्तर की सत्ता के खेल नहीं थे। ये चुनाव भविष्य की राजनैतिक लड़ाइयों के प्रवेश द्वार होते हैं। ग्रामीण चुनावों की इस जीत के फलस्वरुप, विस्तृण ग्रामीण क्षेत्रों पर उनकी पकड़ बहुत मजबूत हो जायेगी, जहाँ के वोट उनके भविष्य का निर्धारण करेंगे। वे जानती हैं कि पंचायतों के माध्यम से दिये जाने वाले आश्वासन तथा दी जाने वाली चीजें वोटों को उनके पक्ष में बनाये रखने में उनकी मदद करेंगी।

उनका मुख्य उद्देश्य 2024 के चुनावों में अधिकतम लोकसभा सीटों पर कब्जा करना है। संसदीय चुनावों में उनकी निर्णायक जीत, 42 में से 35 से अधिक सीटें जीतने भर से राष्ट्रीय राजनीति में उनकी बात सुनी जायेगी। 2024 की चुनावी जीत से राष्ट्रीय सत्ता हथियाने के मामले में उनकी भूमिका सुनिश्चित हो जायेगी।

वस्तुतः वे एक ''लूजिंग विकेट'' पर खेल रही हैं। उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खो चुकी है तथा एक क्षेत्रीय दल बनकर रह गई है। वे ऐसे आलोचनापूर्ण बयानों से पहले ही आहत हैं कि कोई भी क्षेत्रीय पार्टी, जैसी उनकी पार्टी है, किसी राष्ट्रीय गठबंधन के नेतृत्व का दावा नहीं कर सकती।

इस मामले में, कांग्रेस पार्टी उनकी दुश्मन नम्बर एक है तथा वे कांग्रेस पार्टी की जड़ें काटती आ रही हैं। अब, चूँकि कर्नाटक में कांग्रेस जीत चुकी है तो ममता बनर्जी और ज्यादा पीछे पहुँच गई है। राज्य कांग्रेस ममता बनर्जी को राष्ट्रीय गठबंधन में कोई भी जगह देने का विरोध कर रही है। लेकिन वे अपने दावे पर जोर देती आ रही हैं।

उनकी दृष्टि में, राष्ट्रीय राजनीति की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गूगल का अनुमान है, देश में 75 करोड़ सक्रिय उपभोक्ता ( एक्टिव यूज़र्स ) हैं इन्टरनेट के

## इनमें से आधे से ज्यादा लोगों में ऑनलाइन न्यूज़ व्यूअरशिप, ज्यादा लोकप्रिय है, बनिस्पत परम्परागत टी.वी. चैनल के

- आगामी चुनावों में ''नैट सैवी'' युवा, वोट डालने का अधिकार पा लेंगे। अतः इस वर्ग का ध्यान आकर्षित करने के लिये, राजनीतिक पार्टियां ''सोशल इन्फ्लुएंसर्स'' को एम्प्लॉय कर रही हैं।
- सोशल इन्फ्लुएंसर्स भी इस सहयोगी ''पार्टनशिप'' से खुश हैं, क्योंकि राजनीतिज्ञों के जीवन व काम-काज की जानकारी उनके दर्शकों को रुचिकर लगती है, तथा सोशल इन्फ्लुएंसर्स के ''हिट्स'' बढ़ते हैं।
- पर, सोशल इन्फ्लुएंसर्स का उपयोग भी खतरे से खाली नहीं है। सोशल इन्फ्लुएंसर्स व उनके ''कन्टैंट प्रोड्यूसर'''' वाकई में पत्रकार नहीं हैं। उन्हें अपनी ''खबर'' या ''कन्टैंट'' की सच्चाई को पहचानने की न तो ट्रेनिंग है, और न ही अनुभव। और उनके लिये नैतिकता या विश्वसनीयता का कोई खास आयाम नहीं है। उनको मतलब हिट्स बढ़ाने व पैसा गिनने से है। अतः क्या, सोशल इन्फ्लुएंसर्स को बेलगाम ''न्यूज़'' कार्यक्रम चलाने व प्रोड्यूस करने की पूरी छूट होनी चाहिए?

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जुलाई। 2024 के आम चुनाव से पहले जनता की राय को प्रभावित करने में सोशल मीडिया की शक्ति का राजनैतिक फायदा उठा रही है।

खबरों के अनुसार केन्द्र सरकार के कम से कम पांच मंत्री विगत सप्ताहों में यू-ट्यूब के कार्यक्रमों में आ चुके है। यह सरकार द्वारा संचालित जनता को प्रभावित करने वाले मंच ''माइ गव'' द्वारा आरंभ की गई ''कोलैबरेशन'' (सहयोग) कवायद का हिस्सा है।

इंटरनेट के व्यापक उपयोग से सोशल मीडिया के मंचों पर पहुंच बढ़ाई जा रही है। मार्केटिंग एवं डेटा एनेलिटिकल कंपनी गूगल एंड कांटार के अनुमान के अनुसार सक्रिय उपयोगकर्ता 75 करोड़ हैं।

इनमें से आधे से ज्यादा लोग खबरें ऑनलाइन देखते हैं और 45 प्रतिशत का तो यह भी कहना है कि ऑनलाइन खबरें देखना ज्यादा लोकप्रिय है बजाय परंपरागत टी.वी. चैनलों के।

इस समय नैट का उपयोग करने वाले युवाओं में से कई अगले वर्ष वोट डालेंगे। ये मतदाता टी.वी. की खबरों से नहीं जुड़े रहते और न ही सुबह के अखबार की परवाह करते हैं।

युवाओं के इस वर्ग को राजनैतिक पार्टियां ऑनलाइन माध्यमों से लुभाना चाहती हैं। सामाजिक प्रभाव डालने वाले भी इस तरह के संयुक्त कार्यक्रमों में ज्यादा रुचि रखते हैं क्योंकि राजनेताओं के जीवन और कामकाज में रुचि के कारण इनके दर्शक ज्यादा होते हैं।

खबरों के अनुसार विभिन्न ऑनलाइन चैनलों पर जो मंत्री आए है उनमें शामिल हैं विदेश मंत्री एस. जयशंकर तथा परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी। केवल भाजपा के नेता ही नहीं बल्कि कांग्रेस के राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेता भी सोशल मीडिया पर सक्रिय हो रहे हैं।

2023 में राजस्थान में चुनाव होने वाले हैं और 26 जून को वहां की सरकार ने औपचारिक रूप से सोशल मीडिया ''इन्फ्लुएंसर्स'' के साथ संबंध स्थापित किए है। सरकार ने घोषणा की है कि उनकी पहुंच के अनुसार उन्हें 10 हजार से 5 लाख रूपए तक के विज्ञापन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 489 दिन जेल में रहे बाल अपराधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 जुलाई। एक युवक, जिसने अपनी प्रेयसी से उस समय शादी कर ली थी, जबकि तब दोनों ही नाबालिग थे, को लड़की के परिवार द्वारा दायर अपहरण एवं बलात्कार के केस में जमानत दे दी गई है। इस मामले में चार्जशीट 85 दिन में दी गई थी।

- राजस्थान के इस मामले में बाल अपराधी पर पोक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत बलात्कार व अपहरण का मामला दर्ज था और वह वयस्कों की तरह 489 दिनों से जेल में था।

इस लड़के को 16 वर्ष की उम्र में इस लड़की से प्रेम हो गया था। उस समय दोनों ही भाग गये थे तथा उनका कहना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सरकार आ सकती है और आएगी में, बड़ा अंतर होता है!

## सरकार रिपीट के बड़े-बड़े दावों के बीच मुख्यमंत्री की बड़ी स्वीकारोक्ति

- डोटासरा बोले, ''हमारे कुछ लोग आरएसएस, बीजेपी से दोस्ती निभाते हैं, उनके कहने से अफसर चेंज हो जाते हैं, कांग्रेस एमएलए के कहने पर नहीं''
- बेटे-बेटियों के लिए टिकट मांगने वाले नेताओं पर बोले रंधावा, ''कांग्रेस को बर्बाद नहीं होने देंगे''
- नए पदाधिकारियों को स्पष्ट संदेश, ''काम करना होगा, वरना शाम को ही धन्यवाद का संदेश मिल जाएगा''

**जयपुर** (का.प्र.)। राजस्थान में कांग्रेस के तमाम नेता फीलगुड एहसास कर रहे हैं लेकिन खुद मुख्यमंत्री ने ही कह दिया है कि सरकार आ रही है और सरकार आएगी, में बहुत बड़ा अंतर होता है। मुख्यमंत्री गहलोत ने प्रदेश कार्यकारिणी और जिला अध्यक्षों की बैठक में वर्चुअल रूप से शामिल होते हुए कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है कि एंटी इनकंबेंसी नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग कहने लगे हैं कि राजस्थान में सरकार आएगी। सरकार आ सकती है और आएगी में बहुत अंतर होता है। जब जनता कहने लगी है कि सरकार आ सकती है, जब आप पदाधिकारी मेहनत करोगे और जनता के बीच माहौल बना दोगे, तो वे यह भी कहने लगेगी कि सरकार आएगी। अगर जनता यह कहने लगेगी, तो राजस्थान का ये मेसेज पूरे देश में जाएगा। गहलोत ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जब कार्यकारिणी बनती है, तो लोग सिफारिश करवाते हैं। हम काम कर रहे हैं, लेकिन बनने के बाद प्रदेश अध्यक्ष को 5 लोग भी काम करने वाले नहीं मिलते हैं। यह क्या तरीका होता है? जब कोई पदाधिकारी बना है, तो वह खुद प्रदेश अध्यक्ष को आकर कहे कि मैं क्या काम कर सकता हूं। बैठक में पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कुछ मंत्रियों पर बीजेपी से दोस्ती निभाने का तंज कसते हुए कहा कि हमारे कुछ लोग आरएसएस बीजेपी से दोस्ती निभाते हैं, मैं मानता हूं। मुझे पता है किसी बीजेपी के नेता के कहने से अफसर चेंज हो जाते हैं लेकिन कांग्रेस एमएलए और कार्यकर्ता के कहने पर नहीं होते।

प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र रंधावा ने कहा कि कोई यह न सोचे कि मैं जीत जाऊंगा और बाकी सब हार जाएंगे। सब मिलकर बिना भेदभाव के काम करेंगे तो कांग्रेस आएगी। कांग्रेस रहेगी तो हम रहेंगे। भगत सिंह खुद को बनना होगा। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने परिवार के लिए टिकट मांग रहे नेताओं पर तंज कसा। उन्होंने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि जब मुझे टिकट दी गई, उसके बाद मेरे पिता पंजाब कांग्रेस के प्रेसिडेंट नहीं रहे। उन्होंने एक्टिव पॉलिटिक्स यह कहते हुए छोड़ दी कि अब मेरा बेटा आ गया, अब यही पॉलिटिक्स करेगा, मैं नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि हम कहां से स्प्रिंट लेकर आएंगे। नेता यह कह देते हैं कि मेरे बेटे को टिकट दो नहीं, तो मैं जहर खा लूंगा। अगर लीडर ऐसा करेंगे, तो दूसरा वर्कर है, उसका टाइम कब आएगा? अगर किसी लीडर का बेटा कैपेबल है, तो आ जाए, लेकिन नहीं है, तो कांग्रेस को हम का बर्बाद नहीं होने देंगे।

## डॉ. सत्यनारायण सिंह के निधन पर शोक जताया

**जयपुर**, (का.सं.)। पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इंडिया ने डॉ.सत्यनारायण सिंह के निधन पर गहरा शोक जताया तथा परमेश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। सचिव देवी सिंह नरूका ने बताया कि सिंह के निधन का समाचार जानकर गहरा दुख हुआ। तीन मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल में दो बार उन्होंने सूचना एवं जनसंपर्क के निदेशक पद पर कार्य किया। विविध समाजापयोगी विषयों पर उनके लेख निरंतर समाचार पत्र, पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहे हैं।

## सड़क कार्यों का किया शिलान्यास

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 232 नगर निकायों में 4101 सड़क विकास कार्यों का शिलान्यास किया। 1528 करोड़ रुपए लागत के इन सड़क विकास कार्यों से राज्य में 2642 कि.मी. लम्बाई की सड़कों का निर्माण और विकास होगा।

गहलोत ने शिलान्यास समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेशवासियों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रदेश की प्रगति में मजबूत सड़क तंत्र का महत्वपूर्ण योगदान होता है।



केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला व खनन मंत्री एवं भाजपा राजस्थान के चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी के साथ राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश के राजनैतिक हालातों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

# गोपाल केसावत ने यूपीआई के जरिए भी लिए रुपए

- आरपीएससी की अधिशासी अधिकारी भर्ती परीक्षा में पास करवाने के नाम पर साढ़े 18 लाख रुपए की रिश्वत लेने का मामला

**जयपुर**,(कासं)। आरपीएससी की अधिशासी अधिकारी भर्ती परीक्षा में पास के नाम पर साढ़े 18 लाख रुपए की रिश्वत लेने के मामले गिरफ्तार राज्य घुमन्तु जाति कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष गोपाल केसावत ने यूपीआई के जरिए रुपए लिए थे।

आरोपियों ने परिवादी से 50 हजार रुपए गोपाल केसावत को यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन दिलवाए। दोनों आरोपियों ने बताया कि रुपए तो रवीन्द्र को पहुंचाने हैं। रात एक बजे बाद रवीन्द्र को रिश्वत की यह रकम लेते हुए पकड़ा। पूछताछ में उसने बताया कि रुपए ऊपर तक पहुंचाने हैं। उसने गोपाल केसावत का नाम लिया। इसके बाद अन्य रकम के लिए घर बुला लिया। यहां शनिवार दोपहर उसने प्रताप नगर स्थित कुभा मार्ग पर अपने घर पर रिश्वत में से 7.50 लाख रुपए ले लिए, जिसके बाद एसीबी ने उसे पकड़ लिया।

उधर आरोपियों ने रिश्वत के रूप में इतनी रकम मांगी कि परिवादी के सामने संकट खड़ा हो गया। इसके बाद एसीबी ने रिश्वत की रकम में डमी करेंसी को शामिल किया।

सत्यापन में सामने आया कि आरोपियों ने पहले 40 लाख रुपए मांगे। परिवादी ने कहा कि वह इतनी रकम देने में समर्थ नहीं है। इस पर मामला 25 लाख रुपए में तय हुआ। आरोपियों ने ओएमआर सीट में बदलाव का भी झांसा दिया। सत्यापन में रिश्वत मांगने की पुष्टि होने के बाद एसीबी ने ट्रेप की कार्रवाई की तैयारी की। शुक्रवार को परिवादी 18.50 लाख रुपए लेकर गया तो अनिल और ब्रह्मप्रकाश ने तत्काल ले लिए।

## अत्याचार के खिलाफ मुखर कलाकृतियां दिखीं

**जयपुर**, (का.सं.)। आजादी के अमृत महोत्सव के मद्देनजर जवाहर कला केन्द्र में शनिवार, 15 जुलाई से प्रदर्शनी हम सब सहमत की शुरुआत हुई। नव को पहचान और अनुभव को सम्मान के ध्येय के साथ आगे बढ़ रही केन्द्र की पहल कला संसार के तहत सफदर हाशमी मेमोरियल ट्रस्ट (सहमत) से संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा राय,हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति ओम थानवी, जवाहर कला केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत व केन्द्र की शासी परिषद के सदस्य गजानंद मानव मिश्रा ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। इस दौरान क्यूरेटर राम रहमान अबान रजा व अन्य लोग मौजूद रहे।

# बहन-बेटियों पर अत्याचार अपराध बेलगाम, नहीं सहेगा राजस्थान : दीया कुमारी

**जयपुर**। प्रदेश में हर दिन महिला उत्पीडन, हत्या और दुष्कर्म के बढते मामलों और दलित उत्पीड़न को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को सांसद एवं भाजपा महामंत्री दीया कुमारी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंन्द्र गोठवाल ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

सांसद दीया कुमारी ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि करौली के हिंडोन की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया। जिसमें एक युवती की दुष्कर्म कर हत्या कर दी गई, युवती के मुंह में तेजाब डाला गया और शव को कुंए में डाल दिया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने में लापरवाही बरती। पुलिस और प्रशासन के खिलाफ हम धरने पर बैठे



भाजपा प्रदेश कार्यालय में सांसद एवं भाजपा महामंत्री दीया कुमारी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंन्द्र गोठवाल ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

हमारी ओर से कलेक्टर और एसपी से पुलिस अधिकारियों और थाने के स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की गई। परंतु किसी पुलिस अधिकारी और स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। इससे राजस्थान की छवि पूरी तरह धूमिल हो रही है। इन सभी घटनाओं को लेकर भाजपा प्रदेशभर में ''नहीं सहेगा राजस्थान'' आंदोलन करेगी।

दीया कुमारी ने कहा कि कांग्रेस की महासचिव और प्रियंका गांधी वोटबैंक के लिए हाथरस जा सकती हैं, राजस्थान में पिकनिक मनाने आ सकती हैं। लेकिन प्रदेश में डूंगरपुर, खाजूवाला, अलवर और चुरू सहित अन्य स्थानों पर नाबालिग और महिलाओं के खिलाफ 17 जघन्य दुष्कर्म और हत्या की घटनाओं में से किसी पीडित परिवार के यहां प्रियंका गांधी नहीं पहुंची। प्रदेश में महिलांए अब कहीं भी सुरक्षित नहीं है।

## अप्रशिक्षित कर्मचारी को बीएलओ लगाया, हाईकोर्ट की रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक को बीएलओ लगाने के आदेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में प्रमुख शिक्षा सचिव, एसडीओ भीलवाड़ा और स्थानीय स्कूल के प्रिंसिपल को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक को बिना सहमति बीएलओ नियुक्त क्यों किया गया और जब उसने काम नहीं किया तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के लिए नोटिस क्यों जारी किए गए। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश महावीर जैन की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के तौर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्रताप नगर, भीलवाड़ा में कार्यरत हैं। याचिकाकर्ता के पास स्कूल की अपनी प्रयोगशाला के साथ ही स्कूल की दो अन्य प्रयोगशालाओं के काम की भी जिम्मेदारी है। वहीं निर्वाचन विभाग ने गत 23 मई को उसे बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त कर दिया। जबकि इसके लिए याचिकाकर्ता से सहमति भी नहीं ली गई। दूसरी ओर वह बीएलओ का काम करने के लिए प्रशिक्षित भी नहीं है। वहीं जब प्रयोगशालाओं का काम अधिक होने के चलते उसने बीएलओ का काम नहीं किया तो एसडीओ, भीलवाड़ा ने उसे निलंबित करने के लिए उसके सोशल मीडिया पर मैसेज भी कर दिया।

# लाइसेंस नवीनीकरण के लिए रिश्वत लेने वाले कृषि उप निदेशक को सजा

- एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने कृषि विभाग, झुंझुनूं में 13 साल पहले भ्रष्टाचार के मामले में दो साल की सजा सुनाई है

**जयपुर**, (का.सं.)। एसीबी मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 ने कृषि विभाग, झुंझुनूं में 13 साल पहले भ्रष्टाचार करने से जुड़े मामले में तत्कालीन उप निदेशक, विस्तार राजेश कुमार नैनावत को दो साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर पन्द्रह हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त से पद पर रहते हुए लोक सेवक के तौर पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करने की अपेक्षा थी, लेकिन उसने इससे इतर काम किया। ऐसे कृत्य से जन सामान्य में लोक सेवकों के प्रति अविश्वास उत्पन्न होता है। भारतीय परिवेश में वर्तमान में भ्रष्टाचार एक गंभीर बुराई का रूप ले चुका है और इस तरह के अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। इसलिए अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि परिवादी किशन सिंह ने तीस सितंबर, 2010 को एसीबी में शिकायत दी थी। शिकायत में कहा गया कि उसने कृषि विभाग से लाइसेंस लेकर झुंझुनूं के पुराना बस स्टैंड पर खाद बीज की दुकान खोल रखी है। इस लाइसेंस का वर्ष 2007 के बाद नवीनीकरण नहीं हो पाया। वहीं 23 सितंबर को उसने उप निदेशक राजेश कुमार नैनावत को अर्जी पेश कर लाइसेंस नवीनीकरण की गुहार की। इस पर अभियुक्त राजेश कुमार ने लाइसेंस के बदले पांच हजार रुपए की रिश्वत मांगी। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए एसीबी ने अभियुक्त को रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई। वहीं 4 अक्टूबर, 2010 को अभियुक्त को उसके कार्यालय से पांच हजार रुपए लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। वहीं मामले में अभियुक्त के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मिलने के बाद एसीबी ने 23 सितंबर, 2011 को अभियुक्त के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धाराओं में आरोप पत्र पेश किया। वहीं सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 17 गवाहों के बयान भी लेखबद्ध कराए गए। दूसरी ओर अभियुक्त की ओर से कहा गया कि उसे प्रकरण में फंसाया गया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा सुनाते हुए अर्थदंड से दंडित किया है।



राज्यपाल कलराज मिश्र ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को राजस्थान यात्रा संपन्न होने पर सांगानेर एयरपोर्ट पर भावभीनी विदाई दी। राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र, उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, मुख्य सचिव उषा शर्मा ने भी राष्ट्रपति मुर्मु को विदाई दी।

## ढहर के बालाजी में महाआरती

**जयपुर**। गायत्री चेतना केंद्र मुरलीपुरा की ओर से सावन माह के प्रथम शनि प्रदोष पर सीकर रोड ढहर के बालाजी मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया। मंदिर महंत पंडित राजेश शर्मा के सानिध्य में हनुमान महाराज को सिंदूरी चोला धारण कराकर भक्तों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया। महाआरती के बाद 251 दीपक प्रज्वलित कर विश्व कल्याण की कामना के साथ महा आरती की गई। कार्यक्रम संयोजिका ज्योति शर्मा ने बताया कि गायत्री चेतना केंद्र मुरलीपुरा के गोपाल पारीक मनोज पारीक, एडवोकेट कमलेश शर्मा, तरुण भारती, योगेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

वहीं दूसरी ओर गलता गेट और ट्रांसपोर्ट नगर के बीच हनुमान मंदिर में भी हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ आयोजित किये गये।

## 'रियायती दरों पर पौधे मिलेंगे'

**जयपुर**। मानसून के दौरान प्रदेश में सघन वृक्षारोपण की इच्छुक सामाजिक संस्थाओं व विभागों को राज्य सरकार रियायती दरों पर पौधे उपलब्ध करवायेगी। वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल ने बताया कि जो संस्था अथवा विभाग 50 हजार से 2 लाख तक पौधे लेंगे, उन्हें नियत दर की 50 प्रतिशत राशि का डिस्काउंट (छूट) दिया जायेगा। इसके अलावा 2 लाख से ज्यादा पौधे लेने वालों के लिए नियत दर का 75 फीसदी डिस्काउंट दिया जायेगा। शिखर अग्रवाल ने बताया कि 'ट्री आउट साइड फोरेस्ट इन राजस्थान' के तहत संस्थाओं व विभागों द्वारा बड़ी संख्या में पौधे लगाने की इच्छा जताई जा रही है।


**विनम्र श्रद्धांजलि**



हमारे प्रिय भगवान सहाय महावर की धर्मपत्नी **श्रीमती धनलक्ष्मी देवी** का स्वर्गवास दिनांक 14.07.2023 को हो गया हैं। हम सभी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**श्रद्धावनत**- रामा हैन्डीक्राफ्ट्स एवं समस्त स्टाफगण

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# ''नहीं सहेगा राजस्थान'' मुहिम को बूथ, विधानसभा और जिला स्तर तक जनआंदोलन बनाएंगे : सी. पी. जोशी

- ''नहीं सहेगा राजस्थान'' आंदोलन की लांचिंग आज करेंगे जेपी नड्डा

**जयपुर**। कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा द्वारा चलाए जाने वाले जन आंदोलन ''नहीं सहेगा राजस्थान'' आंदोलन की लॉंचिंग के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा रविवार को जयपुर के बिलवा स्थित चंदन वन वाटिका आ रहे हैं। जहां से वे इस आंदोलन की लॉंचिंग करेंगे। कार्यक्रम से पूर्व सभा स्थल पर पहुंचकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर और प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने तैयारियों का जायजा लिया।

सभास्थल पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि जयपुर से शुरू होने वाले नहीं सहेगा राजस्थान आंदोलन में मुख्य रूप से पेपर लीक से युवा परेशान, भ्रष्टाचार खुलेआम, दलित अत्याचार खुलेआम, बहन बेटियों पर अत्याचार, कर्ज से मरता किसान और अपराध बेलगाम इन सभी घटनाओं को लेकर प्रदेश भर में आंदोलन चलाया जाएगा। महिला दुष्कर्म के मामलों में आज राजस्थान देश में पहले नंबर पर है।

सीपी जोशी ने कहा भाजपा द्वारा निरंतर प्रदेश में युवा, किसान और महिला विरोधी कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और कैंपेन चलाए जा रहे हैं। जिसमें पूर्व में महिला मोर्चा द्वारा महिला उत्पीडन के खिलाफ जयपुर में थाली नाद आंदोलन, झुंझुनू में किसान आक्रोश महाघेराव और 18 जुलाई को अजमेर में आरपीएसी घेराव किया जाएगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी।


**PUBLIC NOTICE**

To, Know all these present shall come that I MANOJ SHRIMAL S/o Shri RATAN CHAND JHARCHUR had been entered in Firm Name RITA GEMS situated at H-118, SEZ Phase 2nd Sitapura, Jaipur as a one of the partner on date 17.05.2019 but due to some personal reasons I have left the business of the firm and retired from the firm on dated 15.07.23 Now I shall not be responsible for any act, deed, work transaction, orders done by the above said firm.

Mr. MANOJ SHRIMAL
Plot No. 3947, M. S. B. Ka Rasta,
Johari Bazar, Jaipur-302003

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 135/03
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम विष्णु कुमार पुत्र स्व. श्री गुलाब चन्द जाति कुमावत विवाद स्थान 715,खुरानियों का चौक, बाबा हरिशचन्द्र मार्ग, चौकडी तोपखाना देश, जयपुर।
मृतक श्रीमती जुगल देवी की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 31.07.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्रीमती जुगल देवी पत्नी स्व. श्री गुलाब चन्द कुमावत निवासी-715, खुरानियों का चौक, बाबा हरिशचन्द्र मार्ग, चौकडी तोपखाना देश, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 31 माह 07 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 30 माह 05 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-द्वितीय

**इत्तलानामा वास्ते जाहिर करने वजह न जारी होने डिक्री के**
**( ओ 21 रूल 22 जाब्ता दीवानी )**
**अज अदालत अपर जिला न्यायाधीश मुकाम नं. 7 जयपुर महानगर द्वितीय मै. श्री राधागोविन्द एग्रो फूडस बनाम मै. श्री अमोलक आयरन**
**डिग्री बाबत**
**मुकदमा नम्बर 67/22 सन्**
**बनाम**
**मुसम्मी श्रीमती रामेश्वरी देवी वल्द स्व. श्री मोहनलाल यादव कौम, साकिन निवासी- बी. पी. रानौली, तहसील दातारामगढ़, जिला-सीकर**
**दूसरा पता: 29 बी, कान्ती नगर, स्टेशन रोड, जयपुर, चूंकि डिक्रीदार ने डिग्री अदालत ADJ-16 जयपुर महानगर श्री राधागोविन्द एग्रो मवर्खे श्री अमोलक आयरन व मुकदमें नम्बर 250/12 सन् की इजराय के लिए दरख्वास्त पेश की है इसलिए आपके इत्तला दी जाती है कि आप इस अदालत में 24.07. 2023 को हाजिर होकर अगर कोई उजर वास्ते आपके खिलाफ इजराय किये जाने डिग्री रखते हो तो पेश करों आज दिनांक 13. 07.2023 व सब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत में जारी किया गया।**

मोहर

**रीडर ग्रेड प्रथम**
**अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश**
**क्रम संख्या 7, जयपुर महानगर द्वितीय**

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 157/2023
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन रिवोकेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम 1. श्रीमति अंजली उम्र 31 वर्ष, 2. श्रीमति हर्षिता उम्र 29 वर्ष पुत्रियां स्व. दीपचन्द जाति कुमावत विवाद स्थान प्लाट सं. 54 लालपुरा कॉलोनी, वनस्थली मार्ग, स्टेशन रोड, जयपुर, हाल ए-71, कुमावत कॉलोनी खातीपुरा रोड, झोटवाडा जयपुर।
मृतक श्रीमती नारायणी देवी पत्नि श्री मंगल चन्द की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 05.09.2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्रीमती नारायणी देवी पत्नि श्री मंगल चन्द जाति कुमावत निवासी 54, लालपुरा कॉलोनी, वनस्थली मार्ग, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, रिवोकेशन प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 05 माह 09 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 11 माह 07 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थीगण ने पूर्व में जारी प्रशासन पत्र जो मृतक के नाम सम्पत्ति थी के बावत प्रशासन पत्र निरस्त करने हेतु प्रा. पत्र पेश किया है।

मोहर अदालत

आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम

**इत्तलानामा वास्ते जाहिर करने वजह न जारी होने डिक्री के**
**( आदेश 21 नियम 22 जाब्ता दीवानी )**
**अपर जिला न्यायाधीश क्रम संख्या 07 जयपुर महानगर द्वितीय**
**इजराय प्रार्थना पत्र संख्या 67/2022**
**मैसर्स श्री राधागोविन्द एग्रो फुडस प्रा. लि.**
**बनाम**
**मैसर्स श्री अमोलक आयरन एवं स्टील मैन्यूफैक्चरिंग कं. वगै.**
**बनाम**
**मुसम्मी हनुमान सिंह पुत्र स्व. गोपाल सिंह शेखावत, करण सिंह पुत्र स्व. गोपाल सिंह शेखावत, श्रीमती भवर कंवर पुत्री स्व. गोपाल सिंह शेखावत निवासीयान- खुड हाउस चांदपोल दरवाजे के बाहर जयपुर।**
**चुंकि डिक्रीदार ने डिग्री अदालत अपर जिला न्यायाधीश क्रम सं. 16 जयपुर महानगर, जयपुर मैसर्स श्री राधागोविन्द एग्रो फुडस प्रा. लि. बनाम मैसर्स श्री अमोलक आयरन एण्ड स्टील मैन्यूफैक्चरिंग कं. वगै. व मुकदमा नम्बर 250/2012 की इजराय के लिए दरख्वास्त पेश की है इसलिए आपको इत्तला दी जाती है कि आप इस अदालत में तारीख पेशी- 24/07/ 2023 को समय 10:00 ए.एम. को हाजिर होकर अगर कोई उजर वास्ते आपके खिलाफ इजराय किये जाने डिग्री रखते हो तो पेश करे। आज व तारीख 13.07.2023 व सब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के जारी किया गया।**

मोहर

**रीडर ग्रेड प्रथम**
**अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश**
**क्रम संख्या 7, जयपुर महानगर द्वितीय**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिरोली, प. सं. सांगानेर (जयपुर)**

**क्रमांक: 213** **ऑनलाइन निविदा सूचना 01/2023-24** **दिनांक:- 13.07.2023**

ग्राम पंचायत सिरोली में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज तथा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत इच्छुक वाणिज्य कर विभाग में जीएसटी पंजीकृत फर्मो/ संवेदकों से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए निमार्ण सामग्री आपूर्ति व हैण्डपम्प/ सिंगल पाइन्ट निर्माण का दर अनुबंध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई- प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से वेबसाइट eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड/ अपलोड की जा सकती है।

**सामग्री आपूर्ति NIB NO- PEZ2324A0071 UBN NO- PEZ2324GLOB00096**
**हैण्डपम्प / सिंगल पाइन्ट NIB NO- PEZ2324A0075 UBN NO- PEZ2324GLOB000999**

**ग्राम विकास अधिकारी** **सरपंच**
**ग्राम पंचायत सिरोली** **ग्राम पंचायत सिरोली**

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम संतोष कुमार शर्मा से बदलकर संतोष शर्मा पुत्र बनवारी लाल शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें निवासी मालन की गली, बजाजा बाजार, अलवर, राजस्थान

मैंने मेरा नाम उमेश गुप्ता से परिवर्तित कर उमेश कुमार गुप्ता रख लिया है तथा अब भविष्य में मुझे उमेश कुमार गुप्ता के नाम से जाना पहचाना जावें। उमेश कुमार गुप्ता मो. 9414245777

मैं जयेश टेकचंदानी पुत्र श्री श्यामलाल टेकचंदानी निवासी 9/407, मालवीय नगर, जयपुर। मैंने अपना नाम टेकचंदानी जयेश श्यामलाल से बदलकर जयेश टेकचंदानी रख लिया है। भविष्य में मुझे जयेश टेकचंदानी के नाम से जाना जाये।

मैं कंचन भागवानी पत्नी श्री कन्हैया भागवानी निवासी 750-ए, सिन्धी कॉलोनी, जवाहर नगर, जयपुर। मैंने अपना नाम सिल्की लखवानी से बदलकर कंचन भागवानी रख लिया है। भविष्य में मुझे कंचन भागवानी के नाम से जाना जाये।

मैं कन्हैया लाल पुत्र श्री गोपी चन्द भागवानी निवासी 750-ए, सिन्धी कॉलोनी, जवाहर नगर, जयपुर। मैंने अपना नाम कन्हैया लाल से बदलकर कन्हैया भागवानी रख लिया है। भविष्य में मुझे कन्हैया भागवानी के नाम से जाना जाये।

मैंने अपना नाम जयंत के स्थान पर जयंत चौधरी रख लिया है भविष्य में मुझे जयंत चौधरी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

मैं सरला देवी पत्नि श्री विमलेश कुमार निवासी संजय नगर, कच्ची बस्ती, डीसीएम अजमेर रोड, जयपुर बयान करती हूँ कि मेरी पुत्री पायल वाजपेयी का नाम पायल (Payal) रख लिया हैं। भविष्य में इसे पायल के नाम से जाना जावें।

मैं सरला देवी पत्नि श्री विमलेश कुमार निवासी संजय नगर, कच्ची बस्ती, डीसीएम अजमेर रोड, जयपुर बयान करती हूँ कि मेरी पुत्री पलक वाजपेयी का नाम पलक (Palak) रख लिया हैं। भविष्य में इसे पलक के नाम से जाना जावें।

मैंने मेरा नाम श्रवण सिंह पुत्र भंवर सिंह से बदलकर श्रवण सिंह राठौड रख लिया है। भविष्य में मुझे नए नाम से जाना जावें। पता-233 लोकनायक, व्यास कॉलोनी, जयपुर।

I have Changed my son's name from Chintu Yadav to Gautam Yadav S/o Kailash Chand Yadav, In Future I will be known as Gautam Yadav. For All Purpose. Address: 125, Tirupati Flats-A, Niwaru Road, Jhotwara, Jaipur-302012

# ए.बी.वी.पी. कार्यकर्ताओं ने ज्योति नगर थाने को घेरा तो पुलिस को करनी पड़ी बैरिकेडिंग

## करौली के नादौती में दलित युवती से दुष्कर्म व हत्या के मामले में विरोध-प्रदर्शन कर रहे ए.बी.वी.पी. कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने शुक्रवार को किया था लाठीचार्ज

**जयपुर** (कासं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (ए.बी.वी.पी.) कार्यकर्ताओं ने लाठीचार्ज की घटना के विरोध में शनिवार को ज्योति नगर थाने का घेराव किया।

कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करके ज्योति नगर थाना इंचार्ज को निलंबित करने की मांग की। करीब डेढ़ घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान पुलिस का भारी जाब्ता मौजूद रहा। बड़ी संख्या में ज्योति नगर थाने पर एकत्रित हुए एबीवीपी कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए

- **शनिवार को ज्योति नगर थाने के बाहर कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के चलते पुलिस को विधानसभा के पीछे वाली सड़क बंद करनी पड़ी, इसके चलते आमजन को परेशानी हुई**

पुलिस को बेरिकेटिंग लगाकर विधानसभा के पीछे वाली सड़क को बंद करना पड़ा। इस दौरान यहां से गुजरने वाले लोग परेशान हुए। प्रदर्शन के बाद एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल की पुलिस कमिश्नर से वार्ता करवाई गई। इस दौरान पुलिस द्वारा लाठीचार्ज करने की घटना का विरोध दर्ज करवाया और ज्योति नगर थाना इंचार्ज को निलंबित करने की मांग की।

एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री हुश्यार मीणा ने कहा कि प्रदेश में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं है। करौली में दलित युवती की हत्या इसका जीता-जागता उदाहरण है। गहलोत सरकार में अराजकता का माहौल है। पुलिस के दम पर सरकार जनता का मुह बंद करना चाहती है। अब प्रदेशभर में एबीवीपी सड़कों पर उतरकर विरोध दर्ज करवाएगी। प्रदर्शन में भारत भूषण यादव, मनु दाधीच, देव पलसानिया, गुलशन मीणा, विष्णु मीणा, सज्जन सैनी, राजेंद्र प्रजापत सहित बड़ी संख्या में एबीवीपी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौरतलब है कि एबीवीपी के कार्यकर्ता करौली में दलित युवती की हत्या के विरोध में शुक्रवार को विधानसभा का घेराव करने पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कर दिया था। लाठीचार्ज में एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री हुश्यार मीणा, मनु दाधीच, भारत भूषण यादव सहित एक दर्जन छात्रों को गंभीर चोटें आई थीं।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं ने लाठीचार्ज की घटना के विरोध में ज्योति नगर थाने का घेराव किया।


## 'सुपर माइक्रोसर्जरी से पुनः बनाया गया अंग पहले की तरह ही काम करता है'

**जयपुर** । स्तन पुनर्निर्माण, जननांग पुनर्निर्माण, लिम्फेडेमा क्लिनिक, विकृति सुधार जैसी कई प्रक्रियाओं में प्लास्टिक सर्जरी की भूमिका अहम है। सुपर माइक्रो सर्जरी की सहायता से पुनः बनाया गया अंग शरीर में पहले की तरह काम कर सकता है। विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस के मौके पर भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के एडवांस रिकंस्ट्रक्शन सेंटर के प्रमुख डॉ. उमेश बंसल ने बताया कि आज भी आमजन प्लास्टिक सर्जरी को कॉस्मेटिक सर्जरी मात्र से जोड़ते है, लेकिन वास्तव में कैंसर पेशेंट में प्लास्टिक सर्जरी की आवश्यकता पिछले कुछ सालों में बहुत तेजी से बढी है। प्लास्टिक सर्जरी के द्वारा लोकल एडवांस कैंसर का इलाज संभव हो सकता है। एक साल में रिकंस्ट्रक्शन सर्जन की टीम ने सेंटर में 550 पुन-निर्माण सर्जरी करके रोगी के जीवन को पहले की तरह सामान्य करने में अहम भूमिका निभाई है।

प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ.सौरभ रावत ने बताया कि सर्जरी के दौरान कैंसर की गांठ को शरीर से बाहर निकाला जाता है, उस दौरान महत्वपूर्ण अंग जैसे जीभ, आहारनली, जबडा आदि भी हटाया जाता है। ऐसे मेंरिकंस्ट्रक्शन सर्जरी की आवश्यकता होती है। इस सर्जरी की तकनीक में आने वाली आधुनिकताओं से फंक्शनल रिकंस्ट्रक्शन संभव हो रहे है। आज युवाओं से लेकर बुर्जुगों में इस तरह की सफल सर्जरी की जा रही है।

# 58 ग्राम कोकीन के साथ दो विदेशी युवक गिरफ्तार

## सी.आई.डी. क्राइम ब्रांच की टीम ने जवाहर नगर में दबिश देकर दबोचा





गिरफ्तार आरोपी एम्मानुइल जॉन व ओलेय फ्रिडे मारवेलोस

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जयपुर में दो विदेशी युवकों को गिरफ्तार कर 58 ग्राम कोकीन व 1 लाख रुपये बरामद किए। गिरफ्तार विदेशी नागरिकों में से एक के पास पासपोर्ट नहीं है, जबकि दूसरे के पास मिले पासपोर्ट की समयावधि खत्म हो चुकी है। गिरफ्तार आरोपी ओलेय फ्रिडे मारवेलोस और एम्मानुइल जॉन दोनों नाइजीरिया के रहने वाले है। बरामद कोकीन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. ने बताया कि सीआईडी क्राइम ब्रांच के हैड कांस्टेबल कमल सिंह को जयपुर के जवाहर नगर थाना इलाके में अवैध

- **आरोपियों के कब्जे से जब्त कोकीन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है**

मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में मिली। सूचना के आधार पर एडिशनल एसपी संजीव भटनागर के सुपर विजन और इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने जवाहर नगर इलाके की सिंधी कॉलोनी में स्थानीय पुलिस के सहयोग से दबिश दी और दो विदेशी युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से 58 ग्राम कोकीन और विक्रय रकम 1 लाख रुपये बरामद किए।

## शादी के 10 दिन बाद भागी दुल्हन

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के खोह-नागोरियान इलाके में लुटेरी दुल्हन शादी के 10 दिन बाद घर से नकदी और जेवर लेकर फरार हो गई। आरोपित विवाहिता ने रात के अंधेरे में अलमारी के लॉकर में रखे लाखों रुपए के गहने और नकदी को पार किया और घर से दबे पांव निकल गई। खोह नागोरियान थाने में पीड़ित दूल्हे ने मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि खोह नागोरियान निवासी 41 साल के दूल्हे ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसकी पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। परिचित जोनी और उसकी पत्नी संध्या ने उसकी शादी कराने की बात रखी। एजेंट जोनी ने शादी के लिए उसे मेघा (28) नाम की लड़की दिखाई। पसंद आने पर एजेंट जोनी और उसकी पत्नी ने करीब 70 हजार रुपए और मेघा की मां अनिता ने 70 हजार रुपए शादी कराने का सौदा तय किया। रुपए देने के बाद 27 मार्च को दोनों की आर्य समाज में शादी करवा दी। पीड़ित का कहना है कि वह दुल्हन को लेकर अपने घर आ गया। करीब 10-12 दिन वह उसकी पत्नी बनकर सुसराल में हंसी-खुशी रही। रात के अंधेरे में मौका पाकर अलमारी से सोने-चांदी के गहने और 1.20 लाख रुपए लेकर भाग गई। घर पर दुल्हन के नहीं मिलने पर पूरी वारदात सामने आई।

# क्रिकेटर व सांसद गौतम गंभीर ने किया "सांगानेर क्रिकेट लीग" का उद्घाटन

## सांगानेर विधायक डॉ. अशोक लाहोटी करवा रहे हैं यह क्रिकेट लीग

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर क्रिकेट लीग का उद्घाटन शनिवार को मानसरोवर स्थित के.एल.सैनी स्टेडियम में पद्मश्री क्रिकेट स्टार व युवा सांसद गौतम गंभीर ने किया। युवाओं के लिए यह आयोजन सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी करवा रहे हैं। उद्घाटन पर गौतम गंभीर और विधायक लाहोटी के साथ सेल्फी लेने के लिए हजारों युवाओं की भीड़ उमड़ी।

सांगानेर विधायक डॉ. अशोक लाहोटी ने बताया कि सांगानेर क्रिकेट लीग के उद्घाटन पर राजस्थान

- **जयपुर के पांच अलग-अलग क्रिकेट ग्राउंड पर 20 दिन तक खेले जाएंगे मैच**

रणजी टीम के कप्तान विनोद माथुर, संजीव व्यास, मो. असलम, पी.कृष्णा कुमार, पंकज सिंह, राहुल कांवट, रोहित झालानी, विनित सक्सैना, अनिकेत चौधरी, अखिलेश मित्तल एवं जयपुर डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इकबाल खान, ओम शर्मा, सलीम कॉमरेड, तपेश कौशिक, रणजीत सैनी भी मौजूद रहे। लाहोटी ने बताया कि शनिवार को 'सांगानेर क्रिकट लीग' में 221 युवाओं की टीमें, 6 महिला टीम, 4 वरिष्ठ नागरिक टीमों ने निःशुल्क रजिस्ट्रेशन किया है। इस प्रतियोगिता में करीब 3500 से अधिक खिलाड़ी खेलेंगे।

यह क्रिकेट लीग 5 अलग-अलग क्रिकेट ग्राउंड पर 20 दिन तक चलेगी। क्रिकेट लीग में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा। लाहोटी ने बताया कि शनिवार को सभी टीमों की उपस्थिति में गौतम गंभीर जी ने उद्घाटन मैच का ड्रॉ निकाल कर राजपूताना 11 और राधा निकुंज 68 दोनों टीमों का मैच शुरू करवाया, मैच देखने के लिए हजारों दर्शक भी उमड़े।



मानसरोवर स्थित के.एल. सैनी स्टेडियम में 'सांगानेर क्रिकेट लीग' का उद्घाटन करने पहुंचे सांसद व क्रिकेटर गौतम गंभीर व विधायक अशोक लाहोटी के साथ युवाओं ने सेल्फी ली।

## विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस पर सेमिनार आयोजित

**जयपुर**। विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस पर जयपुर के एसएमएस अस्पताल के जेएमए सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा, एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा, प्लास्टिक सर्जरी के सीनियर प्रोफेसर डॉ आर के जैन व डॉ मालती चौहान सहित अन्य डॉक्टर्स मौजूद रहे। सेमिनार को संबोधित करते हुए डॉ आरके जैन ने कहा कि आज स्किन बैंक को एक साल पूरा हो गया है। यह नार्थ इंडिया का पहला स्किन बैंक है, जो एम्स से पहले जयपुर में खोला गया। स्किन बैंक में सभी तरह की सुविधाएं मौजूद है। इसका लाभ बर्न केस के मरीजों को मिल रहा है। लेकिन अब भी लोगों में स्किन डोनेशन को लेकर जागरूकता का अभाव है। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा ने कहा कि प्लास्टिक सर्जरी की उपयोगिता सर्वाधिक होती है। सभी डिपार्टमेंट में प्लास्टिक सर्जन कार्य करते है। एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने कहा कि वह न्यूरोसर्जन है। उनके डिपार्टमेंट में प्लास्टिक सर्जन की बहुत जरूरत होती है। इसके साथ ही सभी डिपार्टमेंट में प्लास्टिक सर्जन काम करते है। स्किन डोनेशन करने वालों के परिजनों को सम्मानित किया गया। एक डोनर के परिजन ने कहा कि उनकी पत्नी का देहांत हो चुका है। जिनके देहांत होने पर उन्होंने स्किन व अन्य ऑर्गन डोनेशन किया, लेकिन कई लोगों को डोनेशन कहां-कैसे करना है, इसका मालूम नहीं।

## सार-समाचार

### 500 बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री



**जयपुर** (कासं)। व्यास सेवा संस्थान एवं उत्कर्ष संस्थान जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को राजकीय महात्मा गांधी एनवीडी स्कूल सी-स्कीम जयपुर में करीब 500 बच्चों को पाठ्यसामग्री वितरित की गई। विद्यार्थियों को उनके कोर्स के हिसाब से कापियां, पेन पैंसिल, रबड़ व स्लेट का वितरण किया गया वितरण कार्यक्रम में खादी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष परमानंद पवार, राजस्थान विप्र कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, मोतीचंद डागा, राजस्थान ब्राह्मण समाज जयपुर इकाई के अध्यक्ष गोविंद शर्मा जोहरी, स्थानीय पार्षद जितेन्द्र श्रीमाली, मनोज पारीक, गोपाल पारीक, कमल शर्मा, कैलाश शर्मा, व पूर्व बीईईओ सुभाष चंद्र झा, धर्मपाल व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। व्यास सेवा संस्थान के सचिव नरेंद्र व्यास ने बताया कि संस्थान वर्ष 2015 से निरंतर राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाता आ रहा है। विगत वर्ष 20 हजार बच्चों को पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। इसके अलावा संस्थान निःशुल्क मेडिकल कैंप, गायों को चारा, भिक्षावृति उन्मूलन कार्य, मंदिरों की साफ-सफाई जैसे अनेक कार्य करता है। कार्यक्रम में नशा मुक्ति का संदेश भी दिया गया। विद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर कविता गर्ग ने स्कूल की कार्यक्रमों की जानकारी दी। अंत में संस्थान के अध्यक्ष कैलाश शर्मा राष्ट्रदूत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### विजेता प्रतिभागियों का सम्मान किया



**जयपुर**। युवा वैज्ञानिक सुबोध पब्लिक स्कूल में मॉडल कांपटीशन स्कूल प्रिंसिपल कमलजीत यादव ने विश्व युवा कौशल दिवस पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं द्वारा डिसप्ले मॉडल निर्णायक मंडल द्वारा न केवल जांचा परखा गया उनके इस कार्य की सराहना भी की गई । जिसकी थीम टेक्नोलोजी एण्ड टॉयज व सब थीम 6 तरह की आयोजित की गई है। जियो साइंस आईटी इन वैरीयस सेक्टर्स, मैथ्स इन डेली लाइफ, बायो एनवायरनमेंट, फिजिकल साइंस, कॉमस एंड ट्रेड।थीम यथा कॉमर्स विद वन डिजास्टर रेसिस्टेंट बिल्डिंग ट्रैफिक विदाउट ट्रैफिक सिग्नल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग , स्मार्ट सिटी, एप्लीकेशन ऑफ ए आई आदि सभी मॉडलस आगंतुकों को अपनी और आकर्षित कर रहे थे स्टूडेंट्स अपनी अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने की कोशिश कर रहे थे। इस प्रतियोगिता में लगभग डेढ़ सौ मॉडल्स डिस्प्ले किए गए।

### 254 हाजी जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे



**जयपुर** (कासं)। हज 2023 के मुकद्दस सफर से आने वाले हाजियों की 15वीं फ्लाइट एआई 5442 ड्रीम लाइनर में कुल हाजी 254 जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे जिनका बडे खुशनुमा माहौल में फूल देकर इस्तकबाल किया गया। मैंबर राजस्थान स्टेट हज कमेटी राजस्थान सरकार अब्दुल हकीम खान ने बताया कि जयपुर एयरपोर्ट पर अधिशासी अधिकारी डाक्टर महमूद खान, अशोक, वसीम खान युवा नेता, लईक अहमद बारां सलीम अहमद मौजूद रहे।

# 'यू.ई.एम. के छात्रों व शिक्षकों ने 100 से अधिक पेटेंट दाखिल और प्रकाशित किए'

## यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग बीते 11 वर्षों में सिरमौर बना : प्रोफेसर चटर्जी

**जयपुर** (कासं)। यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यू.ई.एम.) जयपुर ने वर्ष 2012 में इंजीनियरिंग, प्रबंधन और फिजियोथेरेपी के पाठ्यक्रम शुरू किए थे, लेकिन बीते 11 वर्षों में यह विश्वविद्यालय सिरमौर बन गया है।

वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. बिस्वजोय चटर्जी ने बताया कि हाल ही में यू.ई.एम. जयपुर के छात्रों और शिक्षकों ने एक ही शैक्षिणक सत्र में 100 से अधिक पेटेंट दाखिल और प्रकाशित किए हैं। विश्वविद्यालय एक शोध उन्मुख संस्थान है और इसके छात्र व शिक्षक पेटेंट लेखन, शोध लेख प्रकाशन व पुस्तक प्रकाशन के रूप में काफी शोध प्रकाशन कर रहे हैं। वे न्यूयॉर्क, लास वेगास, कनाडा, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड और यूके जैसे विदेशों में आईईएम-यूईएम समूह द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भी भाग ले रहे है।

डॉ. चटर्जी ने बताया कि 11 साल की छोटी अवधि के भीतर, यूईएम जयपुर अब कैंब्रिज अंग्रेजी मूल्यांकन परीक्षा के लिए एक अधिकृत परीक्षा केंद्र है, भारत ब्लॉकचैन एलायंस द्वारा ब्लॉकचैन टेक्नोलॉजी के लिए उत्कृष्टता केंद्र, साइबर सुरक्षा के लिए पैलोअल्टो नेटवर्क के लिए अधिकृत शैक्षिणक भागीदार, सिस्को नेटवर्क नेटवर्किंग समाधान के लिए, एमेजन वेब सीरीज द्वारा क्लाउड आधारित सेवाओं और शिक्षा के लिए एडब्ल्यूएस अकादमी और बहुत कुछ के लिए उपयोगी बना है। हमारे छात्रों और फैकल्टी ने प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया है। इंडस्ट्री एकेडेमिया इंटरेक्शन प्रोग्राम के तहत 600 से अधिक शीर्ष उद्योगों और कंपनियों के साथ इंटर्नशिप और प्लेसमेंट टाई-अप हुए है।

रजिस्ट्रार डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि बताया कि विश्व आर्थिक मंच द्वारा हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और संबंधित क्षेत्र विश्व अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों को बदल देगा। एआई, डेटा साइंस, डेटा एनालिटिक्स, सेंसर, वियरेबल टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्यूशंस युवा इंजीनियरों को आने वाले 5 से 6 वर्षों में इन उभरती प्रौद्योगिकियों पर काम करने और उनका पता लगाने का एक बड़ा अवसर प्रदान करेंगे। हम मरीजों का इलाज कैसे कर रहे हैं और फसलें कैसे उगा रहे हैं, इसमें क्रांतिकारी बदलाव आएगा। यूईएम जयपुर के छात्रों को हमेशा सबसे उन्नत और नवीनतम तकनीकों के साथ काम करने का अवसर दिया गया है, ताकि उन्हें नौकरी के लिए तैयार और रोजगार योग्य बनाया जा सके।

वाइस चांसलर डॉ. चटर्जी ने बताया कि यूईएम विश्वविद्यालय एन.ए.ए.सी. से मान्यता प्राप्त है और एआईसीटीई से स्वीकृत व आई.एस.ओ. प्रमाणित है। यह यूनिवर्सिटी एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज, एसोसिएशन ऑफ कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटीज यूके और इंटरनेशनल

- **चटर्जी ने कहा कि यू.ई.एम. के छात्र व शिक्षक पेटेंट, शोध, लेख और पुस्तक प्रकाशन में जुटे हुए हैं**

एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज फ्रांस की सदस्य भी है। विगत 11 वर्षों में स्वयं विश्वविद्यालय और इसके छात्रों तथा संकाय सदस्यों ने जितने सम्मान और पुरस्कार प्राप्त किए हैं, वे सराहनीय हैं और उत्कृष्टता की दृष्टि को साकार करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं। 11 वर्षों की छोटी सी अवधि में यूईएम जयपुर ने न केवल पेश किए गए पाठ्यक्रमों की संख्या, नामांकित छात्रों की संख्या, संकाय सदस्यों की संख्या में, बल्कि इसके अनुसंधान आउटपुट की मात्रा और गुणवत्ता में भी कई गुना वृद्धि की है, चाहे वह तकनीकी रूप से हो, पेटेंट दायर, प्रायोजित शोध या परामर्श में हो।

जयपुर रिसर्च, इनोवेशन और प्लेसमेंट में राजस्थान की टॉप यूनिवर्सिटी है। इसके अलावा यूईएम जयपुर छात्रों को करोड़ों रुपए की स्कॉलरशिप और फीस में छूट, शोध कार्य के लिए शिक्षकों को प्रोत्साहन, यूनिवर्सिटी में रिसर्च ओरिएंटेड इको-सिस्टम व प्रोजेक्ट डवलपमेंट के लिए अनुदान प्रदान करता है।




यू.ई.एम. जयपुर के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. बिस्वजोय चटर्जी शनिवार को पत्रकारों से रूबरू हुए।

## प्रदेश में बांटे जाएंगे पांच हजार किलो पीले चावल

**जयपुर** । आगामी 3 सितम्बर को होने वाले ब्राह्मण महासंगम के लिये आज बनीपार्क स्थित खण्डाका हाउस मे सर्व ब्राह्मण महासभा एवं अन्य ब्राह्मण संगठनों की प्रदेश स्तरीय संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिसमें समाज की महिलाओं ने पीले चावल वितरण कर कार्यक्रम की शुरुआत कि साथ ही तय किया गया है कि पूरे प्रदेश में 5 हजार किलो पीले चावल वितरण किये जायेगें। जिसकी शुरुआत आज जयपुर से हुई।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि 3 सितंबर को आने वाले महासंगम के प्रति समाज का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इसलिए इस बार पहली बार प्रदेश की 200 की 200 विधानसभाओं से समाज बंधुओं को जयपुर बुलाया जाएगा और समाज हित में जो भी निर्णय इस महासंगम में लिये जायेगें उन्हें समाज के हर तबके तक पहुंचाया जायेगा।

समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव सबको साथ लेकर चलता है तथा सर्वजन सुखाय की भावना के साथ काम करता है। पूरी उम्मीद है कि आगामी ब्राह्मण महासंगम देश को एक नई दिशा देगा।

शर्मा कहा कि महासभा ने एक लम्बी लडाई ईडब्ल्यूएस आरक्षण के लिये लड़ी थी। उस समय भी महासभा ने लाखो-लाख ब्राह्मणों को आरक्षण रैलियां आयोजित की थी और सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने उस समय महासभा के मंच पर आकर समर्थन दिया था।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में समाज का प्रतिनिधित्व बढे और समाज एकजुट होकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। मुख्य एजेंडे के रूप में 14 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग, भगवान परशुराम विश्वविद्यालय की स्थापना, भगवान परशुराम जी की 111 फीट प्रतिमा की स्थापना, प्रत्येक जिले में गुरूकुल की स्थापना, ईडब्ल्यूएस आरक्षण में हो रही विसंगतियों को दूर करना, ब्राह्मण आरक्षण आंदोलन के समय लगाये गये मुकदमों को वापिस लेना, ब्राह्मण बालिकाओं के लिये छात्रावास की स्थापना, ईडब्ल्यूएस आरक्षण में राजनीतिक आरक्षण भी मिले सहित अन्य प्रस्ताव इस महासंगम में लिये जायेगें। महासभा ने समाज को एकजुट करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम हाथ में ले रखे है। जिसमें सामूहिक विवाह, सामूहिक उपनयन संस्कार, ज्योतिष कर्मकाण्ड शिविर, छात्रवृत्ति देने सहित अनेका अनेक कार्यक्रम महासभा द्वारा किये जा रहे है। सभी वक्ताओं ने कहा कि इस महासंगम में ब्राह्मण अस्मिता को मजबूत करने, समाज को एकजुट करने साथ ही राजनीतिक एवं सामाजिक रूप से समाज की ताकत को बढाना, एकमात्र उद्देश्य होगा। जिन्हे प्रत्येक गांव, तहसील तक पहुंचाया जाये, इस पर भी चर्चा होगी।



## World Snake Day

Snakes have gotten something of a bad rap over the past few thousand years. What with that one snake tricking that nice lady into eating an apple way back when, thus condemning the entire human race to mortality, snakes have been mistrusted if not flat-out feared. And while it is understandable that people may fear an animal that can easily kill them, we think these fascinating, diverse creatures that range from several inches to 30 feet long, and from friendly and docile to aggressive and deadly, deserve for people to find out more about them.

#LIFESTYLE

# Kids' Room Wall Decor Ideas

Encourage flights of fancy with these kids room wall decor ideas



Creativity is king when designing for kids' room, and the right wall decor ideas can truly help curate a space that is fun, playful, and inspiring. Finding a style that will suit your child's room for as long as possible is tricky, but wall decor is an easy-to-change way to embrace whimsical design while they're still young.

Experiment with fun wall art, paints, wallpapers, to even wall storage to enhance the kid's room. Take a look at these amazingly designed spaces, and get cracking.

### A Fun, Patterned Wallpaper

In the kid's bedroom, wallpaper can do a lot of heavy lifting when it comes to introducing fun. Choose a wallpaper that appeals to them, and don't be afraid of large motifs and bright hues. While designing a kid's room, choose one wall to decorate with a bold design, or go all-in with a wallpapered room.



### A Wall Mural

Sure, the walls can play dress-up with kids' artworks and drawings but to give the room a more dramatic look, try a wall mural. To keep it stylish, avoid passing fads like designs based on your child's favourite characters or toys, and look to modern wall decor with a playful edge.

### Add Two Tone Paints



Create an eye-catching bedroom accent wall with two colours for instant contrast and architectural interest - a modern way to add dimension to a room. If you're planning on painting the room yourself, first determine the height of your paint line, measuring from the ceiling down. Once you've decided how you want to divide the colours on the wall, tape it off using painter's tape and a level, and start painting. If you're struggling to line up the paint, use an existing feature in the room, like the door frame, chair rail, or fireplace mantel as a guide.

### A Decorative Headboard

If you're not looking to install wall decor pieces or add nails to the walls of your rental, then a great way to add design drama to a kid or teenager's bedroom is with a large headboard. The bed is the most important piece of furniture in a bedroom, so deserves the most attention. One way to make a statement, and in the process create a fun accent wall, is to choose a tall or interestingly-shaped headboard.




To make sitting up in bed comfortable for the young ones, you could choose from tufted panels, leather designs, or suede, to silk headboards.

### Add Artworks

An obvious place to display kids' artwork is in their rooms. You could try different techniques for display, perhaps a pegboard, clothespins that attach pictures to twine for an inexpensive solution, or a photo rail.

If the child's bedroom opens up to a hallway, you could create a casual gallery wall to showcase their latest work.





# Not giving an inch



Lt Gen Bhopinder Singh
*Former Lt Governor of A&N Islands and Puducherry*

Many claimants to the 'liberator' of Bangladesh abound, but it was Sagat who led the forces on the ground, whilst heliborne over his leading troops, and even had his helicopter shot at. Sagat was India's Patton, unstoppable. His warrior instinct and cavalier attitude often posited him at odds with his seniors but Sagat was too formidable to be tinkered with as he pressed ahead regardless, with his eyes fixated on Dacca, even though Dacca was not the objective for his corps. Of the three corps involved in the attack, Sagat's relentless, bold and audacious leadership saw him take his division across the mighty Meghna River, as the Pakistanis watched, thunderstruck in its temerity. Not one to pontificate, procrastinate or suffer fools - Sagat went for the kill as warriors do.

Violent-standoffs like Galwan are not about 'balance sheet' comparisons of numerical strength, technological advancements or even nuclear arsenals between the two powers. It is usually a contest of man-to-man equals as bilateral understanding necessitates non-usage of weapons, except if a power cheats the other by carrying crude contraptions that reneges on the bilateral understanding, as done by the Chinese. Even with the patented Chinese chicanery and the resultant advantage, the Indian soldiers held their own and the indefatigable spirit of the Indian Army is personified by the martyrdom of the 'Commanding Officer' who led from the front, a uniquely Indian phenomenon. Persevering in the face of unimaginable adversity has been the hallmark of the Indian soldier, as borne by the reconquering of the Kargil heights from a position of absolute disadvantage, which international military historians acknowledge as unparalleled in modern-day infantry action. The ethos of steel has been burnished in the ranks akin to the stirring warrior's impulse, 'The Spartans do not ask how many the enemy, but where they are are'.

> Deep in the unforgiving Thar deserts seeps the saga of fabled 'Ran Banka Rathore' warriors who have held their own, since antiquity. One such fierce clansmen was Sagat (perhaps an English distortion of 'Sakat' or unflinching) Singh, for whom joining the profession of arms was a natural choice.



Readying for battle

## #WARRIOR

Deep in the unforgiving Thar deserts seeps the saga of fabled 'Ran Banka Rathore' warriors who have held their own, since antiquity. One such fierce clansmen was Sagat (perhaps an English distortion of 'Sakat' or unflinching) Singh, for whom joining the profession of arms was a natural choice. From the State Forces of 'Bikaner Ganga Risala' to joining the 'Third Gurkha Rifles' on the amalgamation of State Forces was a seamless transition, as the combatant had seen already seen action in Sindh and Iran-Iraq. The legend of Sagat Singh could be summed up by saying that Sagat never lost a battle, he ever partook - and he remains, arguably, the most combat intense Commander of the Indian Army. Sagat was the Brigade Commander of the only Para-Brigade that literally jumped into Panjim in the liberation of Goa in 1962. He played an invaluable role in quelling the Mizo insurgency. As the corps commander, his exploits of dare and dash that resulted in Bangladesh, are simply unmatched.

Many claimants to the 'liberator' of Bangladesh abound, but it was Sagat who led the forces on the ground, whilst heliborne over his leading troops, and even had his helicopter shot at. Sagat was India's Patton, unstoppable. His warrior instinct and cavalier attitude often posited him at odds with his seniors but Sagat was too formidable to be tinkered with as he pressed ahead regardless, with his eyes fixated on Dacca, even though Dacca was not the objective for his corps. Of the three corps involved in the attack, Sagat's relentless, bold and audacious leadership saw him take his division across the mighty Meghna River, as the Pakistanis watched, thunderstruck in its temerity. Not one to pontificate, procrastinate or suffer fools - Sagat went for the kill as warriors do, a lightening overshot of objectives ensured Dacca, and a nation was born. Not bothering about limelight or credit, Sagat's heroics were played down subsequently - but he was already a legend much earlier. Sagat hit hard, always.

While Bangladesh established Sagat as the most formidable 'Combat Commander' ever, it was in 1967 that the Military realised that Sagat was cut from a different cloth. For five years the festering wounds of 1962 Indo-Sino war had irked Sagat's conscience, and the man of destiny like his forefathers sought to avenge the slightest dishonour - opportunity came knocking, and the man who had a talent for war, latched on to with it both hands, and how! In 1965 as a Major General and GOC of 17 mountain divisions, the Chinese made provocative bids in two areas, Nathu La and Jelep La. Fatally for the Chinese, Nathu La was under Sagat's command. Given the overall situation, the HQs had given the permission to vacate and fallback - while Jelep La was vacated by the other division, Sagat famously disagreed and reasoned furiously by fortifying even further and refused to be cowed down. This brazen defiance was proved to be useful in 1967 when Nathu La erupted in a violent clash, where serendipitously similar to Galwan, the CO of a battalion was killed by the Chinese and the Indian side 'opened up' with heavy retaliation. The dispute was on the development of military infrastructure on the Indian side - but Sagat refused to buckle and commenced relentless artillery fire along with infantry attacks. The Chinese were struck like never before, and the final tally was over 300 Chinese fatalities to 65 on the Indian side. The Chinese had picked a fight with the wrong man, Sagat was raring to have a go for over two years and when the border did erupt, Sagat redeemed his memories of 1962 and bloodied the Chinese nose that ensured no such attempt was made, till 2020.

The blood that runs through the veins of the Indian Army is of the DNA given by the likes of Sagat, who fight fair and straight. The fearless devil-may-care persona of a Sagat was perhaps unpalatable to many careerists, who ensured Sagat retired without becoming at least an Army Commander - but the warrior had kept his word to his conscience and his forefathers in all battles and had always triumphed. Sagat was unconventional in his approach, but never unprofessional - his instincts for war always saw openings which none saw, and before anyone realised, Sagat hit hard, very hard. He is the sort of leader the enemy feared and the soldiers under him revered for they knew that when the chips were down, Sagat would never back down. At 6 feet 2 inches, the giant of a man sent shivers down the Chinese by looking them in the eye and going at them, all guns blazing - such legends sometimes get overlooked by their own, as irony died a thousand deaths when Sagat was probably the only General in 71' operations who didn't get a gallantry award, but then again, the likes of Sagat neither seek nor retreat.



The Black Cat Division (17 Mountain Div) conducts the birth centenary celebrations of Lt Gen Sagat Singh at Nathu La last year with full military grandeur.



Lt Gen Sagat Singh standing behind Gen Niazi signing the Instrument of Surrender in Dacca.

> The blood that runs through the veins of the Indian Army is of the DNA given by the likes of Sagat, who fight fair and straight. The fearless devil-may-care persona of a Sagat was perhaps unpalatable to many careerists, who ensured Sagat retired without becoming at least an Army Commander - but the warrior had kept his word to his conscience.



Sagat Singh addresses his troops.

rajeshsharma1049@gmail.com
*(The writer is the former Lt Governor of Andaman and Nicobar Islands & Puducherry. Views expressed are personal)*

# Bofors in the Siachen



Considerable effect and damage to Pakistani fortifications was achieved, as picked up from their intercepts later. In the evening, our battery received a case of whiskey and four cases rum as a gift from the Brigade Commander to celebrate this inaugural operational firing of Bofors not only in India, but anywhere in the world.



Lt Gen MS Buttar, AVSM, VSM

#MILITARY ANECDOTES

The induction of the 155 mm FH77B Guns (Bofors) into the Indian Army commenced in May/June 1987. My unit, 285 Medium Regiment was located at Tezpur and we were the first to be equipped with these guns. At that time I was commanding 'Q' Battery.


By early 1988, tension was building up in the Siachen Glacier with Pakistan making repeated attempts to capture Bana Post. This post had been captured by India in 1987 in what was thought to be an impossible mission. At that time, the Pakistanis had named it Qaid post after Jinnah, but after its capture it got its name from Subedar Bana Singh, who was awarded a PVC for his role in the capture of this position.

### Induction of Bofors

To counter Pakistan's artillery, we received orders on 06 May 1988 for immediate move of one battery of our regiment to Siachen by air. The Commanding Officer, Col NS Ghotra nominated my battery for this task. Air transportation of six guns, two gun towers, one x 1 ton and a jeep along with first line ammunition was planned for. The move commenced on 08 May 1988 with two IL76 aircraft of 44 Squadron under the command of Group Captain AG Bewoor. Both aircraft carried out two sorties each to ferry all personnel, guns and equipment from Tezpur to Chandigarh in Phase1. Thereafter, ferrying to Thoise was completed in Phase 2 with one gun at a time between 09 and 16 May 1988. Further move to base camp by road was completed and the battery operationally deployed by 28 May 1988.

### Operational Firing

Lt Gen BC Nanda, the then Army Commander authorised inaugural firing of our guns in the first week of August 1988. The requirement came up soon after on 14 August, which also happened to be Pakistan's Independence Day. A Pakistani Post in Bilafond La sub sector was identified for punishment. Brigadier CS Nugyal (later Major General), Commander 102 Infantry Brigade and myself moved by helicopter upto Kumar Post and then by snow scooter to the selected OP Position. Captain DP Singh was performing the duties of Battery 2IC and GPO at the gun position. Technical support systems comprising Observer and Battery Computer Modules, Met sounding equipment and automated survey system had not yet been received. All calculations were therefore carried out manually. Fire orders were relayed through the Field Regiment Battery Commander at Kumar and his headquarters at base camp.






> Lt Gen BC Nanda, the then Army Commander authorised inaugural firing of our guns in the first week of August 1988. The requirement came up soon after on 14 August, which also happened to be Pakistan's Independence Day. A Pakistani Post in Bilafond La sub sector was identified for punishment.

### The Guns are Fired

Fire orders completed, first ranging round was fired at about 8:30 AM. Three OP Officers in the area were asked to observe and provide compass bearings to the point of burst to fix the fall of shot and facilitate corrections. After one more correction, third round landed in the centre of the Pakistani Post at a recorded range of 37.5 km (additional range achieved due to high altitude effect). We fired a total of 45 rounds from three guns, achieving an excellent spread of 125 metres along the line of fire. Considerable effect and damage to Pakistani fortifications was achieved, as picked up from their intercepts later. In the evening, our battery received a case of whiskey and four cases rum as a gift from the Brigade Commander to celebrate this inaugural operational firing of Bofors not only in India, but anywhere in the world.


writetoarbit@rashtradoot.com

#SELF-DEVELOPMENT

# Try 'Habit Stacking'

Forming bad habits is easy, but building good habits is surprisingly hard-even though most of us crave routine to one degree or another.

Luckily, here's a way to use your natural inclination toward routine to build and maintain a new habit. It's called habit stacking, and you can think of it like glueing a new habit to an existing one.



### What is habit stacking?

Habit stacking happens when you tack a desired behavioural change onto an existing routine.

Theoretically, that way the thing you're having trouble sticking with just becomes part of your broader, ongoing string of habits. Consider the things you already do every day: Brushing your teeth in the morning and at night, making your coffee in the morning, walking your dog at lunchtime, etc.

During any one of those, you can add in a second necessary task that will benefit reciprocally from happening alongside your existing routine.

### How to get started?

There are plenty of ways to build a habit stack, but first you need to identify the tasks you're struggling with. For example, if you know you need to sort through your emails every morning but you tend to put it off as soon as you log in to work, keep it in mind as a possible candidate for adding to a stack.

Once you've identified the things you want to do but don't, identify the things you do do, whether it's taking a break every day at 3 p.m. to scroll social media or doing the dishes after every meal. Examine each and look for ways you could stack the less-sticky tasks on top of them.

The trick is to figure out which things can stack cohesively. You can't return phone calls while you're running at the gym, but maybe you can do so while you're commuting. You can't study while you brush your teeth, but you can practice your deep breathing.

Once you've determined which habits can stack, write down your plans somewhere like a Google doc-"I will respond to my emails every morning by 10, while I eat breakfast"-and for the first few days, actively check in on it to make sure you're staying on top of them. Eventually, they'll become habitual, just like the activities you've paired them with.

THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# चोरी का राजफाश नहीं होने पर व्यापारियों ने बाजार बंद रखे

## अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में शहर के सभी वर्ग के व्यापारी उपस्थित रहे

**पोकरण,** (निसं)। पोकरण शहर के व्यापार मंडल के नेतृत्व में लगातार शहर में हो रही चोरी एवं डकैती की घटनाओं का पुलिस प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं करने एवं चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होने के कारण व्यवसायियों एवंआम जनता में गहरा रोष है।

बुधवार की रात्रि को ड्राई फूड के होलसेल व्यापारी नरेंद्र गांधी की शहर के हृदय स्थली चौराहा की दुकान में तीस०लाख समान की चोरी के घटना से व्यापारियों में भारी रोष है। जिसके बाद व्यापारियों अपनी मांगों को लेकर गुरुवार से अनिश्चितकालीन तक दुकानें बंद करने का निर्णय लिया। मांगों को लेकर शनिवार को दूसरे दिन भी व्यवसाई प्रतिष्ठान पूर्ण रूप से बंद रहे, भाजपा के वरिष्ठ नेता संत प्रतापपुरी महाराज अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे व्यवसायियों के बीच शनिवार को दोपहर में चोरी व डकैती की घटनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। वहीं पुलिस प्रशासन की नाकामी एवं जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण आमजन में गहरा रोष एवं भय व्याप्त हो गया है। वहीं पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित धरना स्थल पर पहुंचकर व्यापारियों का हौसला अफजाई करते हुए पुलिस प्रशासन की नाकामी के कारण आए दिन चोरी एवं डकैती की घटनाएं खुलेआम हो रही है।



पोकरण में चोरी की वारदात के राजफाश नहीं होने पर व्यापारियों का धरना प्रदर्शन जारी रहा।

जिसके कारण व्यापारियों में भय का वातावरण बना हुआ है। पोकरण शहर में दुकानों के अनिश्चितकाल दुसरे दिन बंद रखने के व्यापार मंडल के निर्णय के बाद शहर में दुकानें अनिश्चितकालीन के लिए सभी व्यवसायियों ने एकजुटता दिखाते हुए अपने अपने व्यवसाय बंद रखे। जरूरतमंद लोगो को जरूरी सामान लेने के लिए बाहर निकले तो सही लेकिन उन्हें बिना सामान लिए खाली हाथ लौटना पड़ा। अनिश्चितकाल तक दुकानें बंद रखने का व्यापार मंडल का फैसला सही होता दिखाई दे रहा है।

उपखंड कार्यालय के आगे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन मे शहर के सभी वर्ग के व्यापारी उपस्थित रहे। शहर में लगातार चोरी व डकैती की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ रही है, वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं करने के कारण चोरों के हौसले बुलंद है, शहर में हो रही चोरी की वारदातों को लेकर प्रार्थी गणों द्वारा ज्ञापन एवं धरना प्रदर्शन कई बार कर चुके हैं। वहीं जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी समझौता वार्ता के तहत कुछ दिनों की मौहलत लेकर चोरी एवं डकैती का खुलासे का आश्वासन देकर इतिश्री कर दी जाती है या इस ओर ठोस कदम पुलिस उठाती है।

# आखिरी विधानसभा सत्र में सरकार को घेरने की पुख्ता रणनीति : देवनानी

## सत्रावसान ना कर सरकार ने लोकतांत्रिक परंपराओं का गला घोंटा : देवनानी

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने राज्य सरकार पर लोकतांत्रिक परंपराओं का गला घोंटने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने सत्रावसान नहीं कर जनता के मुद्दो से दूरी बनाने का प्रयास किया है। लेकिन भाजपा जनता की समस्याओं को विधानसभा में जोर शोर से उठाएगी और इसके लिए व्यापक रणनीति भी बनाई गई है।

सत्र छोटा रहने के कारण रोजाना जनता से जुड़ी एक बड़ी समस्या को भाजपा सदन में रखेगी और सरकार को घेरेगी। देवनानी ने बताया भाजपा कांग्रेस सरकार को सदन में महिला अत्याचार, पेपर लीक, किसान बेहाल, भ्रष्टाचार, हिंदू विरोधी एवं तुष्टीकरण की नीति, बेपटरी हुई कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर घेरेगी। देवनानी ने कहा कि विधानसभा कार्य संचालन एवं प्रक्रिया के नियम 295 के अंतर्गत अजमेर से जुड़ी दो बड़ी समस्याएं भी उनके द्वारा उठाई जाएंगी। देवनानी ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि आज जनता हर मोर्चे पर खुद को ठगा हुआ सा महसूस कर रही है और सरकार सिर्फ चुनावी लोक लुभावन काम कर गुमराह कर रही है। देवनानी ने कहा कि सरकार ने पिछले सत्र का सत्रावसान नहीं कर विधायकों द्वारा जनता के मुद्दे उठाए जाने पर रोक लगा दी लेकिन भाजपा पीछे नहीं हटेगी और विधानसभा में जनता की आवाज को बुलंद करेगी। रोज एक मुद्दे को लेकर सरकार को घेरा जायेगा।

देवनानी ने कहा कि इन मुद्दों के अलावा अजमेर की दो बड़ी समस्याओं का भी वे सदन में जिक्र करने वाले है जिसमे शहर को 48 घंटे में पेयजल आपूर्ति करने और गंदे व असमान जल वितरण के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने के संबंध में है। देवनानी ने कहा कि भाजपा सरकार में अजमेर में 48 घण्टे में पेयजल आपूर्ति होती थी लेकिन आज बीसलपुर बांध भरा होने के बाद भी 72 से 96 घण्टे में पानी मिल रहा है। शहर में पेयजल का वितरण सिस्टम पूरी तरह चरमराया हुआ है। इंजिनियर्स की मिलीभगत के चलते कहीं 24 घण्टे में ही पानी मिल रहा है तो कहीं 96 घण्टे में भी पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। पंचशील, वैशालीनगर, हरिभाउ उपाध्याय नगर, ज्ञानविहार, शांतिपुरा, आतेड, किशनगंज, यूआईटी कॉलोनी, कीर्ति नगर, राज कॉलोनी, स्वास्तिक नगर सहित सम्पूर्ण अजमेर क्षेत्र से प्रतिदिन पेयजल संबंधित शिकायतें मिल रही है। अजयसर, खरेकडी, हाथीखेडा, बोराज, लोहगल, माकडवाली इत्यादि गांवों के तो और भी बुरे हाल है। यहां 6 दिन में एक बार ही पानी नसीब हो रहा है। असमान पेयजल आपूर्ति एक बडी समस्या है। पानी का समान वितरण हेतु ब्लंक मीटर लगाए जाए ताकि जोन में कुल कितने पानी का वितरण हुआ, का मालूम हो सके। पेयजल लाइनें लीकेज एक बडी समस्या है। 30 प्रतिशत पानी लीकेज के चलते सडकों पर बह जाना निश्चित ही चिंता का विषय है। इसके साथ ही शहर के ड्रेनेज सिस्टम को स्थाई रूप से दुरूस्त करने एवं बदहाल सडकों की तत्काल मरम्मत कराए जाने का मुद्दा भी उठाया जाएगा।

# छात्र की पिटाई को लेकर माली समाज में रोष

## छात्र द्वारा तिलक लगाकर जाने पर स्कूल के फादर द्वारा अमर्यादित व्यवहार किया गया था

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। भीलवाड़ा जिले की निजी स्कूल सैंट एंसेल्म स्कूल में अध्ययनरत छात्र किशन माली द्वारा स्कूल में तिलक लगाकर जाने पर स्कूल के फादर द्वारा तिलक लगाने को लेकर किशन माली के साथ मारपीट कर टी.सी. काटने की धमकी दी। इस घटना को लेकर माली समाज में जबरदस्त रोष व्याप्त है व स्कूल द्वारा किये गये अमर्यादित व्यवहार को लेकर समाज ने कड़ी निंदा व्यक्त की है।

माली (सैनी) महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल लाल माली ने कहा कि सेंट एंसल्म स्कूल की कक्षा 10वी में पढ़ने वाले किशन माली अपने परिवार के साथ सावन माह के चलते भगवान शिव की पूजा अर्चना के बाद तिलक लगाकर स्कूल पहुंचा, जहां पर स्कूल के फादर अन्य अध्यापकों ने उसके साथ मारपीट कर बदसलूकी के साथ ही टीसी काटने की धमकी दी, जो कि एक निंदनीय व अशोभनीय कार्य है। यह सिर्फ एक छात्र का अपमान नहीं यह पूरे सनातन धर्म का अपमान है जो कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है। सनातन धर्म में धर्म पहले है व शिक्षा बाद में होती है। अब समय आ गया है कि सरकार हिंदू और अन्य धार्मिक छात्रों को स्कूल में तिलक, विभूति, मेहंदी, शिखा आदि खेलने की अनुमति देने के लिए विशेष सुरक्षा प्रदान करने वाले आदेश पारित करे। ये केवल प्रतीक नहीं हैं, बल्कि हमारी स्वदेशी धार्मिक-सांस्कृतिक परंपरा के अभिन्न अंग हैं। वे किसी अन्य समुदाय को नीचा नहीं दिखाते हैं, और उनका गहरा अर्थ है। स्कूल को शिक्षा के घर में इन प्रतीकों और परंपराओं को बनाए रखने और बढ़ावा देने के लिए कर्तव्यबद्ध होना चाहिए।

माली (सैनी) महासभा ने जिला प्रशासन से मांग की कि उक्त स्कूल के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही कर भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाये इसके लिए इनको पाबंद करना चाहिए। साथ ही स्कूल प्रशासन सनातन धर्म का पालन करते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगे और विश्वास दिलावे की भविष्य में इस तरह की घटनायें नहीं दोहराई जायेगी, जिससे किसी की भवना को आहत पहुंचे। निंदा करने वालों में महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री कन्हैयालाल माली, महासभा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष भैरूलाल माली, जिला महामंत्री सत्यनारायण माली, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन माली, जिला मंत्री मुरली सैनी, माली (सैनी) कर्मचारी संस्था के अध्यक्ष तोताराम सांखला, सचिव कन्हैयालाल माली, माली युवा सेवा संस्थान के अध्यक्ष पुषालाल माली सहित समाज के कई लोग शामिल है।

# डॉग स्क्वायड में शामिल डेल्टा की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की डॉग स्क्वायड में तैनात डेल्टा की शनिवार को बीमारी से मौत हो गई। डेल्टा पिछले एक साल से लीवर व किड़नी के इन्फेक्शन से बीमार था। शनिवार को उसकी मौत के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा राजकीय सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया। डेल्टा को सम्भालने वाले कांस्टेबल कुतुबुद्दीन डायर ने बताया कि डेल्टा आठ साल से पुलिस में तैनात था। 8 सालों में डेल्टा ने 120 से ज्यादा ड्यूटी की है। और जयपुर, सीकर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, कुम्भलढ़, झुझनु में हुई हत्या, लूट व चोरी जैसी 30 वारदातों के आरोपियों को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई थी। एसआई जयसिंह ने बताया कि डेल्टा को भीलवाड़ा पुलिस में चार साल पहले 2018 में तैनता किया गया था। उसके तैनात होने के बाद डेल्टा द्वारा जहाजपुर मर्डर केस, प्रताप नगर मर्डर केस, बोराणा जगदीशपुरी मंदिर चोरी, कुम्भलगढ़ मर्डर सहित 15 केस में पुलिस की आरोपियों को पकड़ने में मदद की थी। इसी के चलते डेल्टा को डीजी डेस्क से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# सीमेंट कंपनी के खिलाफ धरना जारी

**नवलगढ़,** (निसं)। गोठड़ा में सीमेंट कंपनी के खिलाफ चल रहा धरना लगातार 177 रोज से जारी है। किसान जमीन के उचित मुआवजे की मांग को लेकर और युवा अपने रोजगार की मांग को लेकर सीमेंट कंपनी के गेट सामने डटे हुए हैं।

पंचायत समिति सदस्य प्रताप पूनियां ने बताया कि किसान अपनी जायज मांगों को लेकर पांच महीने से कंपनी प्रशासन के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। कड़ी धूप और बरसात के बावजूद किसानों का हौसला बुलंद है। राजनीतिक दवाब के चलते किसानों की सुनवाई नहीं की जा रही है। जिसको लेकर संघर्ष समिति के बैनर तले किसान मंगलवार को जयपुर विधानसभा का घेराव करेंगे। साथ ही धरना प्रदर्शन करके अपना विरोध दर्ज करवाएंगे। इस दौरान धरने पर बीरबल यादव, हरलाल महान, गोकुल सिंह शेखावत, राजकुमार खैरवा, महेश कालीरवाणा, सतीश योगी, कैप्टन नंदलाल यादव, सुरेश कालीरवाना, चिमन ओला, राजाराम खटकड़, रामदेव सिंह, दिलीप झाझड़िया, शीशराम, विद्याधर यादव, राजकुमार खैरवा, श्रीचंद कालीरावना, राजेश खेदड़, मुकेश खैरवा, रामदेव झाझड़िया, नरेंद्र खेदड़ आदि किसान मौजूद रहे।



गोठड़ा में सीमेंट कंपनी के खिलाफ चल रहा धरना लगातार 177 रोज से जारी है।

# मुक़दमा दर्ज करने की मांग

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग करने का अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल पर आरोप लगाते हुये एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष ईश्वर खोईवाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। खोईवाल ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि विधायक भदेल ने अपने विधानसभा क्षेत्र में सड़क शिलान्यास सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री जननायक अशोक गहलोत के विरूद्ध अभ्रद भाषा का प्रयोग व टिप्पणी कर आमजन मे मुख्यमंत्री की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया।

विधायक अनिता भदेल द्वारा की गयी टिप्पणी से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अपना आदर्श मानने वालों की भावनायें आहत हुई है। खोईवाल ने शिकायत में बताया कि विधायक अनिता भदेल द्वारा किया गया उक्त कृत्य राजद्रोह की परिधि में आता है। इस टिप्पणी से प्रदेश के निवासियों के बीच भाईचारा व सोहाद्र समाप्त करने का कुप्रयास कर प्रदेश के निवासियों के मध्य अशांति फैलाने का एक अपराधिक कृत्य किया है। उक्त टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

# सिविल डिफेंस टीम ने पुष्कर सरोवर में गिरे युवक को बचाया

**पुष्कर,** (निसं)। शनिवार सुबह पुष्कर सरोवर में परिवार के साथ स्नान करने आए ग्राम निहाडी सीहोर मध्यप्रदेश निवासी बिशन गुर्जर उर्फ मंत्री सरोवर के गुर्जर घाट पर स्नान करने पहुंचे थे। इसी दौरान नहाते हुए युवक का पैर फिसलने से दाहिने हाथ में गहरी चोट लगने से कोहनी से हाथ उतर गया। वहीं पर तैनात सुरेंद्र गुर्जर एवम रघुवीर सिंह ने टीम के किशन गोपाल जाट को सूचना दी। सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर अमरचंद सांखला के साथ अपनी बाइक से युवक को हॉस्पिटल पहुंचाया।

इसी तरह सुबह छह बजे सप्तऋषि घाट पर पुष्कर की एक स्थानीय महिला गृह कलेश से तंग आकर के आत्महत्या के मकसद से सरोवर में कूद जाती इसके पहले ही बचा लिया। होटल राधिका पैलेस के मालिक दिनेश पंडित की नजर महिला पर पड़ते ही महिला को पानी में कूदने से पहले ही पकड़ लिया और सिविल डिफेंस टीम के सपुर्द किया। टीम ने काफी देर तक महिला को सन सेट कैफे बैठाकर के उसके परिवार वालों को सूचित किया बाद में परिवार वालों ने महिला को अपने साथ ले गए।

# पानी की किल्लत पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**नवलगढ़,** (निसं)। डूंडलोद ग्राम में वार्ड नंबर 19 में जलदाय विभाग की एक बड़ी टंकी बनी हुई है। जिसमें 2 ट्यूबवैल से पानी चढ़ाया जाता है। पूरी रात भर को टंकी को फुल किया जाता है। सुबह दो बार करके गांव के करीब 50 प्रतिशत सप्लाई किया जाता है। जो काफी समय से सही व्यवस्था चल रही थी। परंतु अभी दो-तीन महीने से नया कर्मचारी राजेंद्र सैनी पंप चालक की ड्यूटी लगा दी है।

उसके बाद से पानी की सप्लाई गड़बड़ होती है। अब बिल्कुल से बंद हो गई है। कभी मोटर जलने का बना तो कभी बिजली सप्लाई का बहाना बनाता रहता है। खुद ड्यूटी पर आता नहीं है। अपनी जगह अन्य आदमी से कार्य कर कराता है जो पूर्ण रूप से सही नहीं होता है। जिससे के लिए कनिष्ठ अभियंता जलदाय विभाग को शिकायत कर दी।




पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने नारेबाजी की।

परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामवासियों काफी परेशानी होने के कारण वार्ड नंबर 19 के ग्रामीणों पर जाकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहाकि कोई हल नहीं निकला

- **सुबह दो बार करके गांव के करीब 50 प्रतिशत पानी सप्लाई किया जाता है**

तो बड़ा आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों में गोपीसिंह, प्यारेलाल, सीमा चौधरी, राजू सोनी, अमित पाराशर, राजेंद्र, कैलाश, चिरंजीलाल भार्गव, लीलाधर पाराशर व जीतू पाराशर आदि प्रमुख कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। यह जानकारी मनोज नाई ने दी। मनोज ने विभाग के सभी कर्मचारियों अधिकारियों को अवगत भी कराया है। वहीं ग्राम सरपंच अवगत कराया है। ग्रामीणों में जलदाय विभाग के प्रति काफी रोष है।

# पत्नी की हत्या का आरोपी रिमाण्ड पर

**सादुलपुर,** (निसं)। ग्राम गोठ्या बडी में फिड गोदाम पर नौकरी करने वाले नेपाली द्वारा 10 जुलाई को अपनी पत्नी की हत्या कर फरार होने के बाद पुलिस द्वारा उसे शुक्रवार को हरियाणा से गिरफ्तार किया। शनिवार को न्यायालय में पेश कर 17 जुलाई तक पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ढील पुलिस निरीक्षक राजगढ़ ने बताया कि अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार नेपाली आरोपी सुरज सुनार पुत्र कृष्ण बहादुर निवासी नेपाल को शुक्रवार को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि 10 जुलाई को राजगढ थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गाँव गोठ्या बडी में फिड गोदाम पर नौकरी करने वाले सुरज नेपाली ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। जिसमें मौका निरीक्षण के दौरान राजगढ थाना पुलिस को मृतका की लाश गोठ्या बडी फिड गोदाम पर बने कमरे में पड़ी मिली थी तथा मृतका के शरीर पर काफी चोटों के निशान थे। वहीं मृतका की पहचान वनलालहरूआई कोलने पुत्री लालठानसियाना कोलने उम्र 41 साल निवासी कॉलचाव पूर्व जिला सैहा मिजोरम के रूप में हुई थी।

इसके संबन्ध में पुलिस को पता चला कि मृतका लगभग दो साल से आरोपी सुरज सुनार पुत्र कृष्ण बहादुर निवासी नेपाल के साथ रहती थी तथा दोनों ने दो वर्ष तक दिल्ली, रोहतक व हिसार में एक साथ ही रहकर काम किया था। इस संबन्ध में गोदाम पर देखरेख करने वालों ने बताया था कि रात्रि में दोनों पती पत्नी आपस में झगड़ा कर रहे थे। वहीं इस संबन्ध में सुरेश कुमार निवासी गौठ्या बडी ने लिखित रिपोर्ट पेश कर आरोपी सुरज सुनार निवासी गोराई नेपाल के खिलाफ राजगढ थाने में उसकी पत्नी की हत्या करने के आरोप का मामला दर्ज करवाया था तथा अपनी पत्नी ही हत्या करने के बाद आरोपी सूरज सुनार मौके से फरार हो गया था।

# सफाईकर्मियों की मौत से वाल्मीकि समाज का प्रदर्शन

**उदयपुर,** (कासं)। शुक्रवार को सज्जनगढ़ रोड स्थित एक होटल के सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय दम घुटने से दो सफाई कर्मचारियों की मौत के बाद सफाईकर्मी एवं मृतकों के परिजन आक्रोशित हैं। इसके विरोध में वाल्मीकि समाज ने शनिवार कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और मुआवजे सहित अन्य मांगें पूरी करने की मांग की।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को अंबामाता माता थाना क्षेत्र के सज्जनगढ़ इलाके में स्थित होटल जस्ता के सेप्टिक टैंक की सफाई करने के दौरान हुए हादसे में दो सफाई कर्मचारियों की मौत हो गयी थी जबकि दो गंभीर घायल हो गए थे। हादसे के बाद लोगों ने सेप्टिक टैंक से सफाई कर्मचारियों को बाहर निकाला और एमबी हॉस्पिटल ले गएए जहां डॉक्टरों ने दो सफाई कर्मचारियों को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर दो घायल कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

- **होटल के सेप्टिक टैंक की सफाई करते दम घुटने से दो कर्मचारियों की मौत का मामला**

इसी मामले को लेकर शनिवार को वाल्मीकि समाज ने मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने, मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी देने और होटल जस्टा प्रबंधन के खिलाफ कडी कार्यवाही की मांग का। आक्रोशित वाल्मीकि समाज ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

इधर कार्यवाहक जिला कलेक्टर ओ पी बुनकर ने सीवरेज टैंक की साफ-सफाई को लेकर महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। उदयपुर जिले में पिछले 7 वर्षों में 5 घटनाएं होने से 10 से अधिक सफाई कर्मियों की अकाल मृत्यु हो चुकी है। ऐसे में मानव जीवन की क्षति को रोकने हेतु एवं कानून की पालना कडाई से कराना महत्वपूर्ण है। कार्यवाहक जिला कलेक्टर ओ पी बुनकर ने आदेश दिया है कि सीवरेज टैंक को सफाई कर्मियों साफ द्वारा करवाना उच्चतम न्यायालय एवं कानून द्वारा प्रतिबन्धित है। ऐसे में उदयपुर जिले में कोई भी निजी एवं राजकीय संस्थानए व्यावसायिक, औद्योगिक प्रतिष्ठान, होटल्स, आवासीय संस्थान आदि में सीवरेज टैंक की सफाई बिना मशीन के नहीं करवाएंगे। अगर सीवरेज टैंकों की सफाई करवानी हो तो वे अपने स्थानीय निकाय जैसे नगर निगम एवं नगर पालिका से सम्पर्क कर निर्धारित शुल्क जमा करवाई जाकर मशीन से सीवरेज टैंक खाली कर सफाई करवा सकते हैं।

जारी आदेश अनुसार हर व्यक्ति इस आदेश की अनुपालना सुनिश्चित करेंगा। ऐसा नहीं होने पर भारतीय दण्ड संहिता तथा द प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट एज मैन्यूल स्केवेंजर एंड देयर रिहैबिलिटेशन ऐक्ट, 2013 के प्रावधानों के तहत सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# राशन से भरे ट्रक ने स्कूली बालिका को कुचला

## गुस्सायें लोगों ने तोडफोड़ के बाद ट्रक में लगाई आग

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के गोपालपुरा रोड़ स्थित गुम का जोड़ा से आगे खरकड़ी व खेडकी वीरभान मोड़ के पास शुक्रवार रात्रि करीब आठ बजे रामसिंहपुरा एफसीआई गोदाम से आ रहे एक राशन से भरे ट्रक द्वारा बाईक सवार मामा-भांजी को टक्कर मारकर बाईक पर पीछे बैठी स्कूली बालिका को कूचल देने के मामले में शुक्रवार रात्रि को ग्रामीणों का गुस्सा जमकर फूटा।

मौके पर एकत्रित हुए लोगों ने जहां ट्रक में तोडफोड़ के बाद आग लगा दी, वहीं आग बुझाने के लिए मौके पर पहुँची दमकल को भगाकर वहाँ खड़ी पुलिस की गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिये। हालांकि घटनाक्रम में ग्रामीणों व पुलिस प्रशासन के बीच देर रात्रि करीब दो बजे सहमति बन गई। जिसके बाद ग्रामीण मृतक बालिका का शव उठाने पर सहमत हो गये। ग्रामीणों में गुस्सा इस बात को लेकर भी था कि सूचना दिये जाने के बावजुद भी एम्बुलेंस मौके पर काफी देरी से पहुँची। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रामसिंहपुरा निवासी सुरेन्द्र जाट का जयपुर के किसी निजी अस्पताल में ऑपरेशन हुआ था। उसकी 9 वीं कक्षा में पढने वाली 12 वर्षिय



कोटपूतली में शव रखकर प्रदर्शन करते लोग।

बेटी खुशी अपने मामा के साथ बाईक से कोटपूतली आकर किसी रिश्तेदार को अपने पिता के लिए खाना व कपड़े देकर बाईक से घर वापस जा रही थी। इतनी ही देर में रामसिंहपुरा एफसीआई गोदाम से गेंहू भरकर आ रहे बेकाबु ट्रक ने बाईक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों नीचे गिर गये, घटना में जहाँ बाईक चालक मामा गंभीर रूप से घायल हो गया।

वहीं ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन को चलाते हुए पीछे के टायरों में बालिका को दूर तक घसीट कर ले गया। जिससे उसका सिर ट्रक के लिए नीचे कूचला गया एवं बालिका की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के तुरन्त बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों के आक्रोश को देखकर ट्रक चालक तो मौके से फरार हो गया। ग्रामीण मृतका के शव

- **आग बुझाने पहुँची दमकल का रास्ता रोका, पुलिस की गाड़ी के तोड़े शीशे**
- **शव सड़क पर रखकर दिया धरना, देर रात्रि को बनी सहमति**

को मौके पर ही रखकर धरना प्रदर्शन करने लगे। इतनी ही देर में एसडीएम सूर्यकान्त शर्मा, तहसीलदार अभिषेक सिंह, एएसपी विधा प्रकाश, डीएसपी मदन लाल जैफ, एसएचओ मांगे लाल यादव, पनियाला एसएचओ लक्ष्मीनारायण व सरूण्ड एसएचओ इन्द्राज सिंह समेत भारी मात्रा में पुलिस जाप्ता व प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया। वहीं पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, भाजपा नेता मुकेश गोयल आदि भी धरने पर पहुंचकर पीडित परिवार को सहायता, मुआवजा व सरकारी नौकरी की माँग करने लगे।

ग्रामीणों ने इस बात पर भी आक्रोश जताया कि घायल मामा को अस्पताल पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस काफी देर से मौके पर पहुंची। कुछ ग्रामीणों ने यह भी बताया कि एफसीआई गोदाम से आने वाले ट्रक लापरवाहीपूर्वक तेजी से वाहन चलाते हुए बिना साईड छोड़े गाड़ी को लेकर जाते है। मामला बढ़ते हुए देख पूर्व संसदीय सचिव कसाना व भाजपा नेता गोयल ने ग्रामीणों से समझाईश कर आग को बुझवाया।

इस दौरान ग्रामीण 20 लाख रूपये, मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की मांग करने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि बालिका के पिता पहले ही बीमार है, वहीं परिवार में माँ के अलावा छोटा भाई बच गया है। इसके बाद देर रात्रि मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना के तहत मुआवजा राशि व अन्य उचित सहायता का आश्वासन दिये जाने के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया एवं दुर्घटना क्लेम की सहायता राशि दिलाये जाने पर भी सहमति बनी। इसके बाद ग्रामीण शव उठाकर पोस्टमार्टम के लिए सहमत हुये।

# हनुमानगढ़ में बाढ़ का खतरा बना, प्रशासन ने कई गांवों को खाली कराया

## हरियाणा के ओटू हैड से छोड़े जा रहे 25 हजार क्यूसेक पानी से हनुमानगढ़ जिले में बाढ़ का खतरा बना हुआ है

**हनुमानगढ़,** (निसं)। हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में पिछले दिनों हुई भारी बारिश के बाद घग्घर नदी उफान पर है। हरियाणा के ओटू हैड से छोड़े जा रहे 25 हजार क्यूसेक पानी से हनुमानगढ़ जिले में बाढ़ का खतरा बना हुआ है। इसको लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

घग्घर नदी के बहाव क्षेत्र के आसपास के गांव और शहरों में बाढ़ नियंत्रण टीमें निगरानी में जुटी है। हालांकि बारिश नहीं होने और हरियाणा राज्य में जगह-जगह घग्घर नदी टूटने के कारण ओटू हैड पर पानी की आवक कुछ कम हुई है। डायवर्जन के जरिए भी घग्घर नदी में प्रवाहित हो रहा कुछ पानी इंदिरा गांधी नहर परियोजना में छोड़ा जाएगा। घग्घर में पानी की अधिक आवक को देखते हुए जिला कलेक्टर रुक्मणि रियार सिहाग के नेतृत्व में जिले का प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा की दृष्टि से शनिवार को हनुमानगढ़, टिब्बी व पीलीबंगा में स्कूलों की छुट्टी रही। ओबीसी वित्त विकास आयोग के अध्यक्ष पवन गोदारा ने इंदिरा गांधी नहर की 629 आरडी में घग्घर साइफन पर जाकर मौके पर चल रहे काम का निरीक्षण किया।

ओटू हैड से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा लगातार बढ़ाए जाने से जिला प्रशासन और सतर्क हो गया। शुक्रवार शाम को 25 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने की सूचना मिलने के बाद से ही प्रशासन की ओर से घग्घर नदी के बहाव क्षेत्र के गांव पन्नीवाली, पीरकामडिया, शेरेकां, कमरानी, अमरपुरा थेहड़ी, मक्कासर, करणीसर, सहजीपुरा, बहलोलनगर, सात व तीन एसएनएम, 23, 26 व 29 एसटीजी व आसपास के चकों को खाली करने को लेकर आदेश जारी कर दिए गए थे। इसके बाद देर रात तक खुद कलेक्टर रुक्मणि रियार सिहाग और एसपी सुधीर चौधरी ने घग्घर बहाव क्षेत्र के कई गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से बाढ़ की आशंका के मद्देनजर अपने रिश्तेदारों अथवा प्रशासन की ओर से बनाए गए राहत शिविरों में शिफ्ट होने के लिए समझाइश की। इसके बाद घग्घर के निचले इलाकों के ग्रामीण सुरक्षित जगह पर चले गए।

- **जिला कलेक्टर व एस.पी. ने किया बहाव क्षेत्र का निरीक्षण, ग्रामीणों से राहत शिविरों में शिफ्ट होने के लिए समझाइश की**

शनिवार को भी कलेक्टर और एसपी के नेतृत्व में पूरा प्रशासन बाढ़ के संभावित खतरे को देखते हुए घग्घर बहाव क्षेत्र में सक्रिय रहा। कलेक्टर रुक्मणि रियार सिहाग और एसपी सुधीर चौधरी ने टिब्बी के शेरेकां क्षेत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों व ग्रामीणों को उचित दिशा-निर्देश दिए। हालांकि इस समय गुल्लाचिक्का हैड पर पानी की मात्रा घटने से हनुमानगढ़ में बाढ़ का खतरा कम हो गया है। नदी में बह रही केली पानी के बहाव को कम कर रही है, जिससे परेशानी बढ़ रही है। हालांकि एक्सक्वेटर मशीन के जरिए इसे हटाने का काम किया जा रहा है। राजस्थान क्षेत्र में इस बार करीब 30 हजार क्यूसेक पानी की आवक की संभावना है, जबकि राजस्थान सरकार के पास करीब 20 से 25 हजार हजार क्यूसेक पानी का प्रबंधन करने की व्यवस्था है। इस स्थिति में बाढ़ के खतरे महसूस किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने सेना के तीन दलों को बुला लिया है।

ओबीसी वित्त विकास आयोग के अध्यक्ष पवन गोदारा ने इंदिरा गांधी नहर की 629 आरडी में घग्घर साइफन पर जाकर मौके पर चल रहे काम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां मौजूद अधिकारियों से स्थिति को जाना और राज्य सरकार की तरफ से किसी प्रकार की डिमांड के लिए बिना संकोच बताने की बात कही। मीडिया से रूबरू होते हुए पवन गोदारा ने बताया कि राज्य सरकार का साफ उद्देश्य है कि आमजन को किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हो। उसको लेकर भरकस प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन लगातार काम करते हुए संभावित बाढ़ को लेकर हर कदम उठा रहा है। उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास है कि अगर पानी ज्यादा बढ़ा तो इसे घग्घर साइफन के जरिए इंदिरा गांधी नहर में डाला जाएगा, जिससे आगे बाढ़ का खतरा कम हो जाए। इसके अलावा उन्होंने संवेदनशील इलाकों का दौरा करते हुए यहां रहने वाले लोगों से मुलाकात की और उनको हर संभव मदद की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार आपके साथ खड़ी है।

# फ्यूल सरचार्ज बढ़ने से उद्योगों पर तलवार लटकी

## जोधपुर में कई इकाइयों में तो प्रोडक्शन 30 से 40 प्रतिशत तक गिर चुका है

**जोधपुर,** (कासं)। बढ़ी हुई बिजली फ्यूल सरचार्ज की दरों के खिलाफ उद्यिमयों द्वारा 20 जुलाई को सभी जिला मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा। बिजली के बिलों में पिछले तीन महीने से जोड़कर आ रहा बढ़ा हुआ फ्यूल सरचार्ज व्यापारियों और उद्यिमयों की परेशानी का कारण बन चुका है। कई इकाइयों में तो प्रोडक्शन 30 से 40 प्रतिशत तक गिर चुका है। हालात यह है कि कुछ लोगों पर तो बेरोजगारी का संकट तक आ गया है। अब इन्ही बढ़ी हुई दरों के खिलाफ उद्यमी सड़क पर उतरने का मन बना चुके हैं।

- **फ्यूल सरचार्ज के विरोध में 20 जुलाई को सड़क पर उतरेंगे उद्यमी**
- **बेरोजगारी का संकट बढ़ा**

**45 पैसे प्रति यूनिट तक वसूली :-** तीन महीने पहले तक जो फ्यूल सरचार्ज उद्योग और व्यापार जगत से वसूल किया जा रहा था उसकी दर 7 से 10 पैसे प्रति यूनिट तक आ रही थी। लेकिन अब मार्च से लेकर जून तक जो फ्यूल सरचार्ज जुड़ा है उसकी दर 40 से 45 पैसे प्रति यूनिट तक आ रही है। जिससे कि व्यापारियों और उद्योग जगत पर भारी संकट आ गया है। एक उद्यमी ने बताया कि उसकी स्टील उद्योग की फैक्ट्री है। जिसका 10 महीने पहले फ्यूल सरचार्ज हर महीने करीब 26 से 30 हजार के बीच आता था। मार्च से यह फ्यूल सरचार्ज की राशि बढ़नी शुरू हुई अब जून महीने में यह राशि 1 लाख 65 हजार तक आई है यानि 5 गुना तक भर बढ़ा है। एसआरएम एलॉयज नाम की एक और फैक्ट्री है। पिछले साल मई और जून माह में 37 से 40 हजार के बीच फ्यूल सरचार्ज भर रहे थे। इस महीने में 2 लाख 70 का फ्यूल सरचार्ज जुड़ा है। यानि करीब 6 गुना।

**बेरोजगारी की तलवार लटकी :-** स्टील, टैक्स्टाइल, ग्वार गम और प्लास्टिक जैसी इकाइयों में सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ा है। कई ऐसे लेबर है जो कि कॉन्ट्रैक्ट पर काम करते हैं और उनको हर दिन और घंटे के हिसाब से मजदूरी दी जाती है। कई फैक्ट्रियों में प्रोडक्शन कार्यकाल कम करने के कारण अब इन पर बेरोजगारी का खतरा भी मंडरा रहा है।

प्रांत अध्यक्ष महावीर चोपड़ा ने बताया कि राजस्थान के सभी 33 जिलों और जोधपुर प्रांत के सभी जिलों में 20 जुलाई को उद्यमी इन बढ़ी हुई फ्यूल सरचार्ज दरों के खिलाफ धरना देंगे। सरकार को चेताया जाएगा कि यदि इन दरों में कमी नहीं की गई तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय महामंत्री घनश्याम ओझा ने बताया कि बढ़े हुए फ्यूल सरचार्ज के कारण बिजली के बिल कई गुना तक बढ़ गए हैं। इसी कारण कई छोटी इकाइयां बुरी तरह से प्रभावित हुई है। हालात यह है कि 30 से 40 प्रतिशत प्रोडक्शन कम हुआ है। टैक्स्टाइल उद्यमी वरुण बताते हैं कि कई घंटे तक कामकाज बंद रखना पड़ रहा है। कई उद्यिमयों की यह समस्या आ रही है।

# स्मैक के आदी पुत्र ने पिता को मौत के घाट उतारा



पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की।

**मालपुरा,** (निसं)। टोडारायसिंह कस्बा निवासी एक स्मैक के आदी युवक ने पशु चराने जा रहे पिता पर लाठी का वार कर मौत के घाट उतार दिया।

मिली जानकारी में सामने आया कि, टोडारायसिंह कस्बा जैन मौहल्ला निवासी मन्ना देवी पत्नी सरदार गुर्जर ने रिपोर्ट में बताया कि रोजमर्रा की तरह उनके पति सरदार गुर्जर पशुओं को चराने के लिए जंगल की ओर निकले थे। बीच रास्ते में उसके पुत्र खुशीराम गुर्जर व पिता के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी व झगड़ा हो गया। गुस्साए बेटे खुशीराम ने लाठी से वार कर पिता को मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे डीवाईएसपी सुशील मान, टोडारायसिंह थानाधिकारी ने शव को पुलिस सुरक्षा में ले अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक की पत्नी ने बताया कि उसका बेटा खुशीराम जो कि स्मैक का आदी था। आये दिन माता-पिता के साथ झगड़ा व मारपीट करता था। शनिवार को किसी बात को लेकर हुई कहासुनी में बेटे ने पिता की निर्मम हत्या कर दी। कलयुगी बेटे द्वारा किये गये इस जघन्य अपराध को लेकर शहर में कौतूहल मच गया। वारदात के बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की ओर से मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश करते हुए देर शाम तक आरोपी बेटे को डिटेन कर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया।

# विधायक देवनानी ने सड़क शिलान्यास कार्यक्रम का बहिष्कार कर धरना दिया

## देवनानी के साथ धरने में सड़क हादसे में घायल हुए लोग भी शामिल हुए

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने शनिवार को सभी निकाय क्षेत्रों में 1528 करोड़ के सड़क निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम का बहिष्कार करते हुए सरकार पर झूठे आश्वासन और दिखावटी बजट के सहारे जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। देवनानी ने रीट दफ्तर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल ना होकर पंचोली चौराहे पर टूटी सड़कों के खिलाफ स्थानीय पार्षद के साथ धरना दिया।

देवनानी ने आरोप लगाया कि सरकार पिछले दो वित्तीय वर्ष में स्वीकृत सड़क को तो बना नहीं सकी और अब इस वित्तीय वर्ष में सड़कों के शिलान्यास कर चुनावी फायदा लेना चाह रही है। देवनानी ने कहा कि इससे बेहतर होता मुख्यमंत्री पहले के बजट में स्वीकृत सड़कों के निर्माण कार्य का धरातल पर फीडबैक लेते। देवनानी ने आरोप लगाया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में पंचोली चौराहे से बाडी नदी पुलिया तक के सड़क निर्माण के लिए 24 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी होने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ जिसके कारण सड़क पर बड़े बड़े गड्डे हो गए। बारिश के मौसम में यह गड्डे जानलेवा साबित हो रहे हैं। इन गड्ढों के चलते सड़क हादसे में लोगों के हाथ और पैर फ्रैक्चर हो गए हैं। लेकिन नकारा अफसरों के झूठे आश्वासन के आगे जनता बेबस साबित हो रही है। उन्होंने ये भी बताया कि बजट घोषणा वर्ष 2021-22 सड़क झूलेलाल मंदिर से चौरसियावास तालाब तक बनने वाली 1.5 किमी सड़क जिसको अभी तक शुरू नहीं किया। वार्ड 65 पुलिस लाइन से चौराहे से शास्त्री नगर चुंगी चौकी तक पेवर सड़क निर्माण अभी तक अधूरा पड़ा है। फायसागर पुलिस चौकी से फायसागर तक पेवर सड़क जिसके लिए 3 करोड़ 80 लाख की राशि स्वीकृत हुई थी इस सड़क का भी 300 मीटर का टुकड़ा जो टेलीफोन एक्सचेंज चौराहे के पास आज तक अधूरा पड़ा है। सार्वजनिक विभाग के पास जो भी शहर की प्रमुख सड़के है वो सभी खुदी पड़ी और बड़े-बड़े गड़े हो रखे है ।



अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने स्थानीय पार्षद के साथ धरना दिया।

देवनानी ने मुख्यमंत्री गहलोत पर जनप्रतिनिधियों के हकों को भी मारने का आरोप लगाते हुए कहा कि सड़कों के शिलान्यास अमूमन स्थानीय जनप्रतिनिधि करते है क्योंकि उनकी अनुशंसा पर ही स्वीकृति मिलती है। लेकिन मुख्यमंत्री चुनावी साल में सामान्य परंपराओं को भी दरकिनार कर खुद ही श्रेय लेने की होड़ में ऐसे कार्यक्रम कर रहे है। देवनानी ने आरोप लगाया कि सरकार जनता के दुखो पर मरहम लगाने की बजाय इस तरह के बरगलाने वाले कार्यक्रमों के जरिए उल्टा नमक मिर्च लगा रही है। देवनानी के साथ धरने में सड़क हादसे में घायल हुए लोग भी शामिल हुए और स्थानीय पार्षद ज्ञान सारस्वत ने सड़क पर जहां-जहां गड्डे हैं वहां गमला रखकर विरोध प्रदर्शन किया और जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी है। देवनानी के साथ पार्षद ज्ञान चंद सारस्वत, दिनेश खटाना, तारा रावत आदि भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी सहभागी बने।

# सहायक प्रशासनिक अधिकारी ने फांसी लगाई

**भीलवाड़ा,** (निसं)। विशिष्ट लोक अभियोजक (अनुसुचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण) ऑफिस के सहायक प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप सिंह चुंडावत ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

चुंडावत ने यह कदम किन कारणों के चलते उठाया, इसकी जांच पुलिस कर रही है। प्रताप नगर थाना पुलिस ने बताया कि मूलतया दौलतगढ़ हाल मेड़तवाल भवन के पास जवाहरनगर निवासी कुलदीप सिंह पुत्र स्व. उदयसिंह चुंडावत (पुलिस अधिकारी) ने बीती रात अपने ही मकान के कमरे में गले में फंदा डाला और पंखे से झूल गया। कुलदीप सिंह, अपनी मां के साथ यहां रह रहा था।

शनिवार सुबह मां को घटना का पता चला तो चीत्कार फूट पड़ी। आस-पास के लोग वहां पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ज़ाब्ता मौके पर पहुंचा और शव को फंदे से उतरवाकर कब्जे में लिया। पुलिस का कहना है कि अभी खुदकुशी के कारण सामने नहीं आये है। उधर, कुलदीप सिंह के नजदीकी लोगों के अनुसार, करीब दस साल पहले कुलदीप सिंह को पिता के निधन के बाद अनुकंपात्मक नौकरी मिली थी। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**फुलेरा,** (निसं)। जयपुर रेल मण्डल के जयपुर से अजमेर जाने वाले रेलवे रूट पर शनिवार को मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरने का मामला सामने आया है। पटरी से डिब्बे उतरने के बाद रेलवे विभाग हरकत में आ गया। आसलपुर जोबनेर और हिरनोदा स्टेशन के बीच यह घटना है। जयपुर से फुलेरा की तरफ शनिवार सुबह मालगाड़ी जा रही थी, तभी आसलपुर जोबनेर और हिरनोदा स्टेशन के बीच गुढ़ा फाटक के पास मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतर गए। ये मालगाड़ी खाली थी इस पर कोई भी कंटेनर या डिब्बा मौजूद नहीं था। जोबनेर में आसलपुर स्टेशन पर हुई इस घटना के बाद इस रूट से गुजरने वाली 7 ट्रेनों को रद्द किया गया।

# राज. वन सेवा के अधिकारी को कार्य मुक्त नहीं करने का आदेश

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय की एकलपीठ के न्यायाधीश अरूण भंसाली ने राजस्थान वन सेवा के अधिकारी का कार्यमुक्त नही करने का अंतरिम आदेश पारित किया।

- **उच्च न्यायालय की एकलपीठ के न्यायाधीश ने आदेश पारित किया**

ज्ञानचंद जो राजस्थान वन सेवा के अधिकारी है वर्तमान में वर्ष 2019 से वो उप वन सरंक्षक नागौर के पद पर पदस्थापित है। विभाग के आदेश दिनांक 4 को दिसंबर 2019 को ज्ञानचंद का पदस्थापन उप वन संरक्षक नागौर के पद पर हुआ व इसी क्रम में उन्होने दिनांक 9 दिसंबर 2019 को कार्यग्रहण कर लिया। इनके कार्यग्रहण के पश्चात् 20 जून 2023 के आदेश से उनके स्थान पर किसी अन्य भारतीय वन सेवा अधिकारी का स्थांनातरण कर दिया गया। मगर प्रार्थी को कहीं पर भी पदस्थापन नहीं किया गया। विभाग के इस कृत्य से व्यथित होकर प्रार्थी ने उच्च न्यायालय के समक्ष एक रिट याचिका प्रस्तुत की। प्रार्थी के अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा का न्यायालय के समक्ष यह तर्क था कि प्रथमतया प्रार्थी उप वन संरक्षक नागौर के पद पर वर्ष 2019 से निर्बाध रूप से कार्य कर रहा है। प्रार्थी का वर्तमान स्थान पर कार्यरत होने के बावजूद व प्रार्थी का कहीं भी स्थानांतरण नहीं करने के बावजूद अन्य का स्थानांतरण आदेश प्रार्थी के स्थान पर कर दिया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता का आगे यह तर्क था कि मार्च 2024 में प्रार्थी सेवानिवृत भी होने वाला है तथा उसका कही भी स्थानान्तरण नहीं किया गया है।

प्रार्थी के अधिवक्ता के तर्क़ से सहमत होते हुए उच्च न्यायालय ने प्रार्थी की रिट याचिका को अंतरिम रूप से ग्राहय करते हुये मुख्य वन संरक्षक व सचिव, वन विभाग तथा सह सचिव कार्मिक विभाग को नोटिस जारी करते हुए विभाग के आदेश 20 जून 2023 के अनुसरण मे प्रार्थी को कार्यमुक्त नहीं करने का आदेश पारित किया।

# शराब सहित एक पकड़ा

**कोटपूतली,** (निसं)। पनियाला थाना पुलिस ने हरियाणा निर्मित अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसएचओ लक्ष्मीनारायण ने बताया कि पुलिस टीम ने कृष्ण कुमार को कंधे पर कट्टा रखकर पैदल आते देखा तो उसके पास कट्टे में नौ बोतल अवैध देशी शराब की पाई गई।


राजस्थान सरकार वन विभाग

क्रमांक प.1 (46) वन/2023 जयपुर दिनांक

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF)
राजस्थान, जयपुर

विषय: Diversion of 0.1494 ha of forest land for permission for laying Underground OFC in ROW of existing road from Gudla to Karauli from Lat/long point 26°33' 34.235" N 77°1' 25.772"E to 26°31' 29.409" N 77°1' 3.304" E, total length of 5.62 KM and total area 0.2531 ha (length and area in Forest is 03.32 KM & 0.1494 ha & Length & area in Non-Forest is 2.30 KM & 0.1037 ha) along PWD (Proposal No.: FP/RJ/OFC/44022/2020)

संदर्भ:- आपका पत्रांक एफ 14 (380/35) 2020/एफसीए/प्रमुवस/3460 दिनांक 18.10.2022 ऑन लाईन प्रस्ताव सख्यां FP/RJ/OFC/44022/2020

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित प्रस्ताव में जियो डिजिटल फाइबर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत सामान्य स्वीकृति के तहत धारा-2 में जिला करौली Existing road from Gudla to Karauli हेतु भूमिगत ऑप्टिकल फाइबर केबल लाईन बिछाने बाबत कुल 0.1494 है. वन भूमि प्रत्यावर्तन की स्वीकृति चाही गई है। नोडल अधिकारी वन संरक्षण अधिनियम द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर विचारोपरान्त प्रस्ताव पर वन संरक्षक अधिनियम 1980 के अन्तर्गत धारा-2 मे सामान्य स्वीकृति बाबत जारी दिशा निर्देशों के परिपेक्ष्य मे Diversion of 0.1494 ha of forest land for permission for laying Underground OFC in ROW of existing road from Gudla to Karauli from Lat/ long point 26°33' 34.235" N 77°1' 25.772"E to 26°31' 29.409" N 77°1' 3.304" E, total length of 5.62 KM and total area 0.2531 ha (length and area in Forest is 03.32 KM & 0.1494 ha & Length & area in Non-Forest is 2.30 KM & 0.1037 ha) along PWD (Proposal No.: FP/RJ/OFC/44022/2020) की सैद्धान्तिक स्वीकृति बिना किसी वृक्ष के पातन सहित निम्न शर्तो के अध्यधीन प्रदान करती है:

1. वन भूमि की वैधानिक स्थिति में कोई परिवर्तन नही होगा।
2. प्रत्यावर्तित वन भूमि का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिये नही किया जावेगा।
3. याचक विभाग द्वारा परियोजना के निर्माण एवं रख रखाव के दौरान आस-पास के क्षेत्र की वनस्पतियों एवं जीव जन्तुओं को किसी प्रकार की क्षति नही पहुचाई जावेगी एवं उनके संरक्षण हेतु समस्त उपाय किये जावेगें।
4. प्रत्यावर्तित क्षेत्र में रोपित किये जाने वाले को वृक्षों वनविभाग की बिना पुर्वानुमति के नही काटा जावे। उक्त क्षेत्र में रोपित पेड परिक्व होने पर, वन विभाग के होगें।
5. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित स्थल/वन क्षेत्र के आस-पास मजदुरों/स्टाफ के लिए किसी भी प्रकार का कैंप नहीं लगाया जावेगा।
6. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा निर्माण कार्य के दौरान स्थल पर कार्यरत मजदूरों/स्टाफ को रसोई गैस/ केरोसिन तेल आपूर्ति की जावेगी, ताकि निकट वर्ती वनों को क्षति न हो।
7. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित वनभूमि के अतिरिक्त आस-पास की वनभूमि से/पर निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी/ पत्थर काटने या भरने का कार्य नहीं किया जावेगा।
8. प्रयोक्ता अभिकरण वर्तमान एवं भविष्य में योजना पर लागू सभी नियम, कानून तथा दिशा निर्देशो का पालन करेगा।
9. प्रयोक्ता अभिकरण, सैद्धान्तिक स्वीकृति की पालना के साथ एफ.आर.ए. सर्टिफिकेट प्रस्तुत करावेगा। तदोपरान्त ही विधिवत स्वीकृति पर विचार किया जावेगा।
10. राज्य सरकार द्वारा दी गई इस अनुमति का प्रबोधन संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा सकेगा।
11. भारत सरकार के पत्रांक 7-23/2012/एफसी दि.24.07.2013 से माननीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा दि.7.11.2012 को पारित निर्णय की पालना प्रकरण में सुनिश्चित की जावें तथा प्रकरण मे जारी स्वीकृति को यूजर एजेंसी हिन्दी व अंग्रेजी में प्रकाशित होने वाले एक-एक समाचार पत्र में अक्षरश: प्रकाशित करावे एवं जारी स्वीकृति की प्रतियां स्थानीय निकाय पंचायत एवं नगर पालिका के राजकीय अधिकारीयों को स्वीकृति प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
12. भारत सरकार के आदेश कमांक एफसी-11/165/2019-एफसी दिनांक 27.07.2020 मे दिये गये दिशा-निर्देशों की अनुपालना करें।

भवदीया, (मोनाली सेन) विशेषाधिकारी, वन


# प्रेमी ही निकला प्रेमिका का हत्यारा, आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

## राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा का धरना समाप्त, शव परिजनों को किया सुपुर्द, पिता को भी हिरासत में लिया

**हिण्डौन सिटी/करौली,** (निसं)। गत तीन दिन पहले कुएं में पड़ी मिली युवती के शव के मामले का पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया है। जिसमें प्रेमी ही अपनी प्रेमिका का हत्यारा निकला। पुलिस ने हत्यारे प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है और घटना को अंजाम देने में सहयोग करने का अंदेशा होने के चलते आरोपी के पिता को भी हिरासत में लिया है। पुलिस दोनों से कड़ी पूछताछ करने में जुटी है। जब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तो शनिवार शाम को धरना समाप्त हो गया और तीन दिन से मोर्चरी में रखे हुए युवती के शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस की सुरक्षा में मृतक युवती का अंतिम संस्कार करवाया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने बताया कि मृतक युवती और आरोपी गोलू मीना एक दूसरे से प्रेम करते थे और दोनों में खूब बातचीत होती थी। 11 और 12 जुलाई की रात्रि करीब एक बजे गोलू मीणा युवती को उसके घर से भीलापाड़ा गांव में स्थित अपने पिता के एक मकान पर लेकर गया। जहां दोनों के बीच शादी को लेकर आपस में झगड़ा हुआ। बताया जाता है कि युवती की शादी परिजनों ने कहीं कर दी थी जिससे युवती खुश नहीं थी। वह गोलू से ही शादी करना चाहती थी, लेकिन शायद गोलू ऐसा नहीं चाहता था। जिसके बाद आरोपी गोलू मीणा ने देसी कट्टे से गोली चलाकर युवती की हत्या कर दी और शव को गांव के ही एक कुएं में फेंक दिया। आरोप लग रहे हैं कि इस दौरान युवती के साथ दुष्कर्म भी किया गया तथा उसके चेहरे पर पहचान छिपाने के लिए तेजाब भी डाल दिया। हालांकि इन दोनों मामलों का खुलासा एफएसएल की रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

आरोप है कि जब परिवार जनों को सुबह युवती घर में नहीं मिली तो परिजन थाने पहुंचे लेकिन पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। 12 जुलाई को ग्रामीणों ने को जब कुएं में शव पड़ा होने की जानकारी मिली तो इसकी सूचना नादौती थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने युवती के शव को बाहर निकलवा कर हिंडौन के जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। मामले की जानकारी जब राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा को लगी तो वह हिंडोन पहुंच गए तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए। सांसद किरोड़ी मीणा ने आरोप लगाया कि दलित युवती को बदमाशों ने अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म किया तथा गोली मारकर हत्या करने के बाद उस पर एसिड फेंक दिया और शव को कुएं में डाल दिया। उन्होंने पुलिस पर पीड़ित परिवार की सुनवाई नहीं करने के भी आरोप लगाए। मामले में तब तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई थी। जिससे नाराज होकर सांसद किरोड़ी मीणा ने कार्यकर्ताओं के साथ धरना शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की सरकार पर भी खूब आरोप लगाए। दूसरे दिन राजनीति और तेज हुई तथा राजसमंद सांसद दीया कुमारी भरतपुर सांसद रंजीता कोली एवं राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा हिंडौन पहुंची तथा धरने में शामिल हुई। भाजपा के धरने को देखकर बहुजन समाज पार्टी के राजस्थान प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद रामजी गौतम बसपा प्रदेश अध्यक्ष भी हिंडोन पहुंचे तथा कार्यकर्ताओं के साथ अस्पताल परिसर में अलग टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए। आम आदमी पार्टी के नेता भी अस्पताल परिसर में अलग टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए तथा भाजपा कांग्रेस को कोसने लगे। सभी की एक ही मांग थी कि आरोपियों की गिरफ्तारी हो, पीड़ित परिवार को मुआवजा और नौकरी मिले तथा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही हो। सहमति नहीं बनने के कारण बसपा और आम आदमी पार्टी के धरने शुक्रवार शाम को खत्म हो गए लेकिन भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा का धरना लगातार जारी रहा। शनिवार को सुबह टोडाभीम से कांग्रेस विधायक पी आर मीणा व अन्य कांग्रेस नेता सांसद किरोड़ी मीणा के धरने में पहुंचे तथा धरना समाप्त करने का अनुरोध किया। लेकिन सांसद किरोड़ी नहीं माने और उन्हें वापस भेज दिया। इसके बाद शनिवार दोपहर बारह बजे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह भी हिंडौन पहुंचे तथा घटना की जानकारी लेकर सांसद किरोड़ी मीणा के धरने में शामिल हुए। उन्होंने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर जमकर आरोप लगाए।



पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पिता को हिरासत में लिया।

- **भाजपा की ओर से पीड़िता के परिवार को 20 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा**
- **जिला कलेक्टर ने राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया**

इसी दौरान खबर आई कि पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी गोलू मीणा को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में मुख्य आरोपी प्रभाकर चेन सिंह उर्फ गोलू मीना (20) और सहयोगी पिता अमर सिंह उर्फ नैहना मीना को गिरफ्तार किया है। एसपी ममता गुप्ता ने घटना का खुलासा किया तो मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ भी निकला। आरोपी की गिरफ्तारी होने के बाद पुलिस प्रशासन ने सांसद किरोड़ी लाल मीणा व मृतका के परिजनों से बातचीत कर समझाइश की तब कुछ सहमति बनी। भाजपा की ओर से की जा रही पहली मांग आरोपी की गिरफ्तारी पूरी हो गई। पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से पांच लाख रुपए के मुआवजे की जिला कलेक्टर ने घोषणा कर दी तथा संविदा पर नौकरी वह अन्य मांग भी पूरी करने का आश्वासन दिया। भाजपा भी पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपये की सहायता देगी। उसके बाद परिजन शव लेने को और सांसद किरोड़ी मीणा धरना समाप्त करने के लिए तैयार हुए। कड़ी सुरक्षा के बीच शव परिजनों को सुपुर्द कर गांव पहुंचाया गया। जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। जिसके बाद पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## संक्षिप्त

### फुलेरा विधायक ने जन्मदिन मनाया

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विजयी हुये स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत ने शनिवार को अपने आवास पर कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में 42 वां जन्मदिन का जन्मदिन सादगीपूर्ण तरीके से मनाया। इस दौरान सुबह से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बडे उल्लास के साथ विधायक को जन्मदिन की बधाई देने को उमड पड़े। कार्यकर्ताओ ने विधायक को पुष्पहार व साफा पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही कार्यक्रम में केक काटा गया। गौरतलब है कि विधायक कुमावत तीसरी बार फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से जीत का परचम लहराने के कारण हैट्रिक विधायक कहते है। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आवेदन तिथि 17 जुलाई तक बढ़ाई

**चाकसू, (निसं)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय चाकसू सत्र 2023-24 बीए पार्ट प्रथम में प्रवेश लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। प्रवेश समिति की नोडल अधिकारी आशा सुनारीवाल ने बताया कि आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के अनुसार विद्यार्थियों के लिए बीए पार्ट प्रथम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 जुलाई है एवं महाविद्यालय में नियमित रूप से प्रथम वर्ष में पढ़ने वाली छात्राओं को बिना परीक्षा परिणाम के द्वितीय वर्ष में (अस्थाई) ऑनलाइन प्रवेश के लिए फीस जमा कराने की अंतिम तिथि 19 जुलाई है।

### पालिका अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा के जनसंपर्क कार्यालय पर शनिवार को फुलेरा नगर पालिका अध्यक्षा संगीता अग्रवाल का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष उल्लास के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पालिका अध्यक्षा अग्रवाल माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर जन्मदिन की बधाइयां दी वही केक काटकर खिलाया। साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जितेन्द्र अग्रवाल, पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, अमर चन्द सैनी, गौरीशंकर सैनी, प्रमोद मीणा, विमला वर्मा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# कावडियों की शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया

**पावटा, (निसं)।** कस्बे से बाबा भूतनाथ जोहडा धाम कमेटी के तत्वावधान में पवित्र गंगा जल लेने के लिए गंगोत्री व हरिद्वार गए कावडियों के वापस लौटने पर शिव शक्ति कावड संघ पावटा आयोजक राजेश शर्मा द्वारा कावडियों व जन प्रतिनिधियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

वहीं बाबा भोले की शोभायात्रा के

- **राम डाक कावड गौ सेवा समिति द्वारा 52 घंटे में 450 कि.मी. का दौड़ सफर तय कर भोले का जलाभिषेक किया**



गंगोत्री व हरिद्वार से लौटे कावडियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

साथ साथ जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा कावडियों को माला पहनाकर व पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा बैण्ड-बाजों एवं झांकियों के साथ एक जुलूस के रूप में शिव शक्ति कावड संघ पावटा आयोजक राजेश शर्मा द्वारा लगाए गए शिविर से सुबह 10 बजे प्रारंभ हुई जो मार्गों से होती हुई बाबा भूतनाथ जोहडा धाम पावटा मंदिर परिसर में जाकर संपन्न हुई। इस दौरान विधायक के छोटे भाई राजेश गुर्जर, पावटा प्रधान पूजा चौधरी, भाजपा नेता जगन चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता कन्हैयालाल मीणा, वाइस चेयरमैन नरपत सिंह, पावटा ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष सुरेश शर्मा, महामंत्री चंद्रप्रकाश गौड, दुर्गादत्त भारद्वाज, विकास शर्मा, सुरेश पत्रकार, रवि शर्मा, अशोक शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता काशीराम लंबोरा, जुगल यादव, हरिराम सैनी, रामकरण वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों व ग्रामीणों द्वारा सुभाष चौक, प्रेम कटला, घंटाघर चौक सहित मुख्य बाजारों में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

बाबा भोले व कांवडियों की शोभायात्रा में आगे आगे चल रहे डीजे पर जमकर नाच रहे भोले के भक्त आकर्षण का केंद्र रहे। वही इस दौरान बाबा भूतनाथ जोहडा धाम पावटा कमेटी संरक्षक सदस्य दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, सुशील गौड ने बताया कि शनिवार को सुबह 9 बजे से बाबा भूतनाथ जोहडा धाम बाबा भोले का महंत केशव दास महाराज के सानिध्य में पंडित मनोज शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करवाते हुए गंगाजल से जलाभिषेक किया गया। वही भाजपा नेता जगन चौधरी, वीरेंद्र राठी मुख्य यजमान रहे।

वहीं राम डाक कावड गौ सेवा समिति द्वारा 52 घंटे में कावडियों द्वारा 450 किलोमीटर का पैदल दौड सफर तय कर शनिवार दोपहर करीब 1 बजे हरिद्वार से पवित्र डाक कावड व बाबा भोले की शोभायात्रा सहित पावटा पहुंचे। जहाँ जगह जगह जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। कावड मुय मार्गो से होते हुए गोपाल भैया मंदिर पर पहुंची और शिवरात्रि के पवित्र त्योहार पर गोपाल भैया मंदिर स्थित बाबा भोले पर महंत मोहन दास रामायणी के सानिंध्य में कावड चढाई गई।

### जैन समाज ने मौन जुलूस निकाला

**निवाई, (निसं)।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में जैन सन्त आचार्य कामकुमार नन्दी महाराज की निर्मम हत्या के विरोध में शनिवार को जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा विशाल मौन रैली निकालकर प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला व राकेश संघी ने बताया कि कर्नाटक राज्य में आचार्य श्रीकामकुमार नन्दी महाराज की निर्मम हत्या के विरोध में निवाई में विराजमान जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज के सानिध्य में सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा मौन रैली निकाली गई। इस दौरान तहसीलदार को राष्ट्रपति, कर्नाटक के मुख्यमंत्री, राजस्थान मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। जौंला ने बताया कि शनिवार को ज्ञापन से पूर्व शांतिनाथ भवन में जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज के सानिध्य में विनयांजलि सभा आयोजित की गई सभा का शुभारंभ विमल जौंला द्वारा मंगलाचरण के साथ किया गया।

विनयांजलि सभा में जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज, महावीर प्रसाद पराणा, पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री ने विनयांजलि दी। जौंला ने बताया कि इसके बाद विशाल मौन जुलूस शांतिनाथ भवन से रवाना होकर बिचला मंदिर, सब्जी मंडी बडा बाजार होते हुए अहिंसा सर्किल पहुंचे। ज्ञापन में बताया गया है कि दुखद घटनाक्रम पर वीडियो संदेश जारी हो। निर्मम हत्या का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुना जाए। भारतवर्ष में जैन संतों की सुरक्षा व्यवस्था हो।

### ए.एस.पी. ने कार्यभार संभाला

**मालपुरा, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद से स्थानान्तरित हो मालपुरा पहुंचे पुष्पेन्द्र सिंह ने मालपुरा एएसपी कार्यालय में पदभार संभाला। स्थानान्तरित हुये एएसपी राकेश कुमार बैरवा ने पुष्पेन्द्र सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनन्दन करते हुए पदभार सौंपा। एएसपी ने पदभार संभालने के साथ ही प्रदेश में अतिसंवेदनशील मालपुरा शहर व ग्रामीण क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के साथ-साथ अपराधियों पर शिकंजा कस शहर व क्षेत्र में अमन चैन बनाये रखना पहली प्राथमिकता बताई। प्रदेश में मालपुरा शहर की अतिसंवेदनशीलता एवं आगामी विधानसभा चुनाव सहित कई पहलुओं को मध्य नजर रखते हुए पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ को मालपुरा एएसपी बनाये जाने पर आमजन ने हर्ष व्यक्त कर राजा मालदेव की नगरी मालपुरा मे राठोड का स्वागत किया तो अपराधियों में राठौड़ के पदभार संभालते ही एक खौफ सा छा गया।

# 'मंत्री जाहिदा खान बताएं टैबलेट का टैंडर निरस्त क्यों किया?'

- **मंत्री के खिलाफ ए.सी.बी. में परिवाद दर्ज कराएगी भाजपा : मुकेश दाधीच**

**जयपुर, (कासं)।** शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान द्वारा स्मार्ट क्लासेज के टैंडरों में कमीशन खोरी को लेकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

इस दौरान मुकेश दाधीच ने कहा कि, पिछले दिनों कांग्रेस कार्यालय के बाहर शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान के खिलाफ पैसे लेने का पोस्टर चर्चा में रहा है। राजस्थान में 110 करोड़ की लागत से 9 हजार 401 स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज बनाने का काम सरकार ने बजट घोषणा (2021-22) में किया था। यह काम इसी सत्र 2021-22 में ही पूरा होना था। शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान को स्थायी आदेश के तहत शिक्षा मंत्री के सभी अधिकार 21 दिसंबर 2022 को दिये गये थे। इसलिए इस काम को पूरा करने की जिम्मदारी उन्हीं की बनती है।

मुकेश दाधीच ने कहा कि, स्मार्ट क्लासेज बनाने का टेंडर तीन कंपनियों को दिया गया था। तीनों कंपनियों ने काम शुरू भी कर दिया। लेकिन कमीशन नहीं मिलने के चलते मंत्री जाहिदा ने इंटेस कंपनी के लोगों को वर्क ऑर्डर निरस्त करने की धमकी देना शुरू कर दिया। इस संबंध में जाहिदा खान को अधिकारियों ने बताया कि वर्कऑर्डर होने के बाद पीडीआई रोका जाना संभव नहीं है। इसके बावजूद नाराज होकर मंत्री जाहिदा खान ने 5 जून 2023 को नोटशीट पर पीडीआई रोकने के आदेश जारी कर दिये। भारत सरकार के सहयोग से स्मार्ट क्लासेज में पढ़ने का सपना देख रहे लाखों छात्रों का भविष्य कमीशन के खेल में चौपट हो गया। मुकेश दाधीच ने मंत्री जाहिदा खान से सवाल करते हुए कहा कि, मंत्री के निजि सहायक आसिफ और ताहिर सभी उच्च स्तरीय सरकारी बैठकों में किस हैसियत से शामिल होते हैं। शिक्षा मंत्री और शासन सचिव की आपसी नोंकझोंक का मामला सुर्खियों में रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री एक मंत्री के इतने दबाव में हैं कि पूर्व में मोहनलाल यादव और अब श्रुति भारद्वाज मंत्री के कोप भाजन की शिकार हुई हैं।

मुकेश दाधीच ने कहा कि, सप्लाई करने वाली कंपनी रोबोटिक (इंडस) पीडीआई में फेल होने के बाद भी लगातार माल सप्लाई करती रही। सवाल यह उठता है कि पुन: निरीक्षण के बाद किस आधार पर उस कंपनी के माल को पास किया गया। जबकि उसमें लगा हुआ थ्रीडी प्रिन्टर चाईनीज माल है। जिस पर भारत सरकार का लैंडबॉर्डर आदेश लागू होता है, जिसके तहत भारत सरकार ने इस माल पर रोक लगा रखी है। प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि, पूर्व में 40 हजार छात्रों को मिलने वाले 40 करोड़ के टैबलेट भी इस सरकार की अकर्मण्यता से टैंडर होने के कारण छात्रों को नहीं मिले। मंत्री जाहिदा को 50 प्रतिशत कमीशन नहीं मिलने के कारण ही टैबलेट एवं स्मार्ट क्लासेज छात्रों को नहीं मिल पाए। इन सभी घटनाओं के चलते ही पूर्व में टैबलेट का टैंडर और अब स्मार्ट क्लासेज के टैंडर निरस्त करने की तैयारी चल रही है। इस संबंध में मंत्री जाहिदा खान के खिलाफ टैंडर घोटाले को लेकर एसीडी में मामला दर्ज कराएगे। प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल और प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### विद्यार्थियों को स्कूली बैग बांटे



**निवाई, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुंसी में शनिवार को भामाशाह बालचंद मीणा की स्मृति में गठित चैरिटेबल ट्रस्ट स्वर्गीय श्रीबालचंद मीणा सेवा संस्थान ने विद्यार्थियों को 320 स्कूल बैग वितरित किए। प्रधानाचार्य राकेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि संस्थान के अध्यक्ष सुरेंद्र मीणा ने शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुंसी में आयोजित एक समारोह में सजिया की 2 सरकारी स्कूलों में कक्षा चार से आठ के 130 विद्यार्थियों को एवं गुंसी के 4 सरकारी विद्यालयों में इन्ही कक्षाओं में अध्यनरत 190 विद्यार्थियों को बेग वितरित किए। इस अवसर पर अध्यक्ष मीणा ने उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि व्यक्ति अगर समर्थ है तो उसे गरीबों एवं असहाय लोगों की सेवा करने के लिए हमेशा अग्रणी रहना चाहिए। सेवा की सोच आदमी को आगे तक ले जाती है। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण मीणा, बद्री नारायण मीणा, महेश सैनी, भंवरलाल तानिवाड, शंकरलाल सैनी, शंकरलाल बलाई, गिर्राज गुर्जर, बाबूलाल मीणा, प्रेमसुंदर बैरवा एवं मदनलाल माली सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं शाला परिवार उपस्थित थे।

### त्रिवेणी भाजपा मंडल की बैठक

**जयपुर, (निसं)।** 15 जुलाई को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के त्रिवेणी भाजपा मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं बूथ अध्यक्षों सहित समस्त कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी के निवास शाहपुरा हवेली पर भाजपा सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने और बूथ मजबूती को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा, अध्यक्षता त्रिवेणी मंडल के अध्यक्ष अनिल शर्मा, विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन कृपाशंकर शर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता राधेश्याम शर्मा, शिवनारायण मीणा, मंडल महामंत्री श्यामलाल ककोडिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन कंवर, युवा मोर्चा अध्यक्ष रामकिशन रुंडला, एससी मोर्चा अध्यक्ष जगदीश मोहलिया, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रामकरण गुर्जर, किसान मोर्चा अध्यक्ष ग्यारसी लाल सेहवाग, पूर्व सरपंच रामेश्वर सैनी, शक्ति केन्द्र प्रभारी जगदीश सेवदा, रामस्वरूप योगी, भींवा स्वामी, राजू शर्मा सहित सभी मोर्चा अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्षों के साथ सैंकड़ों लोग एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

### अंकित चेची का स्वागत किया

**रींगस, (निसं)।** भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची गुर्जर का जयपुर से खाटूश्यामजी जाते वक्त भाजयुमो जिलाध्यक्ष स्वदेश शर्मा एवं रींगस भाजयुमो मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश कोरखन्या के नेतृत्व में मिल चौराहे पर स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची ने कहा कि 18 तारीख को अजमेर में होने वाले राज्य सरकार के खिलाफ युवा महा आक्रोश जनघेराव में अधिक से अधिक संख्या में पधारें। इस मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एडवोकेट गिरिराज सिंह तवर पार्षद बीरबल निठारवाल मंडल प्रभारी एडवोकेट रामकिशन सैनी पवन मारवाल कोटडी मंडल अध्यक्ष रिछपाल नेमीचंद कुमावत कालूराम कुमावत रामअवतार छिपा मनोज धाभाई सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिम के लिए 3 लाख की स्वीकृति

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** महाशिवरात्रि को ग्राम दुघेड़ा में आयोजित बाबा झरना वाले के भंडारे में कांग्रेस नेता बस्तीराम यादव एडवोकेट प्रधान बहरोड़ गांव के युवाओं द्वारा व्यायाम हेतु जिम की मांग पर 3 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति पंचायत समिति के प्रधान कोटे से जारी करते सौंपी। वहीं ग्राम वासियों की भैरो बाबा भोमिया के रास्ते को पक्का करने की मांग की जिसको पक्का करवाने की घोषणा की। इस अवसर पर सरपंच सुरेश चंद भेडी ब्लॉक अध्यक्ष ओबीसी कांग्रेस बहरोड़, विक्रम सिंह यादव प्रधान, सरपंच श्योताज सिंह, सरपंच मुकेश यादव, पार्षद मुकेश कुमार यादव, पुर्व पंचायत समिति सदस्य अमित यादव, धर्मपाल यादव, सतपाल यादव, सुरेंद्र सिंह यादव, अमर सिंह यादव, रतिराम, मोहरा राम, चंदगी पंच, शीशराम पंच, उदमी राम पंच आदि ग्रामीण महिला व युवा उपस्थित रहे।

### 10 करोड़ की सड़कों का शिलान्यास

**दौसा, (निसं)।** जिले की लालसोट विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा शनिवार को वर्चुअल माध्यम से बनने वाली 10 करोड़ 13 लाख रुपए लागत की सड़कों का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा लालसोट विधानसभा क्षेत्र की मंडावरी नगर पालिका में करीब 3 करोड़ लागत की 7 सड़कों का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इसी तरह लालसोट नगर पालिका में करीब चार करोड़ तेरह लाख की लागत से बनने वाली 19 सड़कों का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया गया। इसी तरह मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा वर्चुअल माध्यम से नगरपालिका रामगढ़ पचवारा में 5 जगहों पर बनने वाली 3 करोड़ लागत की सड़कों का वर्चुअल तौर पर शिलान्यास किया।

### अमरनाथ यात्रियों का जत्था रवाना

**फागी, (निसं)।** कस्बे एवं आसपास के 61 अमरनाथ यात्रियों का जत्था बाबा बरफानी मित्र मंडल के नेतृत्व में शनिवार को रवाना हुआ। कस्बे के चारभुजा मन्दिर से महंत कमलदास जी महाराज पूर्व विधायक प्रेम चंद बैरवा व जिला प्रमुख रमा चौपडा ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ रवाना किया जहां से यात्री नाचते गाते कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर साम्ब सदाशिव मन्दिर पहुंचे जहां से 61 यात्रियों का जत्था दो बसों द्वारा बाबा बरफानी के दर्षनार्थ 9वीं बार प्रस्थान कर गया।

# पंडोखर सरकार धाम का दिव्य दरबार सजाया

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत अमृत कथा ज्ञान वाणी कार्यक्रम परिसर में शनिवार को पंडोखर सरकार धाम का दिव्य दरबार सजाया।

इस त्रिकालदर्शी दिव्या दरबार में सैकड़ों लोगों की समस्याओं का पंडोखर सरकार द्वारा पर्चा लिखा गया। वहीं पर समस्या सुनाने वाले श्रद्धालुओं की पर्ची पर लिखकर समस्या का समाधान भी धार्मिक तरीके से बताया गया। पंडोखर सरकार के इस त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार में लालसोट के पत्रकारों ने भी खुद का दुखड़ा सुनाया एवं समाधान की गुहार लगाई। जहां दिव्य दरबार में पत्रकारों सहित पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को उनकी समस्या को लेकर विभिन्न उपाय भी पंडोखर सरकार द्वारा सुझाए गए। पंडोखर सरकार के दिव्य द्वार की सूचना पाकर लोग सुबह 11बजे से ही फूले सर्किल स्थित श्रीमद् भागवत कथा स्थल पर जमा हो गए। जहां लगभग तीन बजे पहुंचे पंडोखर सरकार की अगवानी में श्रद्धालुओं ने कनक दंडवत करते हुए उनका स्वागत किया। कुल मिलाकर इस श्रीमद्भागवत अमृत कथा के दौरान बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री को आना था लेकिन उनसे पहले पहुंचे पंडोखर सरकार के लगाए त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार में जरूर लोगों को उनके समकक्ष राहत मिल गई। वहीं इसके बाद पूजा अर्चना के साथ विधिवत श्रीमद् भागवत कथा अमृत का जगद्गुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास महाराज द्वारा मुख से श्रीमद् भागवत कथा का अमृत वचन किया गया। कथा वाचन के दौरान कथा व्यास द्वारा इस दुनिया में धर्म पर पड़ रही पश्चात कालीन प्रभाव को हटाने के लिए सनातन धर्म से जुड़ी सभी विधाओं को अपनाने के साथ गो सेवा करने का भी आव्हान किया। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक मदन मोहन दास महाराज नगर पालिका के चेयरमैन रक्षा मिश्रा अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी भामाशाह मोहन सोनी धर्मेंद्र चोपड़ा शिव शंकर जोशी डॉक्टर भरत एडवोकेट अशोक चौधरी दीपक पुरोहित सहित आयोजन से जुड़े कई लोग मौजूद रहे।

### विद्यालय का निरीक्षण किया

**निवाई, (निसं)।** राउमावि निवाई का शनिवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी केसी कोली ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर विद्यालय में चल रही नो बैग डे गतिविधि, डायल फ्यूचर, मतदाता जागरूकता, नशा मुक्ति और जिला कलेक्टर टोंक की योजना मिशन प्रेरणा का निरीक्षण कर प्रधानाचार्य देवेंद्रपाल सिंह से विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विद्यार्थियों से डीईओ ने नशे से दूर रहकर अपने आप को बचाने का आ ान किया। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके विद्यार्थियों को मतदाता पहचान पत्र बनाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मिशन प्रेरणा से पिछले सत्र में उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थियों के बारे में जानकारी दी। स्कूल में आयोजित नो बेग डे गतिवधियों का विद्यालय में गठित विभिन्न समूहों द्वारा प्रदर्शन किया गया।

# कांग्रेस नीचे से ऊपर तक भ्रष्ट पार्टी : शेखावत

- **कांग्रेस नेता के घूस लेते गिरफ्तार होने पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने कटाक्ष किया**

**जयपुर, (निसं)।** कांग्रेस नेता गोपाल केसावत के घूस लेते गिरफ्तार होने पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने तीखा कटाक्ष किया। शेखावत ने कहा कि, कांग्रेस नीचे से ऊपर तक भ्रष्ट पार्टी है।

हाईकमान को जब तक काला पैसा मिलता रहेगा, गहलोत की तूती प्रदेश कांग्रेस में बोलती रहेगी। शनिवार को गोपाल केसावत की कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ फोटो साझा करते हुए शेखावत ने ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि, तस्वीर में राहुल गांधी उस गोपाल केसावत से हाथ मिला रहे हैं, जिसे आरएएस भर्ती परीक्षा पास कराने के एवज में 18.5 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। गोपाल राज्य विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमंतू कल्याण बोर्ड का पूर्व चेयरमैन है, जिसे राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नीचे से ऊपर तक भ्रष्ट पार्टी है। राजस्थान सरकार राहुल गांधी ऐशो-आराम के लिए जमकर भ्रष्टाचार कर रही है। हाईकमान को जब तक काला पैसा मिलता रहेगा, गहलोत जी की तूती प्रदेश कांग्रेस में बोलती रहेगी।

# 11 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ

**रामगढ़ पचवारा/ लालसोट, (निसं)।** खंड मुख्यालय पर शनिवार को उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र सिंह यादव एवं चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा राजकीय कन्या महाविद्यालय के नए भवन का लोकार्पण किया। वहीं दोनों मंत्रियों ने रामगढ़ पचवारा पंचायत

- **कन्या महाविद्यालय के भवन का लोकार्पण, प.स. भवन का शिलान्यास, न.पा. क्षेत्र में सड़कों का शिलान्यास**



रामगढ़ उपखंड मुख्यालय पर नए बने कन्या महाविद्यालय भवन का उच्च शिक्षा मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ( बाएं से दूसरे ) एवं चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ( बाएं ) ने फीता काटकर लोकार्पण किया।

समिति के नए बनने वाले भवन का शिलान्यास किया गया।

इसी दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा वर्चुअल तरीके से नव स्वीकृत नगरपालिका में बनने वाली सड़कों का वर्चुअल शिलान्यास किया गया। सेंड मुख्यालय पर उच्च शिक्षा मंत्री यादव एवं चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा साझा रूप से 6 करोड़ लागत के नवसृजित कन्या महाविद्यालय के भवन का लोकार्पण दो करोड़ लागत से पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा के नवीन भवन का शिलान्यास, तीन करोड़ लागत से नगरपालिका रामगढ़ पचवारा क्षेत्र में बनने वाली सड़कों का सीएम द्वारा उच्च चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा एवं उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र यादव की मौजूदगी में शिलान्यास किया गया। चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा बताया गया कि करीब 6 करोड़ 45 लाख रुपए की रामगढ़ पचवारा नगर पालिका क्षेत्र में अतिरिक्त सड़कों की स्वीकृति भी जारी हुई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि पचवारा क्षेत्र का एक सपना था कि शिक्षा के क्षेत्र में भी चल रही बालिकाओं के लिए सीनियर सेकेंडरी पास करने के बाद कालेज शिक्षा के लिए कॉलेज बने उसकी घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि रामगढ़ पचवारा को उपखंड पर सभी ब्लॉक स्तरीय कार्यालय खुलवाकर बराबरी का दर्जा दिलाया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि 2 साल संक्रमण काल होने के कारण केवल हमें ढाई साल काम करने को मिले हैं। इतना कम समय होने के बाद भी प्रदेश का विकास पिछले भाजपा शासन से ज्यादा होना गहलोत सरकार के विकासशील होने का प्रमाण है। प्रदेश के सभी दसवीं के स्कूल लोग को 12वीं में क्रमोन्नत किया गया उन्होंने कहा कि अब आठवीं से सीधे 12वीं कक्षा में विद्यालय क्रमोन्नत के नियम बनाए गए हैं। मंत्री यादव ने कहा कि, पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा विकास की बेरुखी का प्रमाण यह है कि ईसरदा प्रोजेक्ट समय पर नहीं कराने से उसके लागत ही दोगुनी हो गई। मंत्री यादव ने कहा कि गहलोत सरकार द्वारा दी जा रही खाद्य किट का बजट राज्य सरकार का है केंद्र सरकार का नहीं है। वहीं उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा उद्बोधन में कॉलेज में रिक्त पदों को पूरी तरह भरने का आश्वासन भी दिया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान की कांग्रेस सरकार की नीतियों, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, गैंगवार, माफिया राज व तानाशाही के विरुद्ध भाजपा की ओर से नहीं सहेगा राजस्थान कार्यक्रम की लॉन्चिंग भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा रविवार सुबह 11 बजे चंदन वन गार्डन बीलवा जयपुर में करेंगे। इस कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल टोंक की बैठक का आयोजन शनिवार को अभिज्ञान कॉलेज परिसर में हुआ। बैठक की अध्यक्षता टोंक के पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए अजीत सिंह मेहता ने कहा कि कांग्रेस की राज्य सरकार तानाशाह हो चुकी है, प्रदेश में अपराध बेलगाम है, भ्रष्टाचार चरम पर है। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जनता सबक सिखाएगी। मेहता ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, गैंगवार, माफिया राज व तानाशाही के विरुद्ध नहीं सहेगा राजस्थान कार्यक्रम की लॉन्चिंग भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा रविवार सुबह 11 बजे चंदन वन गार्डन बीलवा जयपुर में करेंगे। इस कार्यक्रम में टोंक विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।

# राव सूरतसिंह इंडियन ऑयल पैट्रोल पंप का उद्घाटन

**बहरोड़/ अलवर, (निसं)।** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. सुजान सिंह यादव के परिवार से नवीन यादव नेताजी पुत्र पूर्व प्रधान रंगराव के पेट्रोल पंप सूरतसिंह इंडियन ऑयल का उद्घाटन अलवर से नारनौल रोड पर बहरोड़ कस्बे के नजदीकी गांव नारेडा कला में अनेक दिग्गज नेताओं के पहुंचने के दौरान संतरा देवी ने फीता काटकर किया।

गौरतलब है कि केंद्र की राजनीति में इंदिरा गांधी तत्कालीन प्रधानमंत्री भारत सरकार के संपर्क में रहे बहरोड़ की राजनीति के दिग्गज नेता एवं भारतीय जनता पार्टी की सरकार में राजस्थान में भैरोंसिंह शेखावत के मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री रहे सुजान सिंह के भाई के बेटे व पूर्व में प्रधान रहे रंगराव यादव के पुत्र नवीन नेताजी ने राव सूरतसिंह इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप का उद्घाटन संतरा देवी धर्मपत्नी किरोड़ीमल के हाथों फीता काटकर करवाया।

सामान्य रूप से ही रखे गए उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी तादाद में लोगों के पहुंचने के दौरान कार्यक्रम में हरियाणा सरकार में पूर्व में मंत्री रहे



पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. सुजान सिंह यादव के परिवार से नवीन यादव नेताजी के पेट्रोल पंप का उद्घाटन संतरा देवी ने किया।

कैलाश शर्मा सहित डॉ हरि सिंह, राजस्थान समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बृजानंद यादव, बहरोड़ प्रधान सरोज बस्तीराम यादव, कांग्रेस कमेटी के विजय यादव, आप पार्टी के हरदान सिंह गुर्जर, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ जसवंत के पुत्र मोहित यादव, आर्य समाजी धर्मवीर यादव, राव अभय सिंह यादव, रामसिंहपुरा सरपंच प्रत्याशी रहे सीताराम यादव, कांग्रेस कमेटी झुंझुनू के जगदेव यादव, पंडित अशोक बोहरा वरिष्ठ पत्रकार, महेंद्र कुमार शर्मा, बलदेव पहलवान कांकरदोपा, दयाराम यादव नासरपुर आदि सहित हजारों की संख्या में परिवार के संपर्क में रहे अनेकों गणमान्य लोगों के पहुंचने के साथ ही विधानसभा क्षेत्र बहरोड़ के अनेक पार्टीगत नेताओं सहित क्षेत्र के वरिष्ठ एवं गणमान्य लोगों ने उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम में चार चांद लगाए।



निश्चित तौर पर पाकिस्तान को भारत में विश्व कप खेलना चाहिए। मैंने जितनी बार भी भारत में खेला है, हमने वहां दबाव और दर्शकों की भीड़ का आनंद लिया है। इससे आपको प्रेरणा मिलती है और भारत की परिस्थितियां हमारे अनुकूल होती हैं। **– मिस्बाह-उल-हक**

पाक के पूर्व कप्तान, एकदिवसीय विश्वकप को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **यशस्वी जायसवाल**



**भारत** के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि उनका सफर काफी लंबा और कठिन रहा और पदार्पण टेस्ट में 'प्लेयर आफ द मैच' का पुरस्कार जीतना भविष्य में कामयाबियों की कई कहानियों की शुरूआत भर है। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में जायसवाल ने 171 रन बनाये और कप्तान रोहित शर्मा के साथ 229 रन की साझेदारी की। पदार्पण टेस्ट में 150 से अधिक रन बनाने वाले वह तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। उनकी पारी की मदद से भारत ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट में एक पारी और 141 रन से हराया।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल की पहली ट्रॉफी जुलियस रिमेट का डिजाइन फ्रांसीसी वास्तुकार एवेल लेफलुर ने तैयार किया था।

## अमेरिकी ओपन : लक्ष्य सेमीफाइनल में, सिंधू का सफर खत्म

वशिंगटन, 15 जुलाई। हाल ही में संपन्न कनाडा ओपन के विजेता और भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन हमवतन शंकर मुथुसामी को हरा कर अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर गये हैं। शुक्रवार को खेले गये सेमीफाइनल में लक्ष्य का सामना चीनी शटलर ली शि फेंग से होगा। लक्ष्य ने चेन्नई के युवा शटलर शंकर को आसान मुकाबले में 21-10, 21-17 से मात दी। करीब 38 मिनट तक चले मैच में शंकर कभी भी लक्ष्य के सामने टिकते दिखायी नहीं दिये। उधर, महिला एकल में पीवी सिंधू को एक बार फिर महत्वपूर्ण मोड़ पर हार का सामना करना पड़ा। वर्ल्ड नंबर 12 सिंधू को चीन की गाओ फांस जि ने 22-20, 21-13 से हराया। सिंधू को चीनी बाला ने शुरू से ही परेशान किया। पहले गेम में सिंधू ने हालांकि कडी टक्कर दी मगर दूसरे गेम में वह प्रतिद्वंदी के सामने थकी नजर आयी जिसका भरपूर फायदा उठाते हुये फांस जि ने उन्हे उबरने का मौका नहीं दिया और अंतिम चार में अपनी जगह बना ली।

## दलीप ट्रॉफी : पांचाल ने करायी पश्चिम क्षेत्र की वापसी, रोमांच बरकरार

बेंगलुरू 15 जुलाई। कप्तान प्रियांक पांचाल (92 नाबाद) और सरफराज खान (48) के बीच 98 रन की उपयोगी भागीदारी की बदौलत पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्राफी के खिताबी मुकाबले में दक्षिण क्षेत्र के खिलाफ शनिवार को वापसी का जज्बा दिखाते हुये अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट खोकर 182 रन बना लिये। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर मैच के चौथे दिन का खेल खत्म होने के समय पांचाल का साथ अतित सेठ दे रहे थे। मैच के पांचवें और अंतिम दिन पश्चिम को जीत के अभी भी 116 रनों की जरूरत है वहीं दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों का लक्ष्य पांचाल के विकेट के साथ अन्य चार बल्लेबाजों को सस्ते में निपटाने का होगा। दक्षिण क्षेत्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 213 रन बनाये थे जिसके जवाब में पश्चिम की पहली पारी 146 रनों पर सिमट गयी थी। 67 रन की लीड के साथ दक्षिण के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी शुरू की और 230 रन बना कर पश्चिम को जीत के लिये 298 रनो का लक्ष्य दिया।

## पंजाब एफसी ने तीन विदेशी खिलाड़ियों की सेवाएं बढ़ाई

मोहाली, 15 जुलाई। राउंडग्लास स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली पंजाब एफसी ने आई-लीग विजेता टीम के तीन विदेशी खिलाड़ियों स्लोवेनियाई फॉरवर्ड लुका माजसेन, स्पेनिश मिडफील्डर जुआन मेरा और नेपाली कस्टोडियन किरण कुमार लिम्बु की सेवाओं को 2023-24 सत्र तक के लिये विस्तार दिया है। ये तीनों खिलाड़ी क्लब के ख़िताब जीतने वाले सीज़न में महत्वपूर्ण थे। लुका माजसेन शानदार गोल स्कोरिंग फॉर्म में थे। उन्होंने 16 गोल करके आई-लीग सीज़न को शीर्ष स्कोरर के रूप में समाप्त किया। उन्हें लीग का हीरो भी चुना गया। बाएं पैर के जादूगर, जुआन मेरा, टीम के लिए मिडफ़ील्ड के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी थे। उन्हें लीग का सर्वश्रेष्ठ मिडफ़ील्डर चुना गया था। सीज़न को 10 गोल के साथ समाप्त करते हुए उन्होंने अग्रिम योगदान भी दिया। यह जुआन का भारत में सबसे अच्छा सीज़न भी था। नेपाली कस्टोडियन किरण कुमार लिम्बु को स्टिक के बीच शानदार प्रदर्शन के लिए लीग का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया। पंजाब एफसी के तकनीकी निदेशक निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा, पंजाब एफसी के ऐतिहासिक आई-लीग खिताब जीतने वाले सीज़न में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद हम लुका, जुआन और किरण की सेवाओं का विस्तार करने के लिए उत्साहित हैं।

# अश्विन का करिश्मा, भारत ने विंडीज को पारी और 141 रन से हराया



डोमिनिका, 15 जुलाई। रविचंद्रन अश्विन (71 रन पर सात विकेट) के करिश्मायी प्रदर्शन के बूते भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट मैच तीसरे दिन शुक्रवार को पारी और 141 रन से जीत लिया। भारत की मिली यह जीत एशिया के बाहर के देश में मिली सबसे बड़ी जीत है।

इस जीत के हीरो रविचंद्रन अश्विन बने जिन्होने मैच की दोनो पारियों में 131 रन देकर 12 विकेट लिए और आठवीं बार 10 विकेट लेने के अनिल कुंबले के रिकॉर्ड की बराबरी की। विंडसर पार्क में मेजबान टीम ने पहली पारी में 150 रन बनाये थे जिसके जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 421 रन बना कर समाप्त घोषित कर दी। 271 की बड़ी बढ़त लेने के बाद भारत ने वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 130 रन पर समेट दिया।

कप्तान रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी मे शुरू में सिर्फ चार ओवर तेज गेंदबाजों से कराये और पिच के मिजाज के भांपते हुये रवीन्द्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन की जोडी को आगे कर दिया जिन्होने अपने कप्तान को निराश नहीं किया। वेस्ट इंडीज का स्कोर अभी आठ रन ही पहुंचा था कि जडेजा ने सलामी बल्लेबाज तैगेनारिन चंद्रपॉल (7) को पगबाधा आउट किया जबकि पारी के 17वें ओवर में कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (7) का विकेट चटका कर अश्विन ने अपने कातिलाना स्पेल का आगाज किया।

जर्मेनी ब्लैकवुड (5) के दूसरे शिकार बने वहीं रेमन रीफर (11) जडेजा की गेंद पर विकेट के आगे पाये गये। इस बीच मोहम्मद सिराज ने जोशुआ दा सिल्वा (11) को पगबाधा आउट किया जबकि बाद के पांच विकेट अश्विन के खाते में गये। एलिक अथानाजे (28) वेस्टइंडीज की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने जबकि जेसन होल्डर 20 रन बना कर नाबाद पवेलियन लौटे। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 421 रन बना कर समाप्त घोषित कर दी थी। भारत को मैच जिताऊ लीड दिलाने में यशस्वी जयसवाल (171),रोहित शर्मा (103) और विराट कोहली (72) की भूमिका उल्लेखनीय रही।

## हार का कारण खराब बल्लेबाजी बनी : ब्रेथवेट

डोमिनिका, 15 जुलाई। भारत के खिलाफ शर्मनाक हार से झल्लाये वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने कहा कि बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन हार के मुख्य कारक बना। ब्रेथवेट ने कहा हमने पहली पारी में सिर्फ 150 रन बनाये जो पर्याप्त नहीं थे, भारत की बैटिंग लाइनअप मजबूत है और उन्होने इसे साबित कर दिखाया। दूसरी पारी में हमारे पास 271 रन की लीड से पार पाने की चुनौती थी। हमारे बल्लेबाजों को दवाब को दूर रख कर संयम से बल्लेबाजी करनी चाहिये थी जो हम नहीं कर सके। मैं भी असफल रहा। कप्तान होने के नाते मुझे रन बनाने चाहिये थी ताकि टीम का हौसला बढ़ सके।

## लाजवाब बल्लेबाज है यशस्वी : रोहित शर्मा

डोमिनिका, 15 जुलाई। वेस्टइंडीज के खिलाफ मिली ऐतिहासिक जीत से प्रफुल्लित भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के जज्बे की तारीफ करते हुये कहा कि उनके गजब की प्रतिभा है और दूसरे छोर पर उनको बल्लेबाजी करते देखना सुखद अनुभव रहा। मैच के बाद रोहित ने कहा, हमें पता था कि वह (यशस्वी) अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार हैं। पिछले दो साल के उनके प्रदर्शन ने दिखाया था कि वह बड़े मंच के लिए तैयार हैं। उन्होंने धैर्य व संजीदगी के साथ बल्लेबाज़ी की और अपना टेंपरामेंट दिखाया। किसी भी क्षण ऐसा नहीं लगा कि वह तेज़ी में हैं या अपनी योजनाओं से दूर जा रहे हैं।



## मार्केटा वोंद्रासोवा विंबलडन जीतने वाली पहली गैरवरीय खिलाड़ी बनी

लंदन, 15 जुलाई। मार्केटा वोंद्रोसोवा ने महिला एकल के फाइनल में ओन्स जाबेउर को सीधे सेटों में पराजित करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाली सबसे कम रैंकिंग की और पहली गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बन गई।

चेक गणराज्य की 24 वर्षीय खिलाड़ी वोंद्रोसोवा ने पिछले साल की उपविजेता और छठी वरीयता प्राप्त जाबेउर को 6-4, 6-4 से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। बाएं हाथ से खेलने वाली वोंद्रोसोवा की विश्व रैंकिंग 42 है और वह पिछले 60 सालों में विंबलडन में फाइनल में खेलने वाली पहली गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बनी थी। वोंद्रोसोवा दोनों सेट में पिछड़ रही थी लेकिन पहले सेट में उन्होंने लगातार चार अंक बनाकर जीत दर्ज की जबकि दूसरे सेट में अंतिम तीन गेम जीतकर खिताब अपने नाम किया। यह उनका पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। वह 2019 में फ्रेंच ओपन के फाइनल में हार गई थी। जाबेउर तीसरी बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में हारी है। ट्ययूनीशिया की यह 28 वर्षीय खिलाड़ी किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली अरब महिला और उत्तरी अफ्रीका की एकमात्र महिला खिलाड़ी है। वह पिछले साल ऑल इंग्लैंड क्लब में इलेना रायबाकिना से जबकि अमेरिकी ओपन में इगा स्वियातेक से हार गई थी। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले यह कल्पना करना भी मुश्किल था कि वोंद्रोसोवा चैंपियन बनेगी।

वर्तमान टूर्नामेंट से पहले विंबलडन में उनका रिकॉर्ड 1-4 था लेकिन इस बार उन्होंने लगातार सात मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया। वह चोटिल होने के कारण पिछले साल विंबलडन में भाग नहीं ले पाई थी। वोंद्रोसोवा चोटिल होने के कारण पिछले साल अप्रैल से अक्टूबर तक बाहर रही थी और 2022 के आखिर में उनकी विश्व रैंकिंग 99 पहुंच गई थी।

## फेडरर के आठ विंबलडन खिताब की बराबरी के लिए जोकोविच के सामने अलकराज की चुनौती

विंबलडन, 15 जुलाई। दूसरी वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच विंबलडन के फाइनल मुकाबले के लिए रविवार को मैदान में उतरेंगे तो उनकी नजरें दिग्गज रोजर फेडरर के आठ खिताब के रिकॉर्ड पर बराबरी करने की होगी लेकिन इसके लिए उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज की चुनौती से पार पाना होगा। रिकॉर्ड 23 ग्रैंड स्लैम जीत चुके जोकोविच ने सात बार विंबलडन पुरुष एकल का खिताब जीता है। रिकॉर्ड फेडरर के नाम है जो आठ बार इसके चैम्पियन बने हैं।

इस मैच में अनुभव और युवा जोश का मुकाबला देखने को मिलेगा। जोकोविच 36 साल के है जबकि अलकराज 20 बरस के है। किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में 1974 यह बाद यह उम्र का सबसे बड़ा फासला होगा। जोकोविच अगर चैम्पियन बनते हैं तो वह ओपन युग में विंबलडन का पुरुष एकल मुकाबला जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे।

वह लगातार पांचवीं बार इस खिताब को जीतना चाहेंगे। मुकाबले से पहले जोकोविच ने स्पेन के युवा खिलाड़ी अलकराज की तुलना खुद से करते हुए तारीफ की। जोकोविच ने कहा, " वह प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी के खिलाफ किसी भी सतह पर चुनौतियों के अनुकूल ढालने में अविश्वसनीय रूप से सफल रहा है। इस खेल में यह मेरा मजबूत पक्ष रहा है। मैंने अपने पूरे करियर में इसे अपनी सबसे बड़ी ताकत के रूप में महसूस किया। वह (अलकराज) अपने करियर की शुरुआत में ही अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।"

अलकराज से जब जोकोविच के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, " उनकी कोई कमजोरी नहीं है। वह इस खेल की पूर्णता के करीब है। वह कमाल के खिलाड़ी हैं और मैच में कोई गलती नहीं करते हैं। वह शारीरिक और मानसिक तौर पर काफी मजबूत हैं।" अलकराज रैंकिंग में शीर्ष पर हैं जबकि जोकोविच दूसरे स्थान पर हैं। जोकोविच हालांकि सबसे ज्यादा समय तक शीर्ष रैंकिंग पर रहे हैं। सेमीफाइनल में अलकराज ने तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव की चुनौती को आसानी से 6-3 6-3 6-3 ध्वस्त कर दिया था।

## भारतीय कप्तान हरमनप्रीत को वनडे के लिए बेहतर विकेट मिलने की उम्मीद

मीरपुर, 15 जुलाई। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर को उम्मीद है कि बांग्लादेश के खिलाफ रविवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला बल्लेबाजी के लिए बेहतर विकेट पर खेली जाएगी। भारत ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जीती लेकिन शेरे बांग्ला राष्ट्रीय स्टेडियम की धीमी पिच पर बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। भारतीय टीम ने दूसरे और तीसरे मैच में क्रमशः 95 और 102 रन बनाए जबकि बांग्लादेश ने पहले मैच में 114 रन बनाए थे।

हरमनप्रीत ने कहा कि वनडे टी20 की तुलना में अलग तरह का खेल है और उसमें बल्लेबाजों को मुश्किल परिस्थितियों में अच्छा स्कोर बनाने के लिए धैर्य बरतना होता है। हरमनप्रीत ने पहले वनडे की पूर्व संध्या पर कहा," हम जहां भी जाते हैं वहां अच्छे और दोनों टीम के लिए अनुकूल विकेट पर खेलना चाहते हैं लेकिन जितना मुझे पता है कल फिर से हमें उसी पिच पर खेलना होगा। उम्मीद है कि अंतिम दो मैचों में हमें बल्लेबाजी के लिए बेहतर विकेट मिलेगा।"




उन्होंने कहा," एशियाई परिस्थितियों में विकेट धीमा हो सकता है। बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमें रन बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी और हम इसके लिए तैयार हैं।" बांग्लादेश श्रृंखला जीत सकती थी लेकिन दूसरे टी20 मैच में उसकी टीम 96 रन के लक्ष्य तक भी नहीं पहुंच पाई थी। बांग्लादेश ने तीसरे मैच में जीत दर्ज की जिससे उसकी टीम का मनोबल बढ़ा होगा। हरमनप्रीत को छोड़कर भारतीय टीम में लंबे शॉट खेलने वाली कोई खिलाड़ी नहीं है जिसका उसे टी20 श्रृंखला में खामियाजा भुगतना पड़ा। स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स जैसे खिलाड़ियों को वनडे में अपनी पारी संवारने के लिए अधिक समय मिलेगा।

## गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन चिंता का सबब, बुमराह की कमी खल रही है : म्हाम्ब्रे

रोसीयू, 15 जुलाई। भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने स्वीकार किया है कि गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन टीम प्रबंधन के लिये चिंता का सबब है , खासकर इस वर्ष के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए। म्हाम्ब्रे ने कहा कि पिछले कुछ समय में तेज गेंदबाजों के लगातार चोटिल होने के बाद टीम प्रबंधन इस पर विशेष तौर पर काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत को जसप्रीत बुमराह की कमी खली है और टीम के भीतर गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन पर लगातार बात होती रही है। उन्होंने कहा ," गेंदबाजों की चोटें और कार्यभार प्रबंधन चिंता का सबब है । पिछले डेढ़ साल में हमें बुमराह की कमी खूब खली। हमने यह तय नहीं किया है कि सफेद गेंद के प्रारूप में कौन खेलेगा और लाल गेंद में कौन लेकिन गेंदबाजों को विश्राम देने की जरूरत है।" उन्होंने कहा ," इससे हमें बेंच स्ट्रेंथ तैयार करने का भी मौका मिलता है। हमें गेंदबाजों की फिटनेस और कार्यभार प्रबंधन का ख्याल रखना होगा।" बुमराह सितंबर 2022 के बाद से कमर की चोट के कारण टीम से बाहर हैं। उन्होंने इस साल मार्च में आपरेशन कराया है।

## एशिया कप के चार से अधिक मैचों की मेजबानी चाहता है पाक

कराची, 15 जुलाई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) रविवार को दुबई में होने वाली एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की बैठक में पाकिस्तान में एशिया कप के चार से अधिक मैचों के आयोजन की मांग करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और पीसीबी सहित सभी हितधारकों ने एशिया कप के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' स्वीकार कर लिया था जिसके बाद एसीसी ने घोषणा की थी कि 31 अगस्त से 17 सितंबर के बीच खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के चार मैच पाकिस्तान में जबकि नौ मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे।

'हाइब्रिड मॉडल' का प्रस्ताव इसलिए रखा गया क्योंकि बीसीसीआई ने स्पष्ट कर दिया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों को देखते हुए वह अपनी टीम को पाकिस्तान नहीं भेजेगा। पीसीबी क्रिकेट समिति के नए अध्यक्ष जका अशरफ ने हालांकि इस सप्ताह के शुरू में आईसीसी बैठक के लिए डरबन में मौजूद एसीसी सदस्य बोर्ड के अधिकारियों के सामने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए थे। जब एशिया कप की तिथियों की घोषणा की गई तब अशरफ इस पद पर नहीं थे।

एशिया कप का अभी संपूर्ण कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है लेकिन पाकिस्तान को अधिक मैचों की मेजबानी मिलने की संभावना कम है। पीसीबी के सूत्रों ने कहा," पाकिस्तान एसीसी की बैठक में यह मुद्दा उठाएगा कि श्रीलंका में बारिश का मौसम होने के कारण पाकिस्तान को चार से अधिक मैचों की मेजबानी सौंपी जानी चाहिए।" एसीसी की बैठक में एशिया कप के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा। 'हाइब्रिड मॉडल' का प्रस्ताव पीसीबी की क्रिकेट प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नजम सेठी ने रखा था और इसे भारत सहित एसीसी के सदस्यों ने स्वीकार किया था। पीसीबी की क्रिकेट प्रबंधन समिति को बाद में भंग कर दिया गया था। भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले दोनों मैचों का आयोजन दांबुला में हो सकता है।

## स्वर्ण पदक जीतने के साथ पोडियम पर राष्ट्रीय गान सुनने का लक्ष्य : गायकवाड

रोसीयू, 15 जुलाई। एशियाई खेलों में भारतीय टीम की कप्तानी करने को लेकर उत्साहित रुतुराज गायकवाड़ ने कहा कि उनका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना होगा कि टीम स्वर्ण पदक के साथ पोडियम पर खड़ी रहे जिससे कि भारत का राष्ट्रगान बजे। एशियाई खेलों का आयोजन विश्व कप के साथ होगा ऐसे में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस महाद्वीपीय आयोजन के लिए दूसरे स्तर की टीम की घोषणा की है। एकदिवसीय विश्व कप पांच अक्टूबर से शुरू हो रहा है जबकि टी20 प्रारूप में खेला जाने वाले एशिया कप में पुरुष क्रिकेट का आयोजन 28 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होगा। बीसीसीआई द्वारा जारी वीडियो में गायकवाड़ ने कहा, " हमारा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतकर पोडियम में खड़े होकर राष्ट्रीय गान सुनना है।"

# एशियाई खेलों के लिये भारत की टी-20 टीम घोषित

मुंबई, 15 जुलाई। भारत ने 19 सितंबर से आठ अक्टूबर के बीच होने वाले 19वें एशियाई खेलों हांगझू के लिए अपनी पुरुष टी20 क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। रुतुराज गायकवाड़ को एशियाई खेल टी20 प्रतियोगिता के लिए भारतीय पुरुष टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। टीम में यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और जितेश शर्मा को जगह दी गयी है।

आईसीसी पुरुष क्रिकेट एकदिवसीय विश्व कप एशियाई खेलों के क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन से ठीक दो दिन पहले पांच अक्टूबर को भारत में शुरू होने वाला है, इसलिए बीसीसीआई ने हांगझू में दूसरी पंक्ति की पुरुष टीम उतारने का फैसला किया है। वेस्टइंडीज दौरे पर जाने वाले टी20 खिलाड़ियों में से छह को बरकरार रखा गया है जिनमें जयसवाल, तिलक, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार और अवेश खान शामिल हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी पावर-हिटिंग और फिनिशिंग क्षमताओं का प्रदर्शन करने वाले रिंकू सिंह को पहली बार टीम में शामिल किया गया है, जबकि जितेश शर्मा वेस्टइंडीज दौरे से बाहर होने के बाद टी20 टीम में लौट आए हैं। प्रभसिमरन सिंह टीम में दूसरा विकेटकीपिंग विकल्प हैं।

वाशिंगटन सुंदर और राहुल त्रिपाठी की भी टी20 टीम में वापसी हुई है। इसके साथ ही 2020 में भारत के लिये खेलने वाले ऑलराउंडर शिवम दुबे की भी वापसी हुयी है। इनके अलावा शाहबाज़ अहमद और शिवम मावी भी प्रतियोगिता के लिए नामित टीम में शामिल हैं। यश ठाकुर, साई किशोर, साई सुदर्शन के अलावा कैप्ड खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर और दीपक हुडा रिजर्व खिलाड़ियों के तौर पर रखे गये हैं।

आईसीसी रिव्यू के हालिया एपिसोड में बोलते हुए, रिकी पोंटिंग ने इंडियन प्रीमियर लीग में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद जयसवाल और गायकवाड़ दोनों की प्रशंसा की। पोंटिंग ने कहा जयसवाल का आईपीएल कुछ खास था। उन्होंने बस एक स्विच फ्लिक किया और रातों-रात सुपरस्टार बन गए। हर कोई जानता था कि वह एक प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी है, लेकिन इस साल के आईपीएल में मैंने जो देखा, उसमें हर तरह की प्रतिभा है। मैं रिकॉर्ड पर कह रहा हूं कि मुझे लगता है कि (रुतुराज) गायकवाड़ (जायसवाल के समान) हैं। मुझे लगता है कि वह अगले कुछ वर्षों में वास्तव में एक बहुत ही गंभीर टेस्ट मैच खिलाड़ी या सभी प्रारूपों के खिलाड़ी हो सकते हैं।

**टीमः** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, अवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)। स्टैंडबाय सूचीः यश ठाकुर, साई किशोर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुडा, साई सुदर्शन।


## कार्यालय पंचायत समिति मालपुरा-टोंक

क्रमांक-पसमा/लेखा/2023-24/1961 — दिनांक-13.07.2023

### निविदा सूचना संख्या 02 से 05/2023-24

पंचायत समिति क्षेत्र मालपुरा एवं अधीनस्था 38 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु निम्नांकित कार्यो हेतु पंजीकृत फर्मो/पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों/अधीकृत विक्रेताओं/उत्पादकों से ई निविदाऐं/मुहरबन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in अथवा कार्यालय पर देखा जा सकता हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ अपलोड/ प्राप्त करने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र डाउनलोड /अपलोड/ प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा शुल्क धरोहर राशि एवं प्रोसेसिंग शुल्क/मुहरबंद निविदा जमा करवाने की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | निविदा निविदा का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवीन हैण्डपम्प एण्ड ट्यूबवेल स्थापना कार्य | 90.00 लाख | 1.80 लाख रूपये | 1000 रूपये | 1500 रूपये | दिनांक 13.07.23 प्रात 10.00 बजे से | दिनांक 23.7.23 सायं 6.00 बजे तक | दिनांक 24.07.23 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 24.07.23 मध्यान्ह 02.00 बजे से | ई निविदा |
| 2 | राजीव गांधी सेवा केन्द्र भवनों पर सुरक्षा कार्य (39 अकुशल श्रमिक) | 38.00 लाख | 0.76 लाख रूपये | 1000 रूपये | 500 रूपये | दिनांक 13.07.23 प्रातः 10.00 बजे से | दिनांक 23.07.23 प्रातः 6.00 बजे तक | दिनांक 24.07.23 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 24.07.23 मध्यान्ह 02.00 बजे से | ई निविदा |
| 3 | कार्यालय में आयकर रिटर्न एवं जीएसटी रिटर्न सम्बन्धी कार्य | 2.00 लाख | 0.04 लाख रूपये | 500 रूपये | -- | दिनांक 13.07.23 प्रात 10.00 बजे से | दिनांक 19.07.23 सायं 5.00 बजे तक | दिनांक 20.07.23 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 20.07.23 मध्यान्ह 02.00 बजे से | मुहरबंद निविदा |
| 4 | कार्यालय में उच्च कुशल कम्प्युटर ऑपरेटर विथ मशीन (4) | 5.00 लाख | 0.10 लाख रूपये | 500 रूपये | -- | दिनांक 13.07.23 प्रात 10.00 बजे से | दिनांक 19.07.23 सायं 6.00 बजे तक | दिनांक 20.07.23 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 20.07.23 मध्यान्ह 02.00 बजे से | मुहरबंद निविदा |

**NIB code-ZTN2324A0219 TO ZTN2324A0222**
**UBN Code-ZTN2324SLOB00321, ZTN2324SLRC00320, ZTN2324SSRL00318, ZTN2324SSRL00319**

विकास अधिकारी
पंचायत समिति मालपुरा

# राजस्थान घुमन्तु जाति कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष 18.50 लाख रू. की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## एसीबी ने पिछले दो दिन में जयपुर और सीकर में कार्रवाई कर पूर्व अध्यक्ष केसावत सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया

जयपुर, 15 जुलाई (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ए.सी.बी.) की टीम ने पिछले दो दिनों में सीकर और जयपुर में कार्रवाई करते हुये राजस्थान घुमन्तु जाति कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष गोपाल केसावत, अनिल कुमार धरेन्द्र, ब्रह्मप्रकाश, रविन्द्र शर्मा को 18 लाख 50 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि ए.सी.बी. की सीकर इकाई को राजगढ़ निवासी परिवादी ने शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने ए.सी.बी. को बताया कि, राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अधिशासी अधिकारी (ई.ओ.) भर्ती परीक्षा में पास करवाने तथा ओ.एम.आर. शीट बदलवाने के नाम पर राज्य घुमन्तु जाति कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष गोपाल केसावत तथा तीन प्राइवेट व्यक्ति अनिल कुमार धरेन्द्र, ब्रह्मप्रकाश, रविन्द्र शर्मा 40 लाख रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं।

इस पर ए.सी.बी., जयपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक कालूराम रावत के सुपरवीजन में ए.सी.बी. सीकर इकाई के पुलिस उपाधीक्षक राजेश जांगिड़ के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया। इस दौरान आरोपियों द्वारा 25 लाख रुपये रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इस पर ए.सी.बी. की टीम ने शुक्रवार को सीकर में अनिल कुमार धरेन्द्र पुत्र सत्यनारायण निवासी हनुमानगढ़ टाउन एवं ब्रह्मप्रकाश पुत्र देवदा शर्मा निवासी दिल्ली को परिवादी से 18 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। ए.सी.बी. ने मामले और लोगों के लिप्त होने के मद्देनजर इस पूरी कार्रवाई को गोपनीय रखा। पूछताछ में सामने आया कि, यह रकम आगे जयपुर जानी है। उसी दिन देर रात एक बजे सीकर में रविन्द्र शर्मा पुत्र बलराम निवासी टिब्बी, हनुमानगढ़ को हाईवे पर 7 लाख 50 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। वहीं इनसे पूछताछ के बाद शनिवार को जयपुर में आरोपी राज्य घुमन्तु जाति कल्याण बोर्ड का पूर्व अध्यक्ष गोपाल केसावत पुत्र हरचंदा निवासी कुंभा मार्ग, प्रतापनगर, जयपुर को परिवादी से 7 लाख 50 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया गया।

- आरोपियों ने आर.पी.एस.सी. की अधिशासी अधिकारी भर्ती परीक्षा में पास करवाने व ओ.एम.आर. शीट बदलवाने के लिए 25 लाख रुपए में सौदा किया था।
- आरोपियों के आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी चल रही है।



ए.सी.बी की टीम ने 18.5 लाख रुपये की रिश्वत के मामले में राजस्थान घुमंतु जाति कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष गोपाल केसावत सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

ए.सी.बी. के पुलिस महानिरीक्षक सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ जारी है। प्रारम्भिक पूछताछ में पता चला कि आरोपियों में एक जयपुर सचिवालय का रिटायर्ड कर्मचारी है। उसका यहां आना जाना है।

इसी दौरान परिवादी की उससे मुलाकात हुई थी। ए.सी.बी. के अनुसार आरोपियों से अभी तक की पूछताछ में मामले में आर.पी.एस.सी. के किसी सदस्य, अधिकारी व कर्मचारी की संलिप्तता सामने नहीं आई है। परिवादी केसावत सहित चारों आरोपियों के आवास और अन्य ठिकानों पर अभी ए.सी.बी. की टीम सर्च कर रही है। ए.सी.बी. द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

# भारत और यू.ए.ई. अब अपनी मुद्रा, रुपया और दिरहम में आपसी कारोबार करेंगे

## प्र.मंत्री मोदी व यू.ए.ई. के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की बैठक में दोनों देशों के बीच आपसी मुद्रा में कारोबार करने पर पूर्ण सहमति बनी

- इसके अलावा, आई.आई.टी. दिल्ली का एक कैम्पस अबू धाबी में खोलने के बारे में भी समझौता हुआ है।
- बैठक खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, भारत और यू.ए.ई. के बीच व्यापार, पिछले साल मई में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता लागू होने के बाद से करीब 20 प्रतिशत बढ़ चुका है।

नई दिल्ली, 15 जुलाई। प्रधानमंत्री मोदी के युनाइटेड अरब अमारेट्स (यू.ए.ई.) के दौरे पर कई अहम डील हुई हैं। इनमें कारोबारी लेन-देन अपनी मुद्राओं में शुरू करने और भारत की एकीकृत भुगतान प्रणाली यू.पी.आई. को यू.ए.ई. के तत्काल भुगतान मंच आई.पी.पी. से जोड़ने पर शनिवार को सहमति बनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यहां यू.ए.ई. के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ हुई व्यापक बातचीत के दौरान इन दोनों मुद्दों पर सहमति जताई गई। इसके अलावा आई.आई.टी. दिल्ली का एक कैंपस अबू धाबी में खोलने के बारे में भी समझौता हुआ है।

बैठक खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और यू.ए.ई. के बीच व्यापार पिछले साल मई में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता लागू होने के बाद से करीब 20 प्रतिशत बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि भारत और यू.ए.ई. के बीच स्थानीय मुद्राओं में कारोबारी लेन-देन शुरू करने का समझौता दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग और आपसी विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से द्विपक्षीय कारोबार एवं निवेश को मजबूती मिलेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मिलना हमेशा खुशी की बात है। विकास के लिए उनकी ऊर्जा और दृष्टिकोण सराहनीय है। हमने सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों सहित भारत-यू.ए.ई. संबंधों से जुड़े सभी विषयों पर चर्चा की।

मोदी ने कहा कि उन्हें शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से हमेशा भाई का प्यार मिला। उन्होंने यू.ए.ई. के राष्ट्रपति से कहा कि जिस तरह से हमारे देशों के बीच संबंधों का विस्तार हुआ है, उसमें आपका बहुत बड़ा योगदान है। भारत का हर व्यक्ति आपको एक सच्चे दोस्त के रूप में देखता है। दोनों देशों के केंद्रीय बैंकों के बीच हुए समझौते के तहत दोनों देशों की मुद्राओं रुपये और यू.ए.ई. दिरहम में कारोबारी लेन-देन किए जा सकेंगे।

इस समझौते पर भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई.) के गवर्नर शक्तिकांत दास और यू.ए.ई. सेंट्रल बैंक के गवर्नर खालेद मोहम्मद बलामा ने दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। आधिकारिक वक्तव्य के मुताबिक, दोनों देशों के केंद्रीय बैंक रुपये और दिरहम का कारोबारी लेन-देन में इस्तेमाल बढ़ाने के लिए एक ढांचा खड़ा करेंगे।

इसके साथ ही वे दोनों देशों की भुगतान प्रणालियों यू.पी.आई. और आई.पी.पी. को एक-दूसरे से जोड़ने के लिए सहयोग करेंगे। इससे भारतीय रुपये और यू.ए.ई. दिरहम दोनों को लाभ होगा। आर.बी.आई. ने एक बयान में कहा कि समझौता ज्ञापन में चालू खातों के सारे लेन-देन और स्वीकृत पूंजी खाता लेन-देन भी शामिल हैं।

## 489 दिन जेल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है कि लड़के की माँ एवं मामा की मौजूदगी में एक मंदिर में उनकी शादी हो गई थी तथा वे पति-पत्नी के रुप में रहने लगे थे। लेकिन, उसके बाद प्रेम में कटुता आ गई। लड़के पर प्रीवेंशन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेन्सेज (पी.ओ.सी.एस.ओ.- पोक्सो) एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत अपहरण एवं बलात्कार के आरोप लगाये गये हैं।

उसे एक वयस्क के रुप में 489 दिन जेल में रखा गया तथा बाद में 242 दिन से अधिक समय तक किशोर अपराधी गृह में रखा गया। शुक्रवार (14 जुलाई) को सर्वोच्च न्यायालय ने उसकी करीब दो साल की कड़ी परीक्षा की समाप्त कर दी तथा उसे जमानत दे दी। यह जमानत ट्रायल कोर्ट द्वारा निर्धारित उचित शर्तों के तहत दी गई है। उसके परिवार ने एक सत्र न्यायालय में एक अर्जी लगाकर अनुरोध किया था कि उसे बाल-निरीक्षण गृह में रखा जाये। अन्त में, करीब एक साल बाद अदालत ने उसे किशोर अपराधी गृह में भेज दिया था। इस जगह वह करीब 8 महीने रहा। जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड तथा एक हाई कोर्ट ने उसकी रिहाई के लिये उसके परिवार द्वारा किये गये प्रयासों पर पानी फेर दिया था।

अन्त में यह लड़का, एडवोकेट नमित सक्सेना के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा तथा राजस्थान उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी, जिसने इस साल अप्रैल में इस लड़के का क्रिमिनल रिविजन पिटिशन खारिज कर दी थी सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस ए.एस. बोपन्ना और सुधांशू धूलिया की बैंच ने शुक्रवार को उसे जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए।

# लड़ाकू विमानों के इंजन व स्कॉर्पिन पनडुब्बियां बनाने में मदद देगा फ्रांस

- फ्रांस लड़ाकू विमानों व हैलिकॉप्टरों के इंजन बनाने की टैक्नॉलजी भारत के साथ साझा करने व भारत में ही इनके निर्माण के लिए समग्र मदद करने के लिए तैयार हुआ।
- प्रधानमंत्री मोदी की ऐतिहासिक फ्रांस यात्रा सम्पन्न होने से पहले भारत और फ्रांस दोनों ने मिलकर आपसी संबंधों का, अगले 25 वर्षों का विज़न पेश किया।

पेरिस, 15 जुलाई (वार्ता)। भारत और फ्रांस ने अपनी रणनीतिक साझीदारी की 25वीं वर्षगांठ पर अपने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को अभूतपूर्व ऊंचाई देते हुए लड़ाकू विमानों के इंजन, स्कॉर्पीन पनडुब्बी एवं भारी मालवाहक हेलीकॉप्टर के इंजन के विकास एवं सह-उत्पादन के करार करने के साथ ही एक दीर्घकालिक रक्षा औद्योगिक सहयोग का रोडमैप बनाने की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस की ऐतिहासिक यात्रा के संपन्न होने पर दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझीदारी को अगले 25 वर्षों तक विस्तार देने के रोडमैप क्षितिज 2047: भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ, भारत-फ्रांस संबंधों की एक सदी की ओर से यह घोषणा की गयी। इस संयुक्त दस्तावेज में कहा गया है कि भारत-फ्रांस साझीदारी की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर दोनों देश 2047 तक द्विपक्षीय संबंधों की दिशा तय करने के लिए एक रोडमैप अपनाने पर सहमत हुए, जो भारत की स्वतंत्रता की शताब्दी, दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की शताब्दी और रणनीतिक साझीदारी की स्वर्ण जयंती वर्ष का जश्न मनाएगा।

भारत और फ्रांस अन्तर्राष्ट्रीय शांति और स्थिरता के हित में एक साथ काम करने का इरादा रखते हैं और भारत-प्रशांत और उससे आगे एक नियम-आधारित व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। वे अपने-अपने संप्रभु और रणनीतिक हितों के अनुरूप, समान लोगों के बीच साझेदारी के ढांचे के भीतर काम करने के लिए सहमत हैं, जैसा उन्होंने 1998 से किया है।

इस संयुक्त दस्तावेज में 'सुरक्षा और संप्रभुता के लिए साझीदारी: संप्रभु रक्षा क्षमताओं का साझा निर्माण' विषय में सामरिक सहयोग को रेखांकित किया गया है। दस्तावेज में कहा गया, भारत में आत्मनिर्भर रक्षा औद्योगिक एवं तकनीकी आधार विकसित करने में फ्रांस भारत के प्रमुख भागीदारों में से एक है। भारत और फ्रांस तीसरे देशों के लाभ सहित उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों के सह-विकास और सह-उत्पादन में सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

दस्तावेज में कहा गया कि पांच दशकों से अधिक समय से सैन्य उड्डयन में अपने उत्कृष्ट सहयोग के अनुरूप, भारत और फ्रांस भारत द्वारा ऑर्डर किए गए 36 राफेल की समय पर डिलीवरी का स्वागत करते हैं। भविष्य में, भारत और फ्रांस लड़ाकू विमान इंजन को संयुक्त रूप से विकसित करके उन्नत वैधानिक प्रौद्योगिकियों में अपने रक्षा सहयोग का अभूतपूर्व विस्तार करेंगे। दोनों पक्ष भारतीय मल्टीरोल हेलीकॉप्टर (आई.एम.आर.एच.) कार्यक्रम के तहत भारी-लिफ्ट हेलीकॉप्टरों में मोटर लगाने के लिए सफ्रान हेलीकॉप्टर इंजन, फ्रांस के साथ औद्योगिक सहयोग के पक्षधर हैं। आई.एम.आर.एच. कार्यक्रम में इंजन विकास के लिए, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एच.ए.एल.) और सफ्रान हेलीकॉप्टर इंजन, फ्रांस के बीच साझीदारी का एक समझौता संपन्न हुआ है।दस्तावेज के अनुसार आपसी विश्वास पर आधारित इस रक्षा औद्योगिक साझीदारी के अन्य उदाहरणों में शक्ति इंजन के लिए फोर्जिंग और कास्टिंग की प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के लिए भी सफ्रान हेलीकॉप्टर इंजन और एच.ए.एल. के बीच अनुबंध हुआ है।

## अभिषेक बच्चन लोकसभा चुनाव लड़ेंगे?

नई दिल्ली, 15 जुलाई। बॉलीवुड अभिनेता और सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन के बेटे अभिषेक बच्चन को लेकर प्रयागराज में अचानक चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।

ये चर्चाएं उनकी अगली पारी को लेकर हैं। कहा जा रहा है अभिषेक 2024 के चुनावी रण में प्रयागराज की धरती पर ताल ठोंक सकते हैं।

याद दिला दें कि 1984 में अमिताभ बच्चन ने भी इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था। उस चुनाव में अमिताभ ने पूर्व मुख्यमंत्री और दिग्गज नेता हेमवती नंदन बहुगुणा को हराकर इतिहास रच दिया था।

## राहुल ने मानहानि ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के तुरन्त बाद, 24 मार्च, 2023 को उन्हें संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। गांधी की सजा पर "स्टे" मिलने से उन्हें लोकसभा सांसद के रूप में उनकी बहाली का रास्ता साफ हो सकता है। लेकिन उन्हें न तो सत्र न्यायालय से कोई राहत मिली है और न गुजरात उच्च न्यायालय से। राहुल गांधी के खिलाफ कुल 10 केस विचाराधीन हैं। उनके खिलाफ पुणे की अदालत में वीर सावरकर के पौत्र ने भी एक केस दायर कर रखा है। यह केस राहुल गांधी द्वारा इंग्लैंड के केम्ब्रिज विश्वविद्यालय में वीर सावरकर के लिये प्रयुक्त शब्दों को लेकर किया गया है।

## विपक्ष की बैंगलोर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

से गढी गई कुमार की छवि का पूरा पूरा लाभ लिया जाये। बिहार महागठबन्धन के नेताओं का कहना है कि उनके राजनीति प्रभाव में थोडी बहुत कमी आ जाने के बावजूद, नीतीश कुमार, भाजपा नेताओं की कार्यशैली की बेहतर समझ रखने के कारण, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ सर्वाधिक उपयोगी नेता के रूप में हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पूर्वी क्षेत्र में रीजनल कोऑडिनेटर और दिल्ली के मुख्यमंत्री को दिल्ली, हरियाणा और पंजाब की जिम्मेदारी दी जा सकती हैं।

एजेंडा में अगले वर्ष आम चुनावों में भाजपा के सामने एक साझा उम्मीदवार खड़ा करने की रणनीति का ब्लूप्रिन्ट तैयार करना भी शामिल है।

अगर यह योजना बन गई तो इससे सबसे ज्यादा कांग्रेस को फायदा होगा क्योंकि 188 सीटों पर भाजपा का कांग्रेस से सीधा मुकाबला है। वर्ष 2019 में विपक्ष के वोट बंटने की वजह से भाजपा ने इन सीटों पर कांग्रेस का हरा दिया था।

वन-टू-वन रणनीति का पहला टैस्ट करने के लिए कांग्रेस नेता राजस्थान मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ के विधान सभा चुनावों में यह नीति लागू करने पर जोर दे सकते हैं, जहां कांग्रेस भाजपा में सीधी टक्कर हैं।

पटना सम्मेलन की तुलना में इस सम्मेलन में के.डी.एम.के. तथा एम.डी.एम.के. सहित 8 अन्य क्षेत्रीय दलों को भी निमंत्रण दिया गया है।

ये दोनों पार्टियां वर्ष 2014 में एन.डी.ए. मं थी। बैंगलूर सम्मेलन में सोनिया गाधी की मौजूदगी से विपक्षी एकता को बल मिलेगा क्योंकि उनके विपक्ष के कई नेताओं से सौहाद्रपूर्ण सम्बन्ध हैं।

## हाइटैंशन लाइन की चपेट में आए कांवड़िये, 5 की मौत

मेरठ, 15 जुलाई। यू.पी. के मेरठ में भावनपुर के राली चौहान गांव में शनिवार रात करीब 8.30 बजे दर्दनाक हादसे से कोहराम मच गया। कांवड़ और उसके साथ चल रहा साउंड सिस्टम 11 हजार के.वी. की बिजली लाइन की चपेट में आ गया और उसमें सवार तमाम लोग करंट से झुलस गए। 20 घायलों को आनन-फानन में आसपास के अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज भेजा गया। हादसे में दो भाइयों समेत 5 लोगों की मौत हो गई। सूचना पर ए.डी.जी., आईजी और डीएम-एस.एस.पी. भी मौके पर पहुँचे। वहीं, इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर हंगामा करते हुए जाम लगा दिया और बिजली विभाग के कर्मचारियों पर मुकदमे की मांग की। राली चौहान गांव निवासी संजू और प्रदीप अपने साथियों के साथ शनिवार रात कांवड़ लेकर हरिद्वार से गांव पहुंचे। गांव से बाहर मेरठ-किला मार्ग पर कांवड़ देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा थी।

# मोदी शासनकाल में इसरो के मिशनों की संख्या में भारी वृद्धि हुई

## मोदी के कार्यकाल में 47 मिशन लॉन्च हो चुके हैं तथा मनमोहन सिंह सरकार में 24 मिशन लॉन्च हुये थे

- अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान छः और पी.वी. नरसिम्हा राव सरकार के दौरान पांच मिशन लॉन्च हुए थे। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि, मोदी सरकार ने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में काफी प्रगति की है।

नई दिल्ली, 15 जुलाई। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) ने शुक्रवार (14 जुलाई) को श्रीहरिकोटा से एल.वी.एम.3-एम 4 रॉकेट के जरिए अपने तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान 3 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। 23 अगस्त को अगर इसकी सॉफ्ट लैंडिंग होती है तो संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत इसे हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। इसके साथ ही मोदी सरकार के नाम एक और नया रिकॉर्ड होगा।

मोदी सरकार की बात करें तो इसरो ने इस सरकार में अब 47 मिशनों को लॉन्च किया है। इसकी तुलना में इसरो ने मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान 24, अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान छह और पी.वी. नरसिम्हा राव सरकार के दौरान पांच मिशन को लॉन्च किया था। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि मोदी सरकार ने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में काफी प्रगति की है।

भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम 1962 में जवाहरलाल नेहरू सरकार द्वारा अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए भारतीय राष्ट्रीय समिति की स्थापना के साथ शुरू किया गया था, जो सात साल बाद इंदिरा गांधी शासन के दौरान इसरो बन गया। पिछले नौ वर्षों की बात करें तो इसरो द्वारा किए गए 47 लॉन्च मिशनों में से केवल तीन उपग्रह अपनी कक्षाओं में स्थापित नहीं होने में विफल रहे। जबकि 22 जुलाई, 2019 को लॉन्च किए गए चंद्रयान 2 मिशन ने सफलतापूर्वक उड़ान भरी और चंद्रमा के चारों ओर एक ऑर्बिटर स्थापित किया, लेकिन यह चंद्रमा की सतह पर नरम लैंडिंग के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सका। अंतरिक्ष मिशनों की गति में तेजी का श्रेय अंतरिक्ष विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री, जितेंद्र सिंह मोदी सरकार को दिया है उन्होंने कहा है कि, मोदी सरकार ने अंतिरक्ष मिशन को लेकर अधिक संसाधन और एक मजबूत नीति, परिवेश प्रदान किया।

## 'चुनाव पंचायत का था...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बड़ी भूमिका की खातिर, कुछ लोगों के शव कोई मायने नहीं रखते हैं। इन ग्रामीण चुनावों में अब तक करीब 50 लोगों की बलि दी जा चुकी है और यह संख्या रोजाना बढ़ती जा रही है। अब भी, जबकि चुनाव समाप्त हो चुके हैं, पूरे राज्य से लोगों के मरने तथा उनकी हत्याओं की रिपोर्ट आ रही हैं। अपनी जीत को पार्टी की निर्णायक जीत के रुप में प्रस्तुत करते हुये, वे विपक्षी दलों के विजेताओं पर अपनी पार्टी छोड़कर, तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के लिये दबाव बना रही हैं। बहुत से क्षेत्रों में, जीते हुये उम्मीदवारों तथा उनके परिवारों पर अपनी पार्टियाँ छोड़ने के लिये जबरदस्त दबाव डाला जा रहा है।

ऐसी रिपोर्ट चर्चा में हैं कि अन्य पार्टियों के विजेता उम्मीदवारों को तृणमूल में शामिल होने के लिये भारी-भरकम धनराशि की पेशकश की जा रही है। यही नहीं, भाजपा के कुछ पदाधिकारियों तक को रिश्वत दी जा रही है कि वे अपने लोगों का तृणमूल कांग्रेस में लायें। विपक्षी दलों के कुछ विजयी उम्मीदवार तो तृणमूल गाड़ी में सवार भी हो गये हैं।

एक मामला तो ऐसा बताया जा रहा है कि विजयी उम्मीदवार के बेटे का अपहरण कर लिया गया था। वह विजयी उम्मीदवार, जो किसी विपक्षी दल के सदस्य के रुप में मतगणना कक्ष के अंदर गया था, तृणमूल के विजेता के रुप में बाहर निकला था। विपक्षी दल अब अपने विजयी उम्मीदवारों को ऐसे सुरक्षित मकानों में रखने के लिये कड़ी मेहनत कर रहे हैं, जहाँ तक तृणमूल के कर्ताधर्ताओं के लम्बे हाथ नहीं पहुंच सकें।

ममता बनर्जी के व्यक्तित्व के कुछ मजबूत पक्ष भी हैं। वे दुर्दमनीय हैं तथा प्रतिकूल परिस्थिति में संघर्ष करना उन्हें प्रिय है। वे राष्ट्रीय राजनीति में अपना स्थान सुनिश्चित करने के लिये संघर्षरत रहेंगी। राष्ट्रीय राजनीति में अपनी जगह बनाना उनकी भूल एलं अपरिवर्तनीय आकांक्षा है। लेकिन क्या उनकी कोशिश सफल होगी?

## दुष्कर्म व हत्या...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बैठा रहा। पिता के कहने पर बच्ची शोरूम के नल से पानी लेने चली गई तो किशोर भी वहां से निकल गया। काफी देर तक जब बच्ची वापस नहीं आई तो उसकी माँ उसे ढूंढने लगी, लेकिन वो नहीं मिली। इस दौरान किशोर भी वहां आ गया और बोला कि, बच्ची को बाड़ा बाड़ा में देखकर आओ। जब परिजनों ने वहां जाकर देखा तो बच्ची को निर्वस्त्र अवस्था में मृत पाया। उसका गला कटा हुआ था। बच्ची के पिता ने आमेर थाने में किशोर पर शक जाहिर करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई।

जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने किशोर को निरुद्ध कर उसकी मानसिक व शारीरिक क्षमता की जांच करने के बाद बाल न्यायालय के समक्ष आरोप पत्र पेश किया। बाद में बाल न्यायालय ने किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के प्रावधानों की परिधि में उसका वयस्क की तरह ट्रायल करने के लिए मामला सामान्य कोर्ट में भेज दिया। जहां अदालत ने किशोर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

# राहुल गांधी ने एक बार...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बराबर करने के लिए अमेरिका से यूरोप तक विदेशी शक्तियों की ओर झुक रहे हैं और भारत के हितों का नाश करने वाले वैश्विक सिंडीकेटों से मिले हुए हैं।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राफेल मुद्दा सुप्रीम कोर्ट ने बहुत पहले निपटा दिया था और राहुल को संवैधानिक संस्थाओं पर शक जताना बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल ने कुछ गलत टिप्पणी के लिए सर्वोच्च न्यायालय से माफी मांगी थी। कोर्ट ने उन्हें जिम्मेवार रहने को कहा मगर वे और जिम्मेवारी साथ-साथ नहीं चल सकते।

भाटिया ने कहा, "यह शर्मनाक है कि जब प्रधानमंत्री का फ्रांस में सम्मान हो रहा है तो कुछ लोग छाती पीट रहे हैं।

भाजपा आई.टी. विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने हमला जारी रखते हुए यूरोपीय संसद की टिप्पणियों को राहुल की मणिपुर यात्रा से जोड़ा और कहा, "यह संयोग नहीं हो सकता कि राहुल की मणिपुर यात्रा के बाद ही यूरोपीय संसद ने मणिपुर हिंसा पर अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर चर्चा का प्रस्ताव रखा।" मालवीय ने राहुल पर आरोप लगाया कि वे मणिपुर के दुर्भाग्यपूर्ण विवाद का राजनीतिकरण कर रहे हैं।

मालवीय ने कहा, "यह स्पष्ट है कि राहुल गांधी घरेलू राजनैतिक हिसाब बराबर के लिए अमेरिका से यूरोप तक विदेशी शक्तियों का साहरा ले रहे हैं। वे भारत के रणनीतिक और भौगोलिक-राजनैतिक हितों को नुकसान पहुंचाने वाले वैश्विक सिंडीकेटों से मिले हुए हैं।

कांग्रेस के हमले की कमान जयराम रमेश ने संभाली, जिन्होंने मणिपुर मामले पर सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, जनवरी 1977 में येल विश्वविद्यालय के विख्यात अर्थशास्त्री रिचर्ड नैल्सन ने एक प्रभावशाली लेख "द मून एण्ड द घेटो" प्रकाशित किया था जो छात्रों में बहुत लोकप्रिय हुआ। नैल्सन प्रश्न करते हैं कि तकनीकी रूप से अति सक्षम अमेरिका चंद्रमा पर इंसान भेज देता है लेकिन अपनी घरेलू समस्याएं हल नहीं कर सकता, विशेषकर भीतरी शहरों में। यह एक बहुत विचारणीय विश्लेषण हैं जिसका हमसे भी संबंध है।

रमेश ने कहा, "हम चांद पर जा सकते हैं लेकिन देश में लोगों की समस्याएं हल करने के इच्छुक नहीं हैं। नैल्सन के लेख का भारतीय संस्करण हो सकता है द मून एंड मणिपुर।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने स्मृति ईरानी पर वार करते हुए कहा, "मंत्री स्मृति ईरानी से कहा कि वे इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री से बुलवाएं। प्रधानमंत्री पूरी दुनिया में घूम रहे हैं लेकिन मणिपुर पर एक मिनट भी बात नहीं करते।

## गूगल का अनुमान...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दिए जाएंगे।

लेकिन यह गठबंधन विवाद रहित नहीं है। इन "इन्फ्लुएंसर्स" की सार्वजनिक संवाद की घटिया संस्कृति है कि सरकार के साथ इनके गठबंधन के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। यह ज्यादा चिंताजनक है क्योंकि सामग्री तैयार करने वालों तथा ऑनलाइन पत्रकारों के बीच अंतर घटता जा रहा है।

जनवरी 2023 में सरकार न सोशल मीडिया "इन्फ्लुएंसर्स" के लिए अनिवार्य कर दिया था कि वे ब्रांड्स से मिलने वो भौतिक लाभों की घोषणा करे जैसे होटल में ठहरना आदि। मिलने वाले भौतिक लाभ घोषित करेंगे, होटल में ठहरने सहित। न्यूज़लाँड्री की कार्यकारी संपादक सुश्री मनीषा पांडे ने कहा, क्योंकि "यह किसी ब्रांड को प्रोत्साहित करने के समान है, केवल यहां ब्रांड सरकार है।"

हालांकि इन्फ्लुएंसर्स स्वयं को पूरी तरह पत्रकार न मानें लेकिन उनके द्वारा समाचार के नाम पर जो सामग्री परोसी जा रही है उसकी दर्शकों को ज्यादा पड़ताल करने की आवश्यकता है।

कुछ पत्रकारों को छोड़कर बाकी इन्फ्लुएंसर्स को पत्रकारिता का अनुभव नहीं है और ना ही वे प्रशिक्षित है।

सुश्री पांडे ने स्ट्रेट्स टाइम्स को कहा, "ये लोग हर चीज़ को केवल सामग्री के रूप में लिखते हैं और ज्यादा से ज्यादा दर्शक और विज्ञापन के पैसे के पीछे रहते हैं। राजनैतिक पार्टियों ने भी बहुत सावधानी से सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से संपर्क साधा है जो उनके मत को मानते हैं और उनके नेताओं को ज्यादा से ज्यादा जनता के सामने आने का मौका देते हैं लेकिन मीडिया में प्रमुखता से आने वाले मुद्दों पर सवाल नहीं पूछते। सोशल मीडिया पर सक्रिय कई युवा पत्रकार के इंटरव्यू और जनसंपर्क के लिए ऑनलाइन लिखी गई सामग्री में फर्क ही नहीं समझते और इसे समझाना "जिम्मेवार मीडिया" का काम है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908